**भोपाल**

बुधवार, 25 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 12, अंक : 326
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 30
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


किसानों के लिए सौगातों की बौछार, सीएम ने कहा- हम जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं

## एमएसपी के अतिरिक्त उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस को मंजूरी



*10 हजार 500 करोड़ रुपए की 5 योजनाओं की निरंतरता को मंजूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट की विधानसभा की समिति कक्ष में हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों के हितों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष के तहत लिए गए इन फैसलों के साथ ही अगली कैबिनेट की बैठक जनजातीय क्षेत्रों में की जाएगी। उन्होंने सदन में भी कैबिनेट में लिए गए निर्णयों की जानकारी सदस्यों को दी। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में यह निर्णय भी लिया

किसान कल्याण वर्ष में कृषकों के लिए लगभग 10 हजार 500 करोड़ रु.की 5 योजनाओं की निरंतरता को मंजूरी, पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 2,014 करोड़ 83 लाख की ▶▶ शेष पेज 6 पर
▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

सेवातीर्थ में पहली कैबिनेट मीटिंग, कई बड़े फैसलों पर लगाई मुहर

# केरल का नाम अब 'केरलम', तीन डबलिंग प्रोजेक्ट में जबलपुर-गोंदिया रूट भी शामिल

जबलपुर गोंदिया डबलिंग में कुल 5236 करोड़ रु का खर्च होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को नए पीएमओ भवन 'सेवातीर्थ' में पहली कैबिनेट बैठक का आयोजन हुआ। मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने का फैसला किया। कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा। केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है। हिंदी और दूसरी भाषाओं में इसे केरल कहा जाता है। नाम बदलने का उद्देश्य केरल राज्य की पहचान, भाषा, संस्कृति और विकास को बढ़ावा देना है। मलयालम ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जबलपुर गोंदिया डबलिंग रूट इन क्षेत्रों से गुजरेगा

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड के आठ जिलों के लिए तीन मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट अप्रूव किए हैं। जबलपुर गोंदिया रेल रूट इसमें सबसे खास है, जो मध्य प्रदेश के जबलपुर शहर से महाराष्ट्र के गोंदिया जिले तक कनेक्ट होगा। मंडला, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर और कई आदिवासी क्षेत्र भी इससे जुड़ेंगे। विशेष तौर पर मंडला, सिवनी जुड़ने से ये कई नेशनल पार्क व वाइल्ड लाइफ एरिया के पास से होकर गुजरेगा। ऐसे में इनके लिए 450 करोड़ रु. का अलग प्रावधान किया गया है। डबलिंग होने से इसका फायदा पूरे देश को मिलेगा क्योंकि यह गोंदिया और इटारसी में मुंबई-हावड़ा के हाई डेंसिटी नेटवर्क से जुड़ेगा, साथ ही जबलपुर में वाराणसी हाई डेंसिटी नेटवर्क से जुड़ेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी















राजधानी भोपाल की कांग्रेस की किसान महाचौपाल में केंद्र पर जमकर बरसे राहुल

# ट्रंप का दावा था कि पीएम ने फोन पर डील 'साइन' करने का किया था वादा

*राहुल ने कहा कि सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा*

दोपहर 3:20 से 3 बजकर 45 मिनट तक कुल 25 मिनट बोले राहुल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एपस्टीन और अडाणी केस का दबाव था इसलिए उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को फोन कर डील पर हस्ताक्षर करने का वादा कर दिया। ऐसा करने से पहले उन्होंने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से चर्चा भी नहीं की। उन्होंने कहा कि यदि मोदी दबाव में न होते तो यह डील कभी नहीं करते, क्योंकि इसके जरिए देश के हितों को अमेरिका के हाथों बेच दिया गया। राहुल मंगलवार को भोपाल के जवाहर चौक में आयोजित किसान महाचौपाल को संबोधित ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

डील के खिलाफ देश भर में अभियान की शुरुआत भोपाल से की गई



### राहुल ने कहा

- ▶▶ एपस्टीन-अडाणी केस के कारण प्रधानमंत्री मोदी पर था दबाव
- ▶▶ बिना मंत्रिमंडल सलाह फोन पर कर दिया ट्रंप से डील का वादा
- ▶▶ दम है तो आप डील को रद्द करके दिखा दीजिए
- ▶▶ पीएम ने पूरा डेटा अमेरिका के हवाले कर दिया

### डील से भारत को कोई फायदा नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा ▶▶ शेष पेज 6 पर


राहुल गांधी

### सरकार अमेरिकी दबाव में फैसले ले रही : खरगे

किसान महाचौपाल में शामिल होने आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा सरकारों ने नाम बदलने का अभियान ▶▶ शेष पेज 6 पर


मल्लिकार्जुन

### यूथ कांग्रेस चीफ उदय भानु को चार दिन की कस्टडी

राहुल बोले- अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व

**नई दिल्ली।** भारतीय यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को पूछताछ के लिए बुलाया था, इसी के बाद उन्हें अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस ने उन्हें दिल्ली की अदालत में पेश किया। पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने चिब को शर्टलेस प्रोटेस्ट का मास्टरमाइंड बताया था। उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लिखा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट हमारी ऐतिहासिक ▶▶ शेष पेज 6 पर


उदय भानु

सीएम ने राहुल गांधी से पूछे तीन सवाल

## रबी और खरीफ में कौन सी फसलें, मप्र में दलहन की कौन सी फसलें?

*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी पीएम से पूछे तीन सावाल*


उमंग सिंघार | डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से तीन सवाल किए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से कहा कि आप मेरी ओर से राहुल गांधी से तीन सवाल पूछ लें। रवि, खरीफ में कौन सी फसलें होती हैं, मप्र में दलहन की कौन सी फसल होती है। तिलहन मप्र के किन क्षेत्रों में बहुतायद होता है।

दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी विधानसभा में दी। उन्होंने इसके बाद कैबिनेट की ब्रीफिंग में भी यही सब कहा। सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि चूंकि राहुल गांधी आ रहे हैं, तो आप किसानों के लिए सौगातें दे रहे हैं। इस पर कुछ देर के लिए सदन में जमकर हंगामा हुआ। दोनों तरफ से तीखी नोकझोंक हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी आ रहे हैं तो नेता प्रतिपक्ष से कहना चाहता हूं कि मेरी तरफ से उनसे तीन प्रश्न पूछ लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रवि और खरीफ में कौन-कौन सी फैसलें लगती हैं। केवल यह बता दें और तीसरा दलहन में कौन सी फसलें मप्र में होती हैं और तिलहन में हमारे यहां क्या-क्या होता है?

इस पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने भी मुख्यमंत्री से कहा कि मैं आपके जरिए प्रधानमंत्री से तीन प्रश्न पूछना चाहता हूं। अमेरिका से जो डील में मप्र के किसानों को इससे क्या फायदा होगा? यूएस डील हुई तो यहां पर कपास के भाव गिर गए। मप्र में निमाड़ के किसान परेशान हैं। यूएस से सोयाबीन आएगा तो यहां पर भाव और गिरेंगे। चंबल में सरसों की खेती होती है तो सरसों के भाव भी गिरेंगे। प्रधानमंत्री से आप तीन प्रश्न हमारी तरफ से कीजिए। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

## खबर संक्षेप

### संघ अधिकारी हितानंद की मां जनकदुलारी का निधन

**अशोकनगर।** आरएसएस के मध्य क्षेत्र सह-बौद्धिक प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी जनकदुलारी शर्मा का मंगलवार सुबह भोपाल के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। दोपहर उनका पार्थिव शरीर का जिले के पैतृक गांव मढ़ी महिदपुर में अंतिम संस्कार किया गया।



काले हिरणों के शिकार पर एक्शन

### रेंजर सहित छह कर्मचारी नपे, सबूतों से छेड़छाड़ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम


■ जांच में इनकी भूमिका संदिग्ध मिली

सिवनी मालवा रेंज में काले हिरणों के शिकार के सनसनीखेज मामले में वन विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए रेंजर सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। प्राथमिक जांच में प्रकरण की वास्तविकता को छिपाने, साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने तथा गंभीर लापरवाही बरतने के तथ्य उजागर होने के बाद सोमवार देर रात निलंबन आदेश जारी किए गए। सीसीएफ अशोक कुमार चौहान ने बताया कि प्राथमिक जांच प्रतिवेदन में संबंधित कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। प्रकरण की वास्तविक प्रकृति को छिपाने तथा जांच प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही ▶▶ शेष पेज 6 पर

अश्लील कंटेंट के खिलाफ एक्शन

### केंद्र सरकार ने 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लगाया बैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


■ अब ये प्लेटफॉर्म भारत में काम नहीं करेंगे

केंद्र सरकार ने अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री दिखाने वाले पांच ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारियों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने इन पांचों प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करने के आदेश जारी कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू नाम के पांच ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए की गई है। मामले में मंत्रालय ने बताया कि इन प्लेटफॉर्म पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

दिल्ली से लेह जा रहा था विमान

### फ्लाइट का इंजन फेल हुआ दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


■ विमान में सवार सभी 150 यात्री सुरक्षित

दिल्ली से लेह (लद्दाख) जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान में अचानक बड़ी तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते विमान को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान के एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया था। स्पाइसजेट की उड़ान संख्या 121 ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लेह के लिए अपनी नियमित उड़ान भरी थी। टेकऑफ के कुछ ही समय बाद, जब विमान हवा में था, तब पायलटों को विमान के इंजन नंबर 2 में गंभीर तकनीकी खराबी का पता चला। इंजन के फेल होने की स्थिति को ▶▶ शेष पेज 6 पर






हाईकोर्ट पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

## पहले कहा था-अरेस्ट कर लें, फिर दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका

प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य पर केस दर्ज हो चुका

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। आरोपी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी की ओर से ▶▶ शेष पेज 6 पर


अविमुक्तेश्वरानंद

### याचिका में कहा गिरफ्तारी हुई तो अपूरणीय क्षति होगी

आवेदकों ने हाईकोर्ट से आग्रह किया है कि झूंसी थाने में दर्ज क्राइम नंबर 58/2026 में ट्रायल और जांच लंबित रहने तक उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए। याचिका में दावा किया गया है कि यदि गिरफ्तारी हुई तो अपूरणीय क्षति होगी, जिसकी भरपाई संभव नहीं। साथ ही हाईकोर्ट से यह भी अनुरोध ▶▶ शेष पेज 6 पर

ऐसे 'हैवान बेटे' की भला कौन करेगा चाहत?

## पिता के शव को नीले-ड्रम में छिपाया सिर काटकर 21 किमी दूर फेंका

पिता बनाना चाहते थे डॉक्टर... बस यही विवाद



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया।


मानवेंद्र (मृतक) | अक्षत (आरोपी)

अन्य हिस्से को तारपिन से जलाने की फिराक में था। रूम स्प्रे छिड़कर दुर्गंध खत्म कर रहा था। अक्षत ने अपनी बहन के सामने घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी ▶▶ शेष पेज 6 पर

## कुछ लोग दो तो कुछ लोग तीन मार्च को करेंगे होलिका दहन

# विद्वानों के अनुसार होलिका दहन 2 मार्च को मनाना शास्त्र सम्मत, 3 को चंद्रग्रहण, 4 मार्च को रंग उत्सव और चल समारोह के साथ मनेगी होली

**पंचांग के अनुसार 2 मार्च को सुबह 6 बजकर 16 मिनट पर होगा सूर्योदय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस साल होली की तारीख को लेकर लोगों में थोड़ी उलझन बनी हुई है। होली को अब सिर्फ छह दिन बचे हैं। लेकिन अभी लोगों के मन में इसकी तारीख को लेकर चर्चा बनी हुई है। कुछ लोग जहां दो को तो कुछ लोग तीन मार्च को होलिका दहन करने की बात कह रहे हैं। राजधानी के पंडितों के अनुसार दो मार्च को ही होलिका दहन करना सही रहेगा।

**2 मार्च को होलिका दहन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त:** विद्वानों के अनुसार इस साल होलिका पूजन और दहन 2 मार्च सोमवार की रात को किया जाएगा। वहीं, रंगभरी होली 4 मार्च बुधवार को मनाई जाएगी। 2 मार्च को कब से कब तक है पूर्णिमा तिथि- पंचांग के अनुसार 2 मार्च को सुबह 6 बजकर 16 मिनट पर सूर्योदय होगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण भी लगेगा, जो सुबह 9.14 मिनट से शुरू होकर शाम 7 बजकर 02 मिनट तक रहेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जाएगा। इसी कारण 3 मार्च को रंग खेलने की परंपरा नहीं होगी और 4 मार्च को रंगभरी होली मनाई जाएगी।



### कैसे करें होलिका दहन की पूजा?

*सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। शाम को पूजा की थाली तैयार करें। दहन स्थल पर जाकर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठें। होलिका को उपलों की माला अर्पित करें। इसके बाद रोली, अक्षत, फल, फूल, हल्दी, मूंग, गुड़, गुलाल, गेहूं की बालियां, गन्ना और चना आदि चढ़ाकर विधि-विधान से पूजा करें।*

### 2 या 3 मार्च को भी होलिका दहन कर सकते हैं

अन्य जानकारों के अनुसार होलिका दहन मुहूर्त 3 मार्च, फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के प्रातः काल 5 से 6.33सूर्योदय तक उत्तम है। धुलेड़ी पर्व 4 मार्च चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को होगा । रंगपंचमी 8 मार्च को मनाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर दृष्य गणित के अनुसार दो मार्च को शाम प्रदोष वेला में 6.36 से 9 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त है।

### होलाष्टक और रंगभरी एकादशी

मंगलवार से होलाष्टक शुरू हो गए हैं, जो कि 3 मार्च तक रहेंगे। इस दौरान विवाह और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। वहीं, रंगभरी एकादशी 27 फरवरी को मनाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

**भोपाल।** नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शहर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। वे निगम के जोन-17,4,5 के कई वार्डों में घूमीं। उन्होंने आधे शहर में कई जगह अपना वाहन रुकवाया और सफाई व्यवस्था देखी। उन्होनें सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को मौके पर बुलाया और उन्हें सफाई से पहले पानी का छिडकाव करवाने को कहा। जबकि कई क्षेत्रों में उन्होंने वायरलैस पर ही एएचओ को निर्देश दिए। कई जगह कचरे का ढेर मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

### एक मार्च को होगी सेट की परीक्षा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) एक मार्च को प्रदेश के 12 संभागीय मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा कुल 31 विषयों हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, वाणिज्य, विज्ञान सहित अन्य विषयों के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा से पहले अभ्यार्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर परीक्षा से संबंधित नियम सहित अन्य सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### बीएएमएस आयुर्वेद का फर्स्ट प्रॉफ के प्रथम टर्म एग्जाम अप्रैल में

**भोपाल।** प्रदेश समेत देशभर के 550 से ज्यादा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में संचालित सत्र 2025-26 बीएएमएस आयुर्वेद पाठ्यक्रम परीक्षा का राष्ट्रीय एकेडमिक कैलेंडर नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन नइ् दिल्ली ने जारी कर दिया है। निजी आयुर्वेद महा. शिक्षक कल्याण संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि सत्र 2025-26 में नीट आधार पर प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में साढ़े पांच वर्षीय यूजी डिग्री बैचलर ऑफ आयुर्वेद मेडिसिन एण्ड सर्जरी में प्रवेश हो चुके हैं। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार फर्स्ट प्रॉफ के प्रथम टर्म एग्जाम अप्रैल 2026 माह के तीसरे अथवा चौथे सप्ताह में होंगे। सेकेण्ड टर्म परीक्षा अक्टूबर 2026 माह के तीसरे अथवा चौथे सप्ताह में होंगे। मुख्य विश्वविद्यालय परीक्षा मार्च 2027 के तीसरे सप्ताह में होगी। परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल 2027 के पूर्व जारी करना होगा।

### लोक अदालत की तर्ज पर उपभोक्ताओं को मिलेगी प्रकरणों में छूट

**भोपाल।** म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। आवेदन 1 मार्च से 31 मार्च तक लिए जाएंगे। उपभोक्ता को लोक अदालत की तर्ज पर धारा-126 में छूट प्राप्त किए जाने उपभोक्ता के परिसर या अन्य परिसर पर संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि नहीं है तथा विचाराधीन प्रकरण पर धारा 127 के अंतर्गत गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष कोई अपील लंबित नहीं है न ही निर्णित है सत्यापित कर सबमिट करना होगा।

## शहर की अधिकांश आंगनबाड़ियों के हाल बेहाल, कई केन्द्रों पर ताले

# आंगनबाड़ी स्टाफ को पोषण आहार टीकाकरण की नहीं है कोई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में 0-6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य व पोषण की जिम्मेदारी संभालने वाले आंगनबाड़ी केंद्र अव्यवस्था के शिकार हैं। अच्छी व्यवस्थाओं के दावों से जमीनी हकीकत अलग है। हरिभूमि की टीम जब जहांगीराबाद स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 696 पहुंची तो यहां केंद्र का दरवाजा बंद कर दिया गया। वहां मौजूद महिला कार्यकर्ता ने कहा कि हम कोई जानकारी नहीं दे सकते, साहब आएंगे तो बताएंगे।

इसी तरह रचना नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में भी हालात बेहतर नहीं मिले। यहां मौजूद महिला कर्मचारी केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या तक नहीं बता पाईं। टीकाकरण, पोषण आहार या अन्य सेवाओं के संबंध में भी कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। भोपाल में 1,878 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। यह आंकड़ा राष्ट्रीय पोषण ट्रैकर की नवंबर 2022 तक की रिपोर्ट पर आधारित है।

हरिभूमि की टीम जब जहांगीराबाद स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 696 पहुंची तो यहां केंद्र का दरवाजा बंद कर दिया गया। कहा- साहब आएंगे तो देंगे जानकारी।




आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका का पद महीनों से खाली पड़ा

बंद आंगनबाड़ी केन्द्र।

### आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच कराई

आंगनबाड़ी केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी सुनील सोलंकी से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। विभाग की अन्य अधिकारी स्वर्णिमा शुक्ला ने बताया कि जिला अधिकारी को अवगत कराकर आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच कराई जाएगी।



जहांगीराबाद स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र।

### महीनों से रिक्त है सहायिका का पद

*कई आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका का पद महीनों से खाली पड़ा है, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि केंद्रों पर न तो नियमित रूप से बच्चे आते हैं और न ही गर्भवती महिलाओं को आवश्यक जानकारी दी जाती है। जांच के लिए आंगनबाड़ी केंद्र आई एक गर्भवती महिला ने बताया कि टीकाकरण संबंधी जानकारी मांगने पर मना कर दिया गया। उन्हें अस्पताल जाने की सलाह दे दी गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बच्चों के लिए आने वाला पोषण आहार नियमित रूप से वितरित नहीं किया जाता है।*

## 85 वार्डों में 7वीं जल सुनवाई में लिए 23 सैंपल

# टेबल-कुर्सी लगाकर बैठे रहे कर्मचारी पानी का सैंपल लेकर कोई नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद राजधानी में मुख्यमंत्री के निर्देश पर 13 जनवरी से जल सुनवाई शुरू हुई। हर मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होने वाली इस जल सुनवाई में वार्ड के लोगों से पानी के सैंपल लेने के अलावा शिकायतें दर्ज करने की सुविधा मिलती है, लेकिन मंगलवार को सातवीं जल सुनवाई में शहर के 85 वार्डों में केवल 23 सैंपल ही लेकर लोग पहुंचे। 95 फीसदी वार्डों में तो दो घंटे कर्मचारी रजिस्टर लेकर सैंपल लेकर आने वाले की एंट्री करने के इंतजार में बैठे रहे और कोई भी नहीं पहुंचा। 170 से ज्यादा कर्मचारी टेबल-कुर्सी लगाकर रजिस्टर लेकर बैठे ही रहे। 13 जनवरी को हुई सुनवाई में गंदे पानी को लेकर एक शिकायत दर्ज हुई थी, लेकिन 7 वीं सुनवाई में तो एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई।

नगर निगम के वार्ड-45, 83,80,81,34,4 सहित अन्य वार्डों में दो घंटे कर्मचारी लोगों से सैंपल कलेक्ट के इंतजार में ही बैठे रहे। अधिकांश वार्डों में सैंपल लेने के लिए बैठे कर्मचारियों ने बताया कि जब से जल सुनवाई शुरू हुई है यहां तो कोई भी सैंपल लेकर जांच के लिए आया ही नहीं। यानी रजिस्टर में एक भी सैंपल जांच के लिए दर्ज नहीं किया गया। एक वार्ड के कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अब तो जो सैंपल जांच के लिए आ रहे हैं उनमें तो खुद निगम कर्मचारी ही अपने घर से सैंपल जांच के लिए लेकर आ रहे हैं। यानी आम लोगों की रुचि इस ओर नहीं है।

**दिशा-निर्देशों के बावजूद आम लोगों में नहीं दिखाई दे रही रुचि**




इंतजार करता निगम कर्मचारी।

### अब किट लेकर नहीं बैठ रही टीम

जल सुनवाई की शुरुआत में दो लोगों की टीम एक किट लेकर मौके पर ही पानी की जांच कर रही थी, लेकिन इसमें खामियां उजागर होने के बाद अब केवल सैंपल लिए जा रहे हैं और जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित व्यक्ति को मोबाइल पर सूचित करते हैं। मौके पर पहले गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की जांच की जा रही थी।

## करियर नियोजन, कौशल विकास प्रदान करना रहा उद्देश्य

# बीयू: पीएम-ऊषा और क्रिस्प के तहत करियर मार्गदर्शन में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में पीएम-ऊषा एवं क्रिस्प के अंतर्गत करियर मार्गदर्शन प्रशिक्षण के दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन विवि के समाजशास्त्र विभाग द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को कार्यक्रम की शुभारंभ अवसर पर कुलगुरू प्रो एसके जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. रुचि घोष दस्तिदार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर नियोजन, कौशल विकास एवं उद्योगोन्मुख दृष्टिकोण प्रदान करना रहा। उद्घाटन सत्र में ईसी सदस्य धीरेंद्र चतुर्वेदी ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को समकालीन करियर अवसरों, प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी और व्यक्तित्व विकास के आयामों पर शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर बल ट्रेनिंग प्रोग्राम बच्चों के लिए आवश्यक है।



### यह प्रमुख रूप से रहे उपस्थित

प्रो. कुमरेश कश्यप, प्रो. शशांक शेखर ठाकुर, प्रो. विपिन व्यास, डॉ. रेखा खंडिया तथा विधि विभागाध्यक्ष प्रो. मोना पुरोहित उपस्थित रहीं। समन्वयक प्रो अनिता धुर्वे ने बताया कि दो दिन बच्चों को किस प्रकार सत्र का लाभ लेना है, ताकि भविष्य में बच्चे अपनी सही दिशा प्राप्त कर सकें। संचालन डॉ. राधा मिश्रा द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने सहभागिता की और विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं करियर के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित करने में अहम भूमिका निभाई।

## सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के सम्मेलन में मिला प्रथम स्थान

# एम्स: नर्सिंग छात्रा का शोध: ट्रांसजेंडर मरीजों को झेलना पड़ता है भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल की नर्सिंग छात्रा कोमल कथाले ने ऐसा शोध किया है, जिसने स्वास्थ्य सेवाओं की एक संवेदनशील सच्चाई को सामने ला दिया। एमएससी नर्सिंग (प्रसूति एवं स्त्री रोग) द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल कथाले ने ट्रांसजेंडर समुदाय की स्वास्थ्य सेवाओं पर किए गए अपने अध्ययन के लिए राष्ट्रीय वैज्ञानिक शोध प्रस्तुति 2026 में प्रथम स्थान हासिल किया। यह सम्मेलन सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे के सिम्बायोसिस कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित किया गया था। शोध का विषय था तृतीयक देखभाल अस्पताल में ट्रांसजेंडर समुदाय की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी अपेक्षाओं और अनुभवों का गुणात्मक अध्ययन। इसका मतलब है कि छात्रा ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से सीधे बातचीत कर उनके असली अनुभव, समस्याएं और उम्मीदों को समझने की कोशिश की। यह केवल आंकड़ों पर आधारित अध्ययन नहीं था, बल्कि उनके जीवन के वास्तविक अनुभवों पर आधारित शोध था।

*ऐसा शोध जिसने स्वास्थ्य सेवाओं की एक संवेदनशील सच्चाई को सामने ला दिया*

*सीधे बातचीत कर उनके असली अनुभव, समस्याएं को समझने की कोशिश की*


SYMBIOSIS COLLEGE OF NURSING (SCON)
A Constituent of Symbiosis International (Deemed University)
NATIONAL SCIENTIFIC PAPER PRESENTATION
Theme - "Nursing excellence, clinical practice, education and research synergy"
CERTIFICATE
This is to certify that Ms. Komal Kathale has secured First prize for research paper titled A study to explore the expectations and experiences related to healthcare services among transgender population in tertiary care hospital – A Qualitative Study in the National Scientific Paper Presentation held on 03 February 2026 organized by Symbiosis College of Nursing (SCON).

### शोध में क्या सुझाव दिए गए

- स्वास्थ्यकर्मियों को संवेदनशीलता और सम्मान का प्रशिक्षण दिया जाए।
- अस्पतालों में सुरक्षित और समावेशी वातावरण बनाया जाए।
- नीतिगत स्तर पर बदलाव कर ट्रांसजेंडर समुदाय को बराबरी का अधिकार सुनिश्चित किया जाए।
- संवाद बेहतर हो और मरीज की पहचान का सम्मान किया जाए।

### ट्रांसजेंडर समुदाय को क्या होती है परेशानियां

**भेदभाव और असहज व्यवहार:** अस्पतालों में कई बार ट्रांसजेंडर मरीजों को अलग नजर से देखा जाता है। उन्हें सम्मानजनक व्यवहार नहीं मिलता, जिससे वे मानसिक रूप से आहत होते हैं।

**सही संवाद की कमी:** डॉक्टर और स्टाफ कई बार उनकी पहचान और जरूरतों को सही तरीके से समझ नहीं पाते। इससे इलाज के दौरान असहज स्थिति बनती है।

**लिंग-संवेदनशील सुविधाओं का अभाव:** अस्पतालों में अलग वार्ड, शौचालय या परामर्श व्यवस्था की कमी के कारण ट्रांसजेंडर मरीजों को असुविधा झेलनी पड़ती है।

**सामाजिक पूर्वाग्रह:** समाज में फैली गलत धारणाएं अस्पतालों के व्यवहार में भी दिखती हैं, जिससे कई लोग इलाज लेने से भी डरते हैं।

## सरोजिनी नायडू कॉलेज में होगा आयोजन

# बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग से उच्च शिक्षा विभाग करेगा एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (पश्चिमी क्षेत्र) मुंबई के साथ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह कार्यक्रम सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्वशासी महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों को बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के अधिकारियों द्वारा नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम पोर्टल की कार्य प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री, डिप्लोमा प्रोग्राम (एईडीबी) लागू करने वाले संस्थानों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### यह रहेंगे उपस्थित

एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा, राधेश्याम जुलानिया (सेवानिवृत्त आईएएस एवं संस्थापक सदस्य, सेंटर ऑफ रिसर्च इन पॉलिसिज डॉ. पीएन जुमले (निदेशक-प्रशिक्षण, बोर्ड ऑफ अप्रेंसिटशिप ट्रेनिंग-वेस्टर्न रीजन) सहित प्रदेश के 85 कॉलेजों और 8 विश्वविद्यालयों के प्राचार्य तथा नोडल प्राध्यापक उपस्थित रहेंगे।

## दफ्तर में कोलार तहसीलदार का घंटों इंतजार कर रहे आवेदक

### आरआरसी वसूली को लेकर दो मामलों में कलेक्टर से शिकायत

# बिल्डर ने छीना मकान का सपना, रेरा के आदेश के बाद भी वसूली कराने तहसीलदार के काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पहले बिल्डर ने मकान का सपना छीन लिया। रेरा से उम्मीद जागी कि मकान न सही कम से कम दी गई राशि तो वापस मिल जाएगी, लेकिन रेरा के आदेश के बाद कोलार तहसीलदार यशवर्धन सिंह के यहां चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इटारसी निवासी कृष्ण कुमार मालवीय ने बताया कि पिछले दस महीने से तहसीलदार के यहां वसूली का प्रकरण चल रहा है, लेकिन बिल्डर से वसूली नहीं की गई है। दूसरे मामले में संजय काम्पलेक्स माता मंदिर निवासी कवीश अग्रवाल भी वसूली के लिए तहसीलदार के चक्कर काट रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की जनसुनवाई में पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई। जमानी रोड इटारसी निवासी कृष्ण कुमार मालवीय ने बताया कि 30 मई 2025 को रेरा ने 29 लाख 60 हजार 222 रुपए की वसूली कराने का आदेश जारी किया था, लेकिन कोलार तहसीलदार यशवर्धन सिंह ने अब तक वसूली नहीं कराई है।



जनसुनवाई करते कलेक्टर।

### डुप्लेक्स के नाम पर ठगी, अब वसूली का इंतजार

संजय कांपलेक्स माता मंदिर निवासी कवीश अग्रवाल ने शिकायत में बताया कि मई-2023 में स्वास्तिक बिल्डर जोन टू एमपी नगर ने कोलार स्थित क्रिस्टल ग्रीन बंगलो में एक डुपलेक्स देने का एग्रीमेंट किया था। मकान नहीं मिलने के बाद रेरा ने आरआरसी वसूली के तहत राशि वसूल करने के आदेश दिए हैं। जिसका प्रकरण तहसीलदार कोलार यशवर्धन सिंह के यहां पेंडिंग चल रहा है।

### जूनियर नर्सों की रजिस्टर पर ड्यूटी, मौके पर गायब

ललित कुमार ने शिकायत में बताया कि हमीदिया अस्पताल में पदस्थ जूनियर नर्सिंग ऑफीसर उर्वशी पांडे और कस्तूरी रामदास की जवाइनिंग चार साल पहले हुई थी। तभी से दोनों की रजिस्टर पर तो ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन मौके पर दोनों ड्यूटी नहीं करती हैं। मामले की जांच अधीक्षक को सौंपी गई है। कमल पंथी निवासी जनता नगर करोंद ने शिकायत में बताया कि करोंद स्थित कमल उपभोक्ता भंडार से वह बीपीएल का राशन लेता था। लेकिन पिछले दिनों दुकानदार ने ईकेवायसी को लेकर राशन नहीं देने की बात कही, लेकिन मेरे द्वारा ऑनलाइन चेक कराने पर पता चला कि मेरे हिस्से का राशन मशीन से निकाल लिया गया है। जब मैंने इसकी शिकायत दर्ज कराई, तो दुकानदार ने मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया है। हालांकि जब बाद में जांच की गई तो पता चला कि आवेदक द्वारा आयकर विभाग में आईटीआर भरने की वजह से उपभोक्ता का राशन कार्ड बंद किया गया है।

रमज़ान मुबारक
इफ्तार बुधवार: 6:26 बजे
सहरी गुरुवार: 5: 08 बजे

## मध्य प्रदेश और झारखंड के बीच यात्रा और अधिक आसान सुरक्षित और किफायती होगी

# सीएम डॉ. मोहन ने भोपाल से धनबाद और चोपन के लिए दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**27 फरवरी से भोपाल से नियमित रूप से संचालित होगी ट्रेन**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी भोपाल को पूर्वी भारत से जोड़ने वाली दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत मंगलवार से होगी गई। भोपाल-धनबाद और भोपाल-चोपन एक्सप्रेस को भोपाल स्टेशन से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इन ट्रेनों से मध्य प्रदेश और झारखंड के बीच यात्रा और अधिक आसान, सुरक्षित और किफायती होगी। भोपाल स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सांसद आलोक शर्मा डीआरएम पंकज त्यागी, सीधी विधायक रीति पाठक मौजूद रहे।

*धनबाद के लिए प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार और गुरुवार को चलेगी ट्रेन*

*भोपाल-चोपन एक्सप्रेस का प्रत्येक रविवार और सोमवार को होगा संचालन*


ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव, सासंद शर्मा व डिप्टी सीएम देवड़ा।

भोपाल-धनबाद नई ट्रेन मंगलवार को स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई गई। तो वहीं 27 फरवरी से यह नियमित रूप से संचालित हो सकेगी। गाड़ी संख्या 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस 27 फरवरी से प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार और गुरुवार को भोपाल से संचालित होगी। वहीं, गाड़ी संख्या 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस का परिचालन 1 मार्च से प्रत्येक बुधवार, शनिवार और रविवार को किया जाएगा।

**भोपाल से रात 8:55 बजे रवाना होगी**

गाड़ी संख्या 11631 भोपाल से रात 20:55 बजे रवाना होगी। यह बीना, दमोह और कटनी मुरवाड़ा के रास्ते अगले दिन सुबह 8:45 बजे सिंगरौली, 10:20 बजे चोपन, 11:20 बजे रेणुकूट, 12:35 बजे गढ़वा और 13:20 बजे डालटेनगंज पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 14:52 बजे टोरी, शाम 17:05 बजे रांची रोड और अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए रात 20:20 बजे धनबाद पहुंचेगी। तो वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 11632 धनबाद से सुबह 7:20 बजे प्रस्थान करेगी। यह सुबह 9:45 बजे रांची रोड, 11:20 बजे तोरी, दोपहर 12:46 बजे डालटेनगंज, 12:35 बजे गढ़वा, 12:08 बजे रेणुकूट, शाम 16:05 बजे चोपन और 18:50 बजे सिंगरौली स्टेशन पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 7:00 बजे भोपाल पहुंचेगी।

### भोपाल-चोपन एक्सप्रेस

भोपाल-चोपन एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन ,गाड़ी संख्या 11633/11634 के रूप में इसका संचालन होगा। ट्रेन रविवार को भोपाल से चलेगी और सोमवार को चोपन से वापस भोपाल के लिए रवाना होगी। गाड़ी संख्या 11633 भोपाल से हर रविवार रात 8:55 बजे रवाना होगी। जोकि अगले दिन सुबह 10:50 बजे पहुंचेगी। तो वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 11634 चोपन से सोमवार शाम 5:10 बजे रवाना होगी। जो अगले दिन सुबह 7 बजे भोपाल पहुंचेगी।




## खबर संक्षेप

### ग्यारह हजार 570 मतदाता नहीं दे सके जन्म का प्रमाण

**भोपाल।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में वर्ष-2003 का रिकार्ड नहीं देने वाले एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नो मैपिंग केटगरी में रखकर नोटिस दिए गए। नोटिस के बाद इन मतदाताओं ने जन्म के दस्तावेज पेश किए, जिसमें 11 हजार 570 मतदाता जन्म का प्रमाण नहीं दे सके। जिससे इन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। इसके पहले एसआईआर के ड्राफ्ट रोल में 4 लाख 38 हजार वोटर्स के नाम काट दिए गए थे। अब भोपाल में 8 लाख 88 हजार 530 पुरुष, 8 लाख 56 हजार 851 महिला मतदाता हैं। साथ ही 72 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### अब क्यूआर कोड से जमा कर सकेंगे संपत्ति कर की राशि

**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने राजस्व वसूली को गति देने के लिए क्यूआर कोड जारी किया। इसके माध्यम से करदाता घर बैठे भी ऑनलाइन बकाया राशि जमा कर सकेंगे। वसूली के लिए एक अभियान में 25 फरवरी से शुरू किया जा रहा है। यह शिविर सभी नगरीय निकायों में आयोजित किए जाएंगे।

### नगर निगम के अमले ने जांच के लिए 127 पानी के सैंपल लिए

**भोपाल।** निगम अमले ने मंगलवार को विभिन्न झुग्गी बस्तियों सहित शहर के कई क्षेत्रों से 127 पानी के सैंपल लिए, जो जांच के लिए लैब भेजे गए। नगर निगम अमले ने 40 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे और सीएम हेल्पलाइन एवं महापौर हेल्पलाइन के माध्यम से मिली शिकायतों में से 11 शिकायतों का निराकरण किया गया। निगम अमला अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 4969 स्थानों सहित शहर में 10663 पानी के सैंपल लेकर जांच करवा चुका है, जबकि 2141 लीकेज सुधारे। अब भी सुधार कार्य चल रहा है।

## दस साल बाद दोबारा से झील को सहेजने का प्रयास

# अब बड़े तालाब का अतिक्रमण हटाने टास्क फोर्स, साथ चलेगा बुलडोजर

*शुरुआत में बड़े अतिक्रमणों पर चलेगा बुलडोजर*

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

दस साल बाद एक बार फिर से बड़े तालाब की हद तय करने का काम शुरु कर दिया है। जिसके तहत टीएंडसीपी और नगर निगम के नक्शे के आधार पर राजस्व विभाग के नक्शे से तालाब के नक्शे को रखकर मार्किंग की जा रही है। वीआईपी रोड स्थित राजा भोज बुर्ज से लेकर खानूगांव, बेहटा, बोरबन, बैरागढ़, भैंसाखेड़ी, प्रेमपुरा के आसपास सैकड़ों निर्माण हैं, जिन्हें तोड़ा जाएगा।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शहरी क्षेत्र में तालाब के पचास और ग्रामीण क्षेत्र में 250 मीटर दायरे में आने वाले अवैध निर्माणों को तोड़ने टास्क फोर्स बनाई है, जो तालाब की 24 घंटे निगरानी करेगी।

प्रशासन ने बड़े तालाब की हद तय करने का काम किया शुरु

टास्क फोर्स बड़े तालाब की 24 घंटे निगरानी करेगी

**बड़े तालाब किनारे ढेरों अतिक्रमण हो रहे, भवन भी बनाए**



दो महीने पहले बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय की टीम ने खसरे में लाल मार्किंग कर दी है, जिसके आधार पर इस लाइन से ही पचास मीटर के दायरे में आने वाले निर्माणों को चिन्हित किया गया है। जिसके बाद वीआईपी रोड किनारे बनी बड़ी इमारतें इसकी जद में आ रही हैं। हालांकि पचास मीटर दूरी की मार्किंग का काम नहीं किया गया है। बैरागढ़, टीटी नगर और हुजूर एसडीएम ने एक बार फिर तालाब के सीमांकन को लेकर टीम तैयार कर ली है। टीम जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स दर्ज करेगी। जिसके बाद 50 मीटर दायरा तय किया जाएगा। दरअसल बड़े तालाब किनारे ढेरों अतिक्रमण हो रहे हैं। लोग निजी जमीनें पर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तान रहे हैं।

### टास्क फोर्स में यह अधिकारी व पर्यावरण मित्र शामिल

कलेक्टर ने जारी आदेश में गठित टास्क फोर्स में 17 अफसरों को तैनात किया है। इसके अलावा दो पर्यावरण मित्र को भी इसमें शामिल किया गया है। अफसरों में अपर आयुक्त निगम तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम, एसीपी शालिनी दीक्षित, संयुक्त कलेक्टर विनीत तिवारी, डिप्टी कलेक्टर रत्नेश श्रीवास्तव, उपायुक्त निगम हीरेंद्र कुशवाह, एसडीएम बैरागढ़ रविशंकर राय, हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया, एसडीएम शहर दीपक पांडे, एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा, डिप्टी कलेक्टर अजय शर्मा, संयुक्त संचालक टीएंडसीपी सुदेश मालवीय, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण श्रीनिवास द्विवेदी, क्षेत्रीय अधिकारी एप्को दिनेश दामले, अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत, अविअ वन विभाग के धीरज चौहान को तैनात किया गया है। जबकि नितिन सक्सेना और कमल राठी पर्यावरण विद् को भी शामिल किया गया है।

**चार सर्कल में बड़ा तालाब**

*टीटी नगर, हुजूर एसडीएम, बैरागढ़ और शहर एसडीएम के इलाके में बड़ा तालाब आता है। तालाब के शहरी क्षेत्र के 50 मीटर और ग्रामीण क्षेत्र में 250 मीटर तक बफर जोन तय है। इसके दायरे में कितने अतिक्रमण आ रहे हैं। इसकी लिस्टिंग की जाएगी। नए और पुराने कितने अतिक्रमण हुए हैं। इसको रिकॉर्ड पर लिया जाएगा।*

**जीआईएस बेस्ड मैप होगा तैयार**

*पूरे देश में 2.25 हेक्टेयर और उससे बड़े वेटलैंड का सीमांकन हो रहा है। इसके जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स भी दर्ज होना है, जिससे जीआईएस बेस्ड मैप तैयार हो सके और धरातल पर भी सीमांकन की मुनारें लगाई जा सकें।*

## तो क्या बंद होगा मेट्रो का संचालन!

# बिना यात्रियों के ट्रैक पर दौड़ रही मेट्रो, 13 फेरों में अब 100 यात्री भी नहीं मिल रहे, इक्का-दुक्का आ रहे


यात्री नहीं मिलने के कारण मेट्रो खाली चल रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

शहर में 21 दिसंबर-25 से आम लोगों के लिए मेट्रो का संचालन बड़े जोर-शोर से शुरू हुआ था और पहले दिन तो 7 हजार यात्रियों ने इसमें सफर किया था। हालांकि यात्रियों की भीड़ का सिलसिला एक सप्ताह तक तो जारी रहा, लेकिन उसके बाद लोगों में उत्साह की ऐसी गिरावट आई कि खुद मेट्रो प्रशासन को रोज 17 फेरों के 13 फेरे करना पड़े। अब दो माह बाद तो स्थिति यह है कि दिनभर में 13 फेरों में 100 यात्री भी मेट्रो को नहीं मिल रहे हैं। कई ट्रिप तो खाली ही लग रहे हैं, जबकि एक बार में मेट्रो में 800 यात्रियों की क्षमता है।

एम्स अस्पताल से सुभाष नगर तक प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो का लोकार्पण 20 दिसंबर-25 को किया गया था, जबकि आम लोगों के लिए इसका संचालन 21 दिसंबर से शुरू हुआ था। शुरुआती एक सप्ताह तक मेट्रो में रोजाना भीड रही। हालांकि मेट्रो प्रशासन का मानना था यह यात्रियों की संख्या नहीं है, बल्कि लोग मेट्रो में घूमने का आनंद ले रहे हैं। इसकी के चलते मेट्रो प्रशासन ने फेरे कम कर दिए। अब मेट्रो संचालन की जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे चिंताजनक हैं। अब 13 फेरों में 100 यात्री बमुश्किल ही मिल रहे हैं। हालांकि मेट्रो प्रशासन का मानना है कि आधुनिक परिवहन प्रणाली के उपयोग को लेकर लोगों को जागरुक करने के लिए योजना पर विचार कर रहे हैं। स्कूलों के बच्चों के लिए शैक्षणिक भ्रमण शुरू किया गया है। फेरे कम करने की कोई योजना नहीं हैं।

### नहीं हो पाई पार्किंग की व्यवस्था

सुभाष नगर, केवी-1, आरकेएमपी, एम्स, डीआरएम आदि स्टेशनों पर पार्किंग की व्यवस्था भी मेट्रो प्रशासन नहीं कर सका। सुभाष नगर, केवी-1 पर दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित जगह पर लोग अपने वाहन खडे करते हैं। यहां निर्माण कार्य अब भी चल रहे हैं, जबकि अन्य स्टेशनों पर बाहरी काम अब भी जारी हैं।

### सिग्नल सिस्टम से नहीं जुड़ पाए एस्केलेटर

एमपी नगर मेट्रो स्टेशन पर लगे एस्केलेटर को सिग्नल सिस्टम से अब भी नहीं जोड़ा जा सका है। यहां दोपहर 12 बजे से दिनभर एस्केलेटर चालू रहता है। यानि हजारों यूनिट बिजली का भार पड रहा है।

## राहुल गांधी के दौरे के चलते यातायात किया था परिवर्तित

# लालघाटी, रेतघाट व पॉलिटेक्निक चौराहे पर लगा ट्रैफिक जाम, रेंगते रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मंगलवार एक दिवसीय दौरे पर कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व लोकसभा नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष लोकसभा भोपाल पहुंचे। इसके चलते बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी भोपाल पहुंचे। इसके चलते राजधानी में ट्रैफिक दवाब अधिक देखने को मिला।

राहुल गांधी के काफिले के चलते राजधानी में कई जगह जाम की स्थिति बन गई। सबसे अधिक खराब स्थिति लालघाटी, रेत घाट व पॉलिटेक्निक चौराहा व जवाहर चौक पर देखने को मिली। यहां पर घंटो जाम लगा रहा,वाहन चालक रेंगते-रेंगते नजर आए। तो वहीं डिपो चौराहा से पीएनटी या पॉलिटेक्निक चौराहा, प्लेटिनम चौराहा जाने वाले वाहन चालकों के मार्ग में बदलाव करने से उन्हें दो से तीन किमी का चक्कर लगाकर माता मंदिर या टीटी नगर से होकर जाना पड़ा। इसके चलते उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।


पॉलिटेक्निक चौराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन।

### शूटिंग खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए दें 1-1 हजार कारतूस: हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राजधानी भोपाल कलेक्टर द्वारा शूटिंग खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए प्रदान किए जाने वाले कारतूसों की संख्या कम किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर संजीदगी दर्शाई। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इन खिलाड़ियों को एक-एक हजार कारतूस का कोटा दिए जाने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि केन्द्र सरकार ने राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने इस संबंध में आदेश पेश करने के निर्देश दिए। भोपाल निवासी इब्राहिम जावेद खान सहित 3 लोगों की याचिका में कहा गया था कि शूटिंग प्रतियोगिताओं के लिए अभ्यास की आवश्यकता है।

## निगम अमले ने दो बड़े बकायादारों की संपत्ति कुर्क की

# संपत्ति कुर्क करने होटल आमेर ग्रीन पहुंचा निगम का अमला, 20 लाख जमा करवाए

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

नगर निगम द्वारा शहर के बड़े बकायादारों की संपत्ति कुर्क करने की लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को जोन-19 का अमला वार्ड-84 में 11 मील चौराहे पर स्थित होटल आमेर ग्रीन पर 28 लाख रुपए संपत्ति कर बकाया होने पर संपत्ति कुर्क करने पहुंचा।

संबंधित हितग्राही ने मौके पर 20 लाख रुपए जमा करवाए और शेष 8 लाख रुपए लोक अदालत में जमा करने का आश्वासन दिया। इसी तरह जोन-18 में दो बकायादारों की संपत्ति कुर्क की गई।


होटल आमेर ग्रीन पहुंचा निगम का अमला।

### बकायादारों की संपत्तियों पर जड़े ताले

निगम अमले ने जोन-18 के वार्ड-80 के अल्टीमेट आर्केड के तहसीन खान द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 7 लाख 99 हजार 762 रुपए तथा अर्निंग पाईंट के टी-9 तृतीय तल के बकायादार प्रशांत शर्मा, विजेन्द्र शर्मा, दीपेश मलिक, दीप विजय अरोड़ा व प्रशांत नायक पर बकाया राशि 1 लाख 30 हजार 472 रूपए का भुगतान न करने पर उक्त बकायादारों की संपत्तियां कुर्क करने की कार्रवाई की गई। निगम द्वारा उक्त कार्रवाई से पूर्व बकायादारों को नियमानुसार देयक व नोटिस आदि जारी किए गए थे।

## कोरोना काल में भी निगम ने 11 सीवेज क्लीनिंग मशीनों को सेनेटाइजिंग मशीनों में बदला था

# शहर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए झाड़ू लगाने से पहले होगा पानी का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

शहर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए निगम प्रशासन नई पहल करने जा रहा है। इसके तहत अब झाड़ू लगाने से पहले पानी का छिड़काव किया जाएगा, ताकि झाड़ू लगाते समय हवा में उड़ने वाले धूल के कण न उड़े।

इसके लिए 400 से ज्यादा कचरा वाहनों में केंद्रीय कर्मशाला में स्प्रिंकलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं, जिन्हें जल्द ही रोड पर उतारा जाएगा। दो दर्जन वाहन इस तरह के तैयार हो चुके हैं। कोरोना काल में भी निगम प्रशासन ने 11 सीवेज क्लीनिंग मशीनों में बदलाव कर उन्हें सेनेटाइजिंग मशीनों में बदला था। जिनका उपयोग शहर में किया गया था।

## 400 से ज्यादा कचरा वाहनों में लग रहा स्प्रिंकलर सिस्टम


फाइल फोटो

### निगम प्रशासन को 30 करोड़ मिले

नगर निगम अपने 400 से अधिक कचरा वाहनों को वाटर स्प्रिंकलर व्हीकल में बदल रहा है। नया स्प्रिंकलर वाहन खरीदने पर 5 से 7 लाख रुपए खर्च होते, जबकि निगम अपने पुराने कचरा वाहनों में सिर्फ 2,500 रुपए में स्प्रिंकलर सिस्टम फिट करवा रहा है। इससे निगम प्रशासन को भारी भरकम राशि की बचत भी होगी। निगम प्रशासन को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत 30 करोड़ रुपए मिले हैं।

### 12 सीवेज क्लीनिंग मशीनें वाटर फॉगिंग कर रही

वर्तमान में निगम की 12 सीवेज क्लीनिंग मशीनें वाटर फॉगिंग का कार्य कर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार इसमें कोई अतिरिक्त खर्च नहीं हुआ, केवल जेट नोजल में मामूली बदलाव किया गया है। इसके अलावा निगम के पास 4 बड़े और 4 छोटे वाटर फॉगर पहले से मौजूद हैं, जो रोज शहर की सड़कों पर उड़ती धूल को कम करने के लिए पानी का छिड़काव कर रहे हैं।

### वायु प्रदूषण कम करने के लिए छिड़काव जरूरी

नगर निगम के प्रभारी उपायुक्त चंचलेश गिरहरे का कहना है कि वायु प्रदूषण कम करने के लिए झाड़ू लगाने से पहले मुख्य सड़कों और गली-मोहल्लों में पानी का छिड़काव जरूरी है। इसलिए 400 से ज्यादा कचरा वाहनों में स्प्रिंकलर सिस्टम लगाया जा रहा है। कई वाहन तैयार हो गए हैं। जल्द ही इनसे छिडकाव शुरू हो जाएगा। ऐसा करने से वायु प्रदूषण कम होगा।

**कोरोना काल में भी निगम कर चुका है प्रयोग**

कोरोना काल में जब सेनेटाइज मशीनों की कमी थी, तब नगर निगम ने 11 सीवेज क्लीनिंग मशीनों में बदलाव कर उन्हें सेनेटाइजिंग मशीनों में बदल दिया था। इन मशीनों से पूरे शहर में सेनेटाइजेशन कराया गया था और यह प्रयोग सफल रहा था। बाद में निगम को 32 ट्रैक्टर माउंट सेनेटाइज मशीनें भी मिलीं।

## कहा- जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो

# गोमांस मामले को लेकर पार्षद ने विशेष सत्र बुलाने महापौर राय को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

शहर के वार्ड नंबर-34 के पार्षद पप्पू विलासराव घाड़गे ने गोमांस मामले को लेकर नगर निगम अधिनियम की धारा-30 के तहत तत्काल विशेष सत्र बुलाने को लेकर महापौर मालती राय को पत्र लिखा है।

निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते पप्पू विलासराव घाड़गे ने कहा कि यह मामला संवेदनशील है। छोटे कर्मचारियों पर गाज गिरी है और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इसकी जांच होना चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने हरिभूमि को बताया कि महापौर को विशेष सत्र बुलाने का अधिकार है। इस मामले पर तत्काल सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने स्थाई निगरानी तंत्र स्थापित करने की मांग की है। उनका तर्क है कि यह मामला केवल धार्मिक आस्था और गो संवर्धन से ही नहीं, बल्कि शहर की कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द से भी जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों निगम परिषद की बैठक में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ था, जहां कांग्रेस पार्षदों ने वाकआउट किया था।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट कार्य के लिए चावड़ा सम्मानित

**औबेदुल्लागंज।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर विद्युत विभाग की कई शिकायतें दर्ज हुईं थी। इन शिकायतों पर गौरव चावड़ा ने प्राथमिकता से शिकायतकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त सभी शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने पर जनवरी 2026 की ग्रेडिंग में जिले में चावड़ा को 95.35% वेंटेज प्राप्त हुआ। रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने इस सराहनीय योगदान के लिए विद्युत वितरण केंद्र औबेदुल्लागंज के कनिष्ठ यंत्री चावड़ा को प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

### 899.08 मीट्रिक टन जहरीले कचरा नष्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष यूनियन कार्बाइड परिसर, भोपाल के जहरीले कचरे से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में राज्य व प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से जानकारी पेश की गई। अवगत कराया गया कि 899.08 मीट्रिक टन जहरीले कचरे का विनिष्टीकरण पीथमपुर में किया जा चुका है। यह कार्रवाई हाई कोर्ट द्वारा तीन दिसंबर 2024 और 10 दिसंबर

### रमेश चंद्र कहार का निधन

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के नेता, पूर्व पार्षद मुकेश कहार एवं राकेश कहार के पिता रमेश चंद्र कहार के निधन से अर्जुन नगर में शोक व्याप्त है।



विधायक सुरेंद्र पटवा, डॉक्टर कैलाश विनय, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, राजेंद्र गुड्डू साहू, पंचू पांडे, सुरेश केवट, बबलू कहार रुपेश लोधी, विजय कहार आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 699 | 49 | 469 |
| रात: | 566 | 75 | 500 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 789 | 46 | 268 |
| रात: | 190 | 08 | 125 |

## छत्तीसगढ़ की ब्यूटीशियन से रेप कराने का मामला, दोनों आरोपी बहनों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# लग्जरी लाइफ स्टाइल जीती थी अमरीन और आफरीन गरीब घरों की लड़कियों को टारगेट करती थी दोनों बहनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छत्तीसगढ़ की मुंगेली जिले की रहने वाली एक ब्यूटिशियन और उसकी सहेली मध्यप्रदेश के हाईप्रोफाइल धर्मांतरण का शिकार हुई है। थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने भोपाल से 2 बहनों को गिरफ्तार किया है। जो अमीर लड़कों को लड़कियों की सप्लाई करती थी और धर्मांतरण कराती थी।

आरोपी बहनों को इस काम से जो काली कमाई हुई, उसके बूते वे भोपाल के अब्बास नगर की झुग्गी से निकलकर आशिमा मॉल के पास स्थित सागर रॉयल विला में आलीशान घर तक पहुंच गईं। अमरीन और आफरीन नाम की ये बहनें लग्जरी लाइफ स्टाइल जीती थीं।

### अमीर युवकों के पास लेकर जाती थी लड़कियां, धर्मांतरण भी करातीं



चंदन यादव। अमरीन आफरीन

### अमरीन के मोबाइल में कई संदिग्ध वाट्सएप ग्रुप

पुलिस ने अमरीन, आफरीन और चंदन के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। इनकी जांच कराई जाएगी। अमरीन के मोबाइल में कई संदिग्ध वाट्सएप ग्रुप मिले हैं। उसमें कई युवतियों के फोटो भी हैं। पुलिस को अमरीन और आफरीन के देह व्यापार गिरोह से जुड़े होने के भी सबूत मिले हैं।

### पीड़िताओं पर धर्म बदलने का दबाव बनाया

छत्तीसगढ़ की ब्यूटीशियन इनके जाल में फंस गई थी। जहां उससे डरा धमकाकर अलग-अलग लड़कों से रेप करवाया गया, फिर धर्म बदलने का दबाव बनाया गया। पीड़िता की शिकायत के बाद मामले का खुलासा हुआ। मामले का खुलासा तब हुआ, जब रविवार (22 फरवरी) रात को भोपाल और छत्तीसगढ़ की रहने वाली दो युवतियां राजधानी भोपाल के बाग सेवनिया थाने पहुंच गईं। दोनों ने थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई। 21 और 32 साल की दोनों लड़कियों की आपसी पहचान इंस्टाग्राम चैट के जरिए हुई थी। पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया। सोमवार (23 फरवरी) को अमरीन, आफरीन और चंदन यादव को गिरफ्तार कर लिया। तीन अन्य आरोपी बिलाल, चानू और यासिर की तलाश की जा रही है। अमरीन और आफरीन ने पुलिस को बताया कि वे गरीब घरों की लड़कियों को टारगेट करती थीं। पहले मदद के नाम पर घरेलू काम के लिए रखती थीं। फिर हाई प्रोफाइल लाइफ स्टाइल का सपना दिखाकर बड़ी पार्टीज में ले जाती थीं। वहां उन्हें रईसजादों को सौंप दिया करती थीं।

### चंदन ने कहा- मुस्लिम बनो, अच्छी जगह शादी कराऊंगा

भोपाल की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं अमरीन के घर काम करती थी। एक दिन चंदन और अमरीन के बीच विवाद हो गया। चंदन नाराज होकर कहीं चला गया। अमरीन ने मुझे कहा कि चंदन को तलाशने चलना है। मैं उसके साथ चली गई। हम दोनों नारायण नगर में रहने वाली चंदन की बहन के घर पहुंचे। वहां चंदन मिला। कुछ देर बाद अमरीन कहीं चली गई। इस दौरान चंदन ने पहली बार मेरे साथ रेप किया। किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बदनामी का डर भी दिखाया। चंदन ने कहा- मैं इस्लाम अपना चुका हूं। तुम भी मुस्लिम बन जाओ। तुम्हारी शादी अच्छी जगह करा दूंगा। चंदन की बातों में आकर मैं मुस्लिम बन गई। इसके बाद अमरीन ने मुझे बुर्का पहनने और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया।

### शराब और ड्रग्स लेने के लिए दबाव डालती थीं

पीड़िताओं ने एफआईआर में बताया है कि चंदन यादव सागर रॉयल विला में अमरीन-आफरीन के साथ रहता है। वह दोनों बहनों के संपर्क में आने के बाद इस्लाम अपना चुका है। अमरीन और आफरीन दोनों पीड़िताओं को गुजरात और मुंबई ले गई थीं। वहां भी उन्होंने अनजान लोगों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। वे शराब पीने और एमडी ड्रग्स लेने के लिए भी दबाव डालती थीं।

## रात सवा नौ बजे दुकान के पास आरोपियों ने रोकी थी कार

# दुकान के सामने शराब पीने से मना किया चार युवकों ने स्कूली छात्र पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

बैरागढ़ इलाके में बीती रात कार में सवार चार युवकों ने एक स्कूली छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के समय चारों युवक छात्र की दुकान के सामने कार खड़ी कर शराब पी रहे थे। फरियादी ने उन्हें आगे जाकर शराब पीने का बोला तो चारों ने हमला कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों को फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मछली मार्केट बैरागढ़ में रहने वाला 17 वर्षीय किशोर ग्यारहवीं कक्षा में



पढ़ता है। उसके पिता बैरागढ़ स्थित एसबीआई बैंक के पास बैग की दुकान चलाते हैं। बीती रात करीब नौ बजे छात्र अपने पिता की दुकान पर था, जबकि उसके पिता किसी काम से चले गए थे। रात करीब सवा नौ बजे दुकान के सामने आकर एक कार रुकी। कार के अंदर चार युवक बैठे हुए थे। वह चारों कार में ही बैठकर शराब पीने लगे। कुछ देर बाद छात्र ने बोला कि आप लोग कार को दुकान के आगे से हटा लीजिए और किसी दूसरे स्थान पर खड़ी करके शराब पीजिए। इसको लेकर चारों युवक भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। छात्र ने जब गाली देने से मना किया तो एक युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। उसके बाद चारों युवक कार में बैठकर वहां से भाग निकले। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उसके शरीर पर चाकू के तीन गहरे घाव लगे हैं। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर अज्ञात कार सवार चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला कर लिया है। घटना के समय पीड़ित बालक कार का नंबर नहीं देख पाया था। सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार नंबर का पता लगाया जा रहा है।

### बजरिया में पिता से बदलसूकी करने पर प्राणघातक हमला

बजरिया इलाके में एक युवक ने पड़ोसी युवक पर नुकीली चीज से प्राणघातक हमला कर दिया। फरियादी ने उसके पिता के साथ एक दिन पहले बदसलूकी की थी, जिसका बदला लेने के लिए हमला किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राजू प्रजापति विजय नगर चांदबड़े में किराए से रहता है और ट्रेनों में सामान बेचने का काम करता है। उसी मकान में किराए से रहने वाला संगम साहू भी ट्रेनों में सामान बेचता है। दो दिन पहले राजू का संगम के पिता के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पिता ने यह जानकारी अपने बेटे संगम को दी थी, जिसके बाद से वह राजू की तलाश कर रहा था। कल शाम करीब पांच बजे राजू घर पहुंचा तो उसका सामना संगम से हो गया। संगम ने पिता के साथ हुई बहसबाजी को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। राजू ने जब इसका विरोध किया तो विजय ने उस पर लोहे की नुकीली चीज से हमला कर दिया, जिससे राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी संगम साहू के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### महिला के हाथ पर मारा पत्थर, घायल

एमपी नगर इलाके में रहने वाली एक महिला के साथ मोहल्ले के दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और पत्थर मारकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार राजीव नगर में रहने वाली 33 वर्षीय महिला साफ सफाई का काम करती है। रविवार की रात करीब ग्यारह बजे वह अपने घर के सामने बैठी हुई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला सुमित और अन्नू वहां से निकले और रास्ते में बैठने का विरोध करने लगे। महिला ने बोला कि वह अपने घर के सामने बैठी हुई है। इसको लेकर दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। महिला ने गाली देने का विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इसी दौरान सुमित ने जमीन पर पड़ा पत्थर उठाकर महिला के हाथ पर मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## अलग-अलग हादसों में दो युवकों की गई जान, दो हुए घायल

# कार और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, साथी घायल

### कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी इलाके में एक्सीडेंट में हुई बाइक सवार व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार विनय सिंह राजपूत (55) ग्राम मेगराकला थाना बैरसिया में रहते थे। पिछले दिनों वह अपने साथी समंदर सिंह राजपूत के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। ईंटखेड़ी स्थित निपानिया जाट के पास एक तेज रफ्तार कार के चालक ने ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार



दी। हादसे में दोनों लोगों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां विनय सिंह राजपूत की मौत हो गई थी, जबकि घायल समंदर सिंह का इलाज चल रहा है। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

इसी इलाके में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार प्रकाश माली ग्राम जगदीशपुर में रहते हैं। रविवार की सुबह करीब पांच बजे वह सब्जी लेकर बाइक से मंडी जा रहे थे। उनके आगे भतीजा रोहित माली अपनी बाइक पर सब्जी लेकर मंडी चल रहा था। रोहित माली जैसे ही लांबाखेड़ा बैरियल के पास पहुंचा, वैसे ही एक कार चालक ने ओवरटेक करते हुए रोहित माली की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रोहित बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। पीछे आ रहे प्रकाश ने एम्बुलेंस की मदद से घायल भतीजे को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया और बाद में थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### स्कूटर की टक्कर से युवक गंभीर घायल

टीटी नगर इलाके में एक तेज रफ्तार स्कूटर चालक ने युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले स्कूटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार आशीष भाटी (20) बैरागढ़ में रहता और पढ़ाई करता है। सोमवार की शाम को वह स्कूटर लेकर अपने घर से एमपी नगर जा रहा था। रोशनपुरा चौराहा क्रॉस करने के बाद वह पंचानन भवन के सामने पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार स्कूटर चालक ने उसकी स्कूटर में टक्कर मार दी, जिससे आशीष स्कूटर समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से बाद में परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले स्कूटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### नजीराबाद में एक्सीडेंट में हुई किशोर की मौत, बाइक चालक पर केस दर्ज

नजीराबाद इलाके में एक्सीडेंट में हुई एक किशोर की मौत के मामले में पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस हादसे में किशोर के चचेरे भाई को भी गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मनोहर तंवर (16) सुटालिया जिला राजगढ़ का रहने वाला है। बीती अट्ठारह फरवरी को वह अपने चचेरे भाई विशाल तंवर (17) के साथ बाइक पर बैठकर अपने गांव से ग्राम गढ़ा ब्राह्मण नजीराबाद जा रहा था। दोपहर करीब तीन बजे दोनों गनाखेड़ी जोड़ पुलिया के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने विशाल की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विशाल उछलकर सड़क पर गिरा, जिससे उसे गंभीर चोट आई, जबकि कच्चा जमीन पर गिरने से मनोहर को कम चोट आई। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों को इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने विशाल तंवर को चैक करने के बाद मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर नौ देवियों की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

# यज्ञ के दौरान हुई बारिश, यज्ञाचार्य ने कहा-यह शुभ संकेत, लोगों ने यज्ञशाला की परिक्रमा की



खेड़ापति मंदिर पर यज्ञ करते पुजारी और श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर में नौ देवियों की प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे दिन यज्ञ के दौरान इंद्र देवता खुश हुए और कुछ देर वर्षा हुई। यज्ञाचार्य आशीष व्यास ने बताया कि यज्ञ के दौरान वर्षा का होना बहुत ही फलदायक माना जाता है। यह शुभ संकेत है कि जो अनुष्ठान हो रहे हैं, वह सही दिशा में हैं। इसे अमृत वर्षा भी कहते हैं। ऐसा माना जाता है कि देवताओं ने हमारी प्रार्थनाएं स्वीकार की है। यज्ञ के दौरान सुबह 8 से 12 व दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक 21 जोड़ों ने आहूति दी। सुबह नव नौ देवियों को जल से निकालकर उनका दोपहर बाद अन्नदिवस कराया गया। सुबह से लेकर शाम तक सैकड़ों लोग यज्ञ देखने व उसके साक्षी बनने पहुंचे। लोगों ने यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। ग्रामीणों ने बताया कि हिरानिया में पहली बार यज्ञशाला बनाकर यज्ञ कार्य संपन्न हो रहा है।

### राजा परिक्षित की कथा सुन कर भावविभोर हुए भक्त

यज्ञशाला के समीप ही हिरानिया की महिला मंडल द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। कथावाचक पं. राजेंद्र प्रसाद शास्त्री ने कथा के



दूसरे दिन राजा परिक्षित की कथा सुनाई। शास्त्री ने कहा कि परिक्षित ने सात दिवसीय कथा सुनकर मोक्ष की प्राप्ति की थी। उन्होंने बताया कि मनुष्य को ईश्वर का स्मरण करते हुए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिन मुख्य जजमान के रूप में हिरानिया के वरिष्ठ रामकिशोर शर्मा थे। कथा सुनने औबेदुल्लागंज सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र से श्रोता कथा सुनने पहुंचे थे।

### एसोसिएट प्रोफेसर्स एवं सिस्टर ट्यूटर के रिजल्ट जारी करने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन एसोसिएट प्रोफेसर्स एवं सिस्टर ट्यूटर के चयन का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार और कर्मचारी चयन मण्डल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी।जबलपुर निवासी निशा चंदेल व अन्य की ओर से अधिवक्ता सुयश मोहन गुरू ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर्स के पद, ट्यूटर सिस्टर्स के पद प्रमोशन से भरने का नियम है, लेकिन राज्य सरकार ने इन्हें सीधी भर्ती से भरने का आदेश जारी किया है। कर्मचारी चयन मण्डल ने 24 दिसंबर 2025 को अधिसूचना जारी कर बीते दिनों परीक्षा करवा ली है।

# एसडीएम जनसुनवाई में आए 12 आवेदन, 3 का तुरंत निराकरण

### खाद्य अधिकारी ने हितग्राही की चालू की राशन पर्ची



जनसुनवाई में सुनवाई करते एसडीएम आशुतोष शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

खंड स्तरीय जनसुनवाई में तहसील के सभागार में आयोजित हुई। जहां 12 आवेदकों ने समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम आशुतोष शर्मा ने गुहार लगाई। इनमे तीन समस्याओं का एसडीएम ने मौके पर निराकरण किया। बाकी शिकायतों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

नगर पालिका की वार्ड 18 निवासी खालिद खान जिसकी परिवार आईडी 45883407 है, वह राशन पर्ची जारी के लिए परेशान था और कई बार कनिष्ठ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी से मिला, लेकिन पर्ची जारी नही की गई। जनसुनवाई में एसडीएम की फटकार के डर से जनसुनवाई में उपस्थित कनिष्ठ खाद्य अधिकारी मयंक द्ववेदी ने राशन पर्ची जनरेट कर इस माह से राशन दिलाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में तहसीलदार दीपक चौरसिया, अतिरिक्त तहसीलदार भूपेन्द्र केलासिया एव नायब तहसीलदार मिट्ठूलाल पंवार आदि मौजूद थे।

### सोम डिस्टिलरीज मामला, जस्टिस मिश्रा ने खुद को किया अलग

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में सोम डिस्टिलरीज की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया। जस्टिस मिश्रा ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि मामले से जुड़ा केस किसी दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए। हालांकि न्यायाधीश ने इस केस की सुनवाई से अलग होने का कोई कारण नहीं बताया है। इससे पहले भी जस्टिस विशाल मिश्रा ने भाजपा विधायक संजय पाठक के अवैध उत्खनन केस से खुद को अलग कर लिया था। तब कारण बताया था कि पाठक ने केस को लेकर संपर्क किया था। हाल ही में मप्र सरकार ने सोम डिस्टिलरीज का लाइसेंस रद्द कर दिया है। जिसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## पेचवर्क के सहारे 13 किमी की सर्विस रोड, लगता है रोज लंबा

# धूल, गड्ढे और हादसे के शिकार हो रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मध्य प्रदेश में आए दिन हाईवे निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की खबरें आ रही है। तीन साल पहले मंडीदीप में कलियासोत ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया था। कंपनी सीडीएस को ब्लैक लिस्ट करने के दावे भी किए गए, परन्तु उसी कंपनी ने भोपाल से बिनेका तक बने हाईवे में अधूरे निर्माण किए।

जिसमें मंडीदीप से औबेदुल्लागंज तक सर्विस रोड का निर्माण पूरा नहीं हो सका, जिसमें कही-कही नाली भी



सर्विस रोड पर गिट्टी से पेचवर्क करते मजदूर।

अधूरी है। एमपीआरडीसी ने मकान मालिक को मुआवजा दिए हुए सालों बीत गए, परन्तु आज भी उन जगहों पर नाली और सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो सका। जिससे नगर की 2 लाख जनता आए दिन जाम में फंस रही है। नगर के मुख्य और व्यस्ततम सड़क बुरी तरह से खराब हो चुकी है।

### ठेकेदार सड़क को विभाग को हस्तांतरित करने की जुगत में

कंपनी सीडीएस अब एमपीआरडीसी को रोड को हस्तांतरित करने की जुगत में हैं। सड़क निर्माण के बाद मेंटेनेंस समय सीमा भी अप्रैल में समाप्त हो रही है, जिससे ठेकेदार कंपनी अब एमपीआरडीसी से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्रात करेगी।

### व्यापार हो रहा चौपट

नगर के हाईवे के दोनों ओर व्यवसायियों के व्यवसाय चौपट हो रहे हैं। रोजाना लगते जाम से ग्राहक वहां रुकना नहीं चाहता। जिससे व्यापारियों में रोष उत्पन्न हो रहा है। व्यापारी अनिल पाल बताते हैं कि सर्विस रोड चौड़ा न होने और नाली निर्माण नहीं होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है।

### ट्रांसफार्मर से हो गया ऑयल चोरी

मिसरोद से बिनेका तक लगी लाइट कई माह से बंद है, जिसकी मुख्य वजह ट्रांसफॉर्मर से ऑयल चोरी होना बताया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है।

### निर्माण चल रहा है

सर्विस रोड का निर्माण चालू है। डामरीकरण चल रहा है। ठेकेदार द्वारा अप्रैल तक बचा हुआ काम पूर्ण कर लिया जाएगा, उसके बाद ही उसे एनओसी मिल सकेगी।

**ईश्वर सिंह चंदेल**
रीजनल मैनेजर, एमपीआरडीसी भोपाल

### राशि निकालने का प्रयास करने के दोषी को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड भोपाल के चेक की क्लोनिंग कर मौलाना अबुल कलाम आजाद माईनारिटी एजुकेशन सोसाइटी के नाम से 4 करोड़ 5 लाख 51 हजार 338 रुपए का एक्सिस बैंक शाखा रामपुर उत्तर प्रदेश में प्रस्तुत कर भुगतान प्राप्त करने का प्रयास करने के आरोपी शौकींद्र कुमार पुत्र धर्मपाल को विशेष न्यायालय एसटीएफ अतुल सक्सेना ने भादंवि की धारा -420, 474 और 511 में दोषी पाते हुए 3 वर्ष के कठोर कारावास एंव 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक आकिल खान ने पैरवी की।

## एसडीओपी शीला ने जन्मदिन पर की गोवंश पूजा

### अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

**मंडीदीप।** औबेदुल्लागंज सब डिवीजन की पुलिस अधिकारी शीला सुराणा का जन्मदिन नगर के थाने के स्टाफ ने मनाया। शीला सुराणा ने गो पूजा की एवं गोवंश को गुड़-रोटी खिलाया। इस अवसर पर समाजसेवी, शिक्षाविद, परिवार जन, मीडिया हाउस के सदस्य ने ने उन्हें बधाई दी और लंबी उम्र की कामना की।



### एसडीओपी शीला सुराणा का मनाया जन्मदिन अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** मंगलवार को एसडीओपी शीला सुराणा का जन्मदिन मनाया गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार निलेश सरवटे, भाजपा नेता जयप्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र नागर, नपा उपाध्यक्ष नामित बागिश अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, टीआई भारत प्रताप सिंह, प्रेस क्लब के भारत निहाल ने शीला सुराणा को जन्मदिन की बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की।

# कांग्रेस किसान महाचौपाल: ट्रेड डील पर नेता प्रतिपक्ष का हमला जीतू पटवारी और उमंग सिंघार ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप

## कांग्रेस ने आंदोलन की दी चेतावनी, उठाए कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के अटल पथ पर आयोजित कांग्रेस किसान महाचौपाल में प्रदेश नेतृत्व ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच नहीं, बल्कि दो नेताओं के बीच हुआ करार है, जिससे देश और किसानों के हित प्रभावित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस ट्रेड डील का सीधा असर कृषि क्षेत्र, विशेषकर मध्यप्रदेश के किसानों पर पड़ेगा। पटवारी ने कहा कि किसानों के भविष्य से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और कांग्रेस इस मुद्दे को जनआंदोलन बनाएगी।



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौता प्रदेश के सोयाबीन, दाल, गेहूं, मक्का और सरसों उत्पादक किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि विदेशी कृषि उत्पाद भारत में बड़े पैमाने पर आए, तो स्थानीय किसानों को उचित दाम नहीं मिल पाएंगे।



कांग्रेस किसान महाचौपाल को संबोधित करते राहुल।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता

सिंघार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि किसानों की आय सुरक्षा के लिए ठोस नीति की जरूरत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस सरकारों ने अतीत में किसानों के हित में फैसले लिए, जबकि वर्तमान सरकार किसानों की चिंताओं को नजरअंदाज कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी की गई तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

### दूध और बैलगाड़ी लेकर पहुंचे कांग्रेसी



इधर, महापंचायत में कांग्रेस के नेता अनोखे अंजाद में पहुंचे। महिलाओं के साथ दीप्ति सिंह बैलगाड़ी लेकर पहुंची। वहीं दूध बेचने वाले किसानों के समर्थन में पीसी शर्मा आए। शर्मा के साथ कुछ नेता आलू की माला लेकर पहुंचे। हालांकि 50 हजार की भीड़ इकट्ठा नहीं हुई, लेकिन जीतू पटवारी का प्लान कुछ हद तक असरदार दिखाई दिया। प्रदेश भर से हजारों की संख्या में पहुंचे।



### शुक्ला ने किया स्वागत



किसान महाचौपाल को संबोधित करने आ रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भोपाल आगमन पर गेहूं की फसल एक मटके में नरेंदर सरेंडर लिखकर स्वागत के लिए कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता लालघाटी चौराहे पर खड़े रहे।

## खबर संक्षेप

### मप्र निर्वाचन आयोग की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में पहल को मिली सराहना

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित राज्यों के गोलमेज सम्मेलन में सहभागिता के लिए मप्र राज्य निर्वाचन आयोग की टीम नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम पहुंची। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में दल में विधि सलाहकार डॉ. प्रदीप शुक्ला तथा तकनीकी सलाहकार राकेश शुक्ला शामिल हैं। सम्मेलन में मप्र की ओर से निर्वाचन प्रक्रिया में किए गए नवाचारों, डिजिटल पहलों तथा पारदर्शिता और सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए प्रभावी कदमों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। टीम ने बताया कि किस प्रकार तकनीकी एकीकरण और सुव्यवस्थित प्रबंधन के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, दक्ष और जवाबदेह बनाया जा रहा है। आयोग ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा व्यवस्थागत सुधारों के माध्यम से निर्वाचन प्रणाली को सुदृढ़ करने के अपने प्रयासों को साझा किया। यह सहभागिता राज्य निर्वाचन आयोग की नवाचार, सुशासन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राष्ट्रीय स्तर पर मप्र की सक्रिय भूमिका को रेखांकित करती है।

### स्वास्थ्य कर्मियों की न्याय यात्रा आज भोपाल में, सीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

**भोपाल।** लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने आक्रोशित प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी बुधवार को राजधानी भोपाल में न्याय यात्रा निकालकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने चेतावनी दी है कि वर्षों से लंबित मांगों का समाधान नहीं हुआ तो स्वास्थ्य विभाग के नियमित, संविदा, आउटसोर्स और अन्य कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती है। प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 25 फरवरी को हजारों कर्मचारी भोपाल में एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे स्वास्थ्य संचालनालय जेपी अस्पताल परिसर से न्याय यात्रा निकालते हुए मुख्यमंत्री निवास तक रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। सुरेंदर सिंह कौरव ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और विभाग की होगी। चौथे चरण में पहुंचा आंदोलन महासंघ के अनुसार यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चल रहा है और अब चौथे चरण में प्रवेश कर चुका है। महासंघ ने चेताया है कि नियमित, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी, एड्स नियंत्रण समिति, आउटसोर्स, रोगी कल्याण समिति, गैस राहत विभाग तथा आयुष विभाग से जुड़े कर्मचारी भी आंदोलन में शामिल होंगे। समय रहते आदेश जारी नहीं हुए तो सामूहिक हड़ताल की जाएगी।

## उज्जैन के दर्शनीय स्थलों के पिक्टोरियल पोस्टकार्ड का किया विमोचन

# महाकालेश्वर-ओंकारेश्वर की प्रसादी डाक से पहुंचाने के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### भारतीय डाक व्यवस्था में आए निर्णायक परिवर्तन, ग्रामीण डाक सेवक देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की है नींव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक समय सिर्फ चिट्ठियां पहुंचाने वाला विभाग अब बाबा महाकाल के प्रसाद के वितरण के लिए नई पोस्टल सेवा लागू करने तक अपनी यात्रा तय कर चुका है। डाक घरों के माध्यम से लोगों को बीमा योजनाओं, बचत योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बचत खाते शुरू करने से लेकर तीव्र गति से स्पीड पोस्ट और अन्य माध्यमों से ग्राहकों को लाभान्वित किया जा रहा है। ग्रामीण डाक सेवक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में शिप्रा नदी किनारे स्थित कार्तिक मेला ग्राउंड में आयोजित ग्रामीण डाक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों के हित में भारतीय डाक व्यवस्था ने अपनी सार्थक भूमिका सिद्ध की है। ब्रिटिश काल से शुरू व्यवस्थाओं को नया स्वरूप मिलता गया। उन्होंने कहा कि डाक व्यवस्था में निर्णायक परिवर्तन आए हैं और डाक विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाने की ठोस पहल हुई है। मुख्यमंत्री ने डाक सेवकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि अपने अथक परिश्रम से गांव-गांव तक डाक तथा अन्य जनउपयोगी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने वाले ग्रामीण डाक सेवकों की देश के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्र ने कार्यक्रम में मप्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक नायकों को सम्मानित किया।



पोस्टल सेवा का शुभारंभ करते केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एवं सीएम डॉ. यादव।

### पोस्टल सेवा का शुभारंभ किया गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने भारतीय डाक विभाग से उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर तथा श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की प्रसादी आमजन तक पहुंचाने के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त उज्जैन के प्रसिद्ध स्थानों के संकलन पर आधारित पिक्टोरियल पोस्ट कार्ड का विमोचन भी अतिथियों की ओर से किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक हमारे सैनिक तथा हमारी ताकत है। डाक विभाग सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। हमारे देश में प्राचीन काल से ही डाक पहुंचाने की परंपरा रही है। हमारे देश में डाक सेवकों का हृदय से सम्मान रहा है। बदलते दौर में देश के पोस्ट ऑफिस तीव्र गति से कार्य कर रहे हैं।

### गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी बड़ी सौगात: डॉ यादव

सीएम ने कहा है कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी महाकौशल सहित प्रदेश के लिए बड़ी सौगात है। इससे नक्सल समस्या से मुक्त बालाघाट जिले के साथ ही जबलपुर, मंडला और सिवनी में कनेक्टिविटी मजबूत होगी, व्यापार-व्यवसाय और पर्यटन भी बढ़ेगा। सेवातीर्थ में केंद्र सरकार की पहली केबिनेट बैठक में गोंदिया से जबलपुर रेलवे लाइन दोहरीकरण को मंजूरी मिल गई है। रेल मंत्री वैष्णव ने इसे रामायण सर्किट से नार्थ से साउथ तक का एक महत्वपूर्ण कॉरीडोर बताया है। इस दोहरीकरण का सबसे ज्यादा लाभ विकास के रूप में बालाघाट जिले को मिलेगा।

## एमेजॉन सहित विभिन्न ई-मार्केट पोर्टल पर उपलब्ध होंगे महिला समूहों के उत्पाद

# 'आजीविका विपणन क्षमतावर्धन कार्यशाला' का शुभारंभ आज

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बुधवार 25 फरवरी को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में स्व-सहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के मार्केटिंग के तहत क्षमतावर्धन के लिए प्रशिक्षण देना है। इससे स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को उत्पाद विक्रय के लिए राष्ट्र स्तरीय वृहद बाजार उपलब्ध कराया जाएगा।

### कई प्रमुख संस्थाओं के साथ किए जाएंगे अनुबंध

आजीविका मिशन की सीईओ हर्षिका सिंह ने बताया कि समूह उत्पादों की विपणन की प्रक्रिया को और व्यापक करने तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए आजीविका उत्पादों को एमेजॉन पोर्टल पर ऑन वोर्ड किया जा रहा है। साथ ही उत्पादों के लोकव्यापीकरण तथा डिजीटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए 25 फरवरी को संस्थाओं के साथ मिशन द्वारा अनुबंध किया जा रहा है। इनमें प्रमुख रूप से इण्डिया पोस्ट, अमेजॉन सहेली, आईटीसी, एक्सेस डेव्हलपमेण्ट, बुद्धा फाउण्डेशन, ट्रिफ, एवं साईट सेवर के साथ एमओयू किया जा रहा है।

### जैविक पद्धतियों को दिया जाएगा बढ़ावा

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्राकृतिक एवं जैविक पद्धतियों को बढावा देते हुए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से अनेकों प्रकार की आजीविका गतिविधियां की जा रही हैं। प्रकृति एवं पर्यावरण के हित को ध्यान में रखते हुए इस बार होली पर विशेष रूप से प्राकृतिक रंग, पूजन सामग्री, गौ-काष्ठ, उत्पाद- गुलेरी, गोबर, गणेश, धूप बत्ती आदि विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, गुजिया मिलटेल्ड नमकीन, ठण्डाई , वस्त्र एवं अन्य उत्पाद समूहों की बहनों द्वारा तैयार किए गए हैं। 28 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक भोपाल हाट में आयोजित हो रहे दो दिवसीय होली मेले में भी उपलब्ध रहेंगे।

## महर्षि विटीलिगो रिसर्च और डायबिटीज एण्ड फुट केयर सेंटर का शुभारंभ

**उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा-मरीजों को मिलेगा सही उपचार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इंदौर में महर्षि विटीलिगो रिसर्च सेंटर और महर्षि डायबिटीज एण्ड फुट केयर सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उक्त सेंटर उच्च और आधुनिक तकनीक से लैस है, जहां सफेद दाग का संपूर्ण उपचार होने के साथ-साथ पैर के अल्सर घाव का बेहतर तरीके से उपचार होगा। उप मुख्यमंत्री ने महर्षि विटीलिगो रिसर्च सेंटर और डायबिटीज एण्ड फुट केयर सेंटर का अवलोकन किया और चिकित्सकों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सेंटर के संचालक सफेद दाग विशेषज्ञ डॉ. संजय दुबे और मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा दुबे को शुभकामना दी। कार्यक्रम में भारतीय जल सेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, डॉ. माधव प्रसाद हासानी, डॉ. अरविंद घनघोरिया सहित चिकित्सक उपस्थित थे।

## सीएम हेल्पलाइन के मामलों पर एक्शन मोड में आयुक्त- 2008 लंबित शिकायतों के निराकरण में जुटा परिवहन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि आरटीओ से जुड़ी 2008 शिकायतें अब तक लंबित हैं।

इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सभी जिलों के आरटीओ कार्यालयों में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त के निर्देश पर प्रदेशभर के जिला परिवहन कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में सबसे पहले सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। शिकायतकर्ताओं को मोबाइल फोन के माध्यम से संबंधित कार्यालय में बुलाकर उनकी समस्या सुनी जा रही है और मौके पर ही निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में पाया गया कि हेल्पलाइन पर दो हजार से अधिक शिकायतें लंबित हैं।

आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान विभाग की प्राथमिकता है। शिविर के बाद निराकृत शिकायतों की संख्या की दोबारा समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता होने पर पुनः अभियान चलाया जाएगा।

## दुधारू पशुप्रदाय योजना सबसे गरीब के जीवन में खुशहाली का प्रयास

# क्रियान्वयन में पारदर्शिता, तत्परता और संवेदनशीलता बेहद जरूरी

**गरीबों के हितों को दी जाए सर्वोच्च प्राथमिकताएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना सबसे गरीब के जीवन में खुशहाली लाने का उपक्रम है। योजना की प्रक्रियाओं और क्रियान्वयन में गरीब के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उनके हितों की अनदेखी सहन नहीं की जाएगी।

प्रथमतः एक ही पशु की अंशदान राशि जमा कराकर हितग्राही को एक ही पशु वितरित किया जाएगा। पहले पशु का रखरखाव संतोषजनक पाए जाने पर ही उसे दूसरा पशु 3 माह बाद प्रदाय किए जाने की व्यवस्था की गई है। राज्यपाल पटेल मंगलवार को पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना के संबंध में लोकभवन में चर्चा कर रहे थे। बैठक का आयोजन जनजातीय प्रकोष्ठ की ओर से किया गया था। इस अवसर पर राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी विकास लखन पटेल, जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




लोकभवन में चर्चारत राज्यपाल।

## खनिज अन्वेषण एवं विकास के लिए भवन निर्माण के लिए 34 करोड़ 2 लाख रुपए की स्वीकृति

# किसानों के लिए लगभग 10 हजार 500 करोड़ की 5 योजनाओं की निरंतरता को मिली मंजूरी

**मप्र प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों के परिवर्तन की स्वीकृति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट में किसान कल्याण वर्ष में कृषकों के लिए लगभग 10 हजार 500 करोड़ रुपए की 5 योजनाओं की निरंतरता की मंजूरी दी गई है।

पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन योजना को एक अप्रैल 26 से 31 मार्च 2031 तक निरंतर जारी रखने की मंजूरी दी गई है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अध्यक्षता में विधानसभा के समिति कक्ष में वंदे मातरम गायन के साथ कैबिनेट की बैठक आरंभ हुई।

### राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल सीड के लिए 1,793 करोड़ मंजूर

मप्र में तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित कर आयातित खाद्य तेलो पर भारत की निर्भरता को कम करने और किसानों की आय में सुधार करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्र सहायतित योजना राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल सीड संचालित है। आगामी 5 वर्षों 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च, 2031 तक निरंतर संचालन के लिए 1793 करोड़ 87 लाख रूपये से अधिक के वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति प्रदान की गई।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 2,008 करोड़ की मंजूरी

कृषि विकास की दक्षता वृद्धि, विभिन्न कृषि घटकों की प्रभावकारिता को बढाने, दोहराव से बचने अभिसरण सुनिश्चित करने तथा राज्य सरकार को योजना बनाने में लचीलापन प्रदान करने के लिए मप्र में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना संचालित है। इसके तहत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की आवश्यकता की पूर्ति के लिए परियोजना तैयार कर क्रियान्वित की जाती है। इस योजना को आगामी 5 वर्षों 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतरता के लिए 2008.683 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है। कैबिनेट में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में पर ड्रॉप-मोर क्रॉप घटक का आगामी 5 वर्षों 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतर संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई।

### भावांतर योजना में सरसों उपार्जन की स्वीकृति

कैबिनेट ने रबी वर्ष 2025-26 में प्रदेश के सरसों उत्पादक किसानों को लाभान्वित किये जाने के लिए केन्द्र सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम लागू की जा रही है। भावांतर योजना-सरसों को स्वीकृति दी गई है। प्रदेश में सरसों भावांतर योजनान्तर्गत 23 मार्च से 30 मई 2026 तक सरसों का विक्रय राज्य की अधिसूचित मंडियों में किया जाएगा। खनिज साधन विभाग के अंतर्गत बजट योजना खनिज अन्वेषण एवं विकास के लिए भवन निर्माण को निरंतर रखे जाने की स्वीकृति दी गई। योजना खनिज साधन विभाग के अंतर्गत पूर्व से संचालित योजना है, योजनांतर्गत संचालनालय के नवीन भवन निर्माण कार्य पर 34 करोड़ 2 लाख का व्यय संभावित है।

### मप्र प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों के परिवर्तन की मंजूरी

मप्र राजपत्र असाधारण में मप्र प्रशासनिक ईकाई पुनर्गठन आयोग संबंधी निर्देश में वर्तमान के स्थान पर नवीन संशोधन अनुसार परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई। संशोधन अनुसार मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का अध्यक्ष पर्याप्त प्रशासनिक अनुभव, योग्यता धारित करने वाला व्यक्ति होगा। आयोग के अध्यक्ष को राज्य सरकार के प्रमुख सचिव के समकक्ष वेतनमान और उस पर समय-समय पर मंहगाई भत्ते और अन्य भत्ते देय होंगे। आयोग के अध्यक्ष पद पर राज्य सरकार के सेवानिवृत अधिकारी नियुक्त होने की स्थिति में उन्हें सेवानिवृत्ति के समय देय मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ते से सारांशीकरण के पूर्व की पेंशन घटाई जाकर शेष राशि वेतन, मानदेय के रूप में देय होगी और उस पर समय-समय पर मंहगाई भत्ता देय होगा।

**पेज एक का शेष...**

## केरल का नाम ...

भाषा में केरा का मतलब होता है नारियल का पेड़ और अलम का मतलब होता है जमीन या भूमि यानी कि केरलम का अर्थ हुआ नारियल के पेड़ वाली भूमि। इसके साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और झारखंड के आठ जिलों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को मंजूरी देने जैसे बड़े फैसलों को हरी झंडी दी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जबलपुर गोंदिया डबलिंग में कुल 5236 करोड़ रु का खर्च होगा।

## एमएसपी के अतिरिक्त ...

किसान कल्याण वर्ष में किसानों के लिए लगभग 10 हजार 500 करोड़ रुपए की 5 योजनाओं की निरंतरता को मंजूरी दी गई है।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदन में कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण वर्ष बना रही है। किसानों को लेकर उड़द, सरसों और बाकी फसलों को लेकर मैंने अपना वक्तव्य दिया है। सरकार किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। एमएसपी के अतिरिक्त उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन योजना में धान, गेहूं, दलहन, मोटा अनाज, नगदी फसलों का क्षेत्र का विस्तार 5 वर्ष के लिए हमने पुनः लागू किया है। यह किसानों के लिए एक बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने रसायन से मुक्त खाद्य उत्पादन में नेशनल मिशन नेचुरल फार्मिंग के तहत पुनः 5 साल के लिए नवीनीकरण कर रही है। इसके जरिए लाखों किसानों को फायदा होगा। अपनी ओर से प्राकृतिक खेती के लिए सभी किसानों को प्रेरित करने वाली योजना के माध्यम से किसानों को बधाई देना चाहता हूं।

## मुख्यमंत्री ने कैबिनेट ....

स्वीकृति, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में पर ड्रॉप-मोर-क्रॉप के लिए 2,393 करोड़ 97 लाख रुपए की मंजूरी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के लिए 3,285 करोड़ 49 लाख रुपए की स्वीकृति, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के लिए 1011 करोड़ 59 लाख रुपए की स्वीकृति, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल सीड के लिए 1,793 करोड़ 87 लाख रुपए स्वीकृत, भावांतर योजना में सरसों उपार्जन की स्वीकृतिख खनिज अन्वेषण एवं विकास व भवन निर्माण के लिए 34 करोड़ 2 लाख रुपए की स्वीकृति, के साथ ही कैबिनेट में मप्र प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों के परिवर्तन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का अध्यक्ष पर्याप्त प्रशासनिक अनुभव, योग्यता धारित करने वाला व्यक्ति होगा।

## ट्रंप का दावा...

कर रहे थे। कहा कि लोकसभा में जब मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ तो मुझे बोलने नहीं दिया गया। वहां से प्रधानमंत्री पीएम हाउस पहुंचे और सीधे अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन कर डील पर हस्ताक्षर करने का वादा कर दिया। उन्होंने कहा कि यह बात खुद ट्रंप ने कही कि मोदी ने उनसे फोन कर डील साइन करने का वादा किया है। गौर हो कि ट्रेड डील के खिलाफ देश भर में अभियान की शुरुआत भोपाल से की गई।

## डील से भारत ...

बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस डील से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ। भारत को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और हर साल अमेरिका से भारी मात्रा में सामान खरीदना पड़ेगा।
राहुल ने कहा कि अगर अमेरिका से कपास और अन्य सामान सस्ते में आएंगे, तो भारत की टैक्सटाइल इंडस्ट्री और स्थानीय उद्योग कमजोर हो जाएंगे।
राहुल ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के सारे कार्यकर्ताओं के मन में है कि गलत हुआ है। उनकी आंखों में देखिए आपको दिखेगा कि पीएम नरेंद्र मोदी को फंसा दिया गया है। उन्होंने ये डील की है। ये डील नहीं है, इनके दिल में तीर है। उन्होंने कहा कि दम है तो आप डील को रद्द करके दिखा दीजिए। ये नहीं कर सकते हैं क्योंकि अडाणी का केस है। एपस्टीन की धमकी है। सिर्फ किसानों को नहीं, 21वीं सदी में सबसे जरूरी चीज डेटा है। जिसके पास डेटा है, वो जीतेगा, जिसके पास डेटा नहीं है वो खत्म हो जाएगा। राहुल ने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा डेटा हिंदुस्तान के पास है। दूसरे नंबर पर चीन है। हिंदुस्तान के डेटा के बिना चीन का मुकाबला अमरीका नहीं कर सकता है। इस डील में छोटी सी पटकथा में मोदी ने पूरा डेटा अमेरिका के हवाले कर दिया।

## सरकार अमेरिकी दबाव ....

चला रखा है। नरेंद्र मोदी का नामकरण चूंकि कांग्रेस शासलकाल में हुआ था इसलिए उन्हें अपना नाम भी बदल लेना चाहिए। खरगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी, सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने कई बार कहा कि आपरेशन सिंदूर मैंने रोका लेकिन मोदी सिर्फ गिड़गिड़ाते रहे, उनकी एक बार भी ट्रंप की बात गलत कहने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पहले भारत को व्यापार में लाभ होता था, लेकिन अब नीतियां ऐसी हैं कि देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार अमेरिकी दबाव में फैसले ले रही है, जिससे किसानों के हित प्रभावित हो रहे हैं।

## यूथ कांग्रेस चीफ ...

विरासत है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का डेमोक्रेटिक अधिकार है। मुझे यूथ कांग्रेस में अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने कंप्रोमाइज पीएम के खिलाफ देश के हित में निडर होकर अपनी आवाज उठाई है। ये गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है।

## रेंजर सहित छह...

प्रथम दृष्टया सिद्ध होने पर सिवनी मालवा रेंजर आशीष रावत, वनपाल महेश गौर तथा वनरक्षक मनीष गौर, रूपक झा, ब्रजेश पगारे और पवन उइके को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वन विभाग ने संकेत दिए हैं कि विस्तृत विभागीय जांच के उपरांत दोषियों पर और कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। 21 जनवरी को शिवपुर क्षेत्र में दो काले हिरण संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए थे। एक हिरण जीवित अवस्था में मिला, जिसके पैर बंधे हुए थे, जबकि दूसरा मृत पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के कथनों, पोस्टमार्टम प्रतिवेदन और अन्य भौतिक साक्ष्यों से स्पष्ट संकेत मिले कि यह संगठित शिकार की घटना थी। इसके बावजूद, संबंधित वन अधिकारियों ने घटना को प्राकृतिक मृत्यु का रूप देने का प्रयास किया। प्रारंभिक स्तर पर प्रकरण को भ्रामक ढंग से प्रस्तुत कर वास्तविक तथ्यों को दबाने की कोशिश की गई।

## केंद्र सरकार ने ...

ऐसी सामग्री उपलब्ध थी, जो अश्लील और आपत्तिजनक मानी गई। सरकार का कहना है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म को स्वतंत्रता है, लेकिन साथ ही नियमों और सामाजिक मर्यादाओं का पालन करना जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि अब इन प्लेटफॉर्म की वेबसाइट और एप्स भारत में काम नहीं करेंगे। सरकार आगे भी ऑनलाइन सामग्री पर नजर रखेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को कहा जाता है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स की पहुंच को बंद करें। यह नियम सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 और अश्लीलता रोकने वाले कानूनों के तहत लागू किए जाते हैं।

## फ्लाइट का इंजन ....

भांपते हुए पायलटों ने सूझबूझ दिखाई और लेह की ओर उड़ान जारी रखने के बजाए तुरंत दिल्ली लौटने का फैसला किया। घटना के वक्त विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे। हवा में इंजन फेल होने जैसी गंभीर स्थिति के बावजूद, पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) से संपर्क कर विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई। सुरक्षित लैंडिंग के बाद विमान को रनवे से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पार्क कर दिया गया है। स्पाइसजेट की तकनीकी और इंजीनियरिंग टीम अब विमान के इंजन की जांच कर रही है ताकि खराबी के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

## पहले कहा था-...

हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। याचिका उनके अधिवक्ताओं राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के जरिए दायर हुई है। मामला तब हाईकोर्ट तक पहुंचा, जब आशुतोष ब्रह्मचारी ने धारा 173(4) के तहत जिला कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। इस अर्जी पर सुनवाई करते हुए एडीजे रेप एंड पोक्सो स्पेशल कोर्ट (विनोद कुमार चौरसिया) ने झूंसी थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू करने का आदेश दिया था। अदालत के आदेश पर कार्रवाई करते हुए झूंसी थाना पुलिस ने रविवार को एफआईआर दर्ज की। इधर, हाईकोर्ट में दाखिल अग्रिम जमानत याचिका में राज्य सरकार, शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी, नाबालिग पीड़ित और हरि शरण को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि मामले से जुड़े सभी तथ्य एफिडेविट में दिए गए हैं और उन्हें ही आधार बनाकर कोर्ट सुनवाई करे।

## याचिका में कहा...

किया गया है कि न्यायहित में उपयुक्त अन्य आदेश भी पारित किए जाएं। इस मामले की जल्द सुनवाई की संभावना है और पूरे प्रदेश की निगाहें अब हाईकोर्ट की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## पिता के शव....

दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। पिता का सिर फेंकने के बाद आरोपी घर लौटा और कार की सफाई की। तीन दिन बाद सोमवार को वह थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जब पूछताछ शुरू की तो बेटा घबराया नजर आया। शक होने पर सख्ती से पूछताछ की गई, तब उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस उसे लेकर मौके पर पहुंची और शव के टुकड़े बरामद किए, लेकिन सिर नहीं मिला। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता चाहते थे कि वह नीट क्वालीफाई करके एमबीबीएस करे। वह इस बात पर अड़ा था कि एमबीबीएस के लिए उस पर जबरदस्ती न की जाए। वह पिता से कहता था कि पैथोलॉजी लैब की जगह लॉन या रेस्टोरेंट खोला जाए, जो ज्यादा अच्छा बिजनेस रहेगा। इसी बात को लेकर 20 फरवरी को पिता से बहस हुई। गुस्से में उसने पिता की लाइसेंसी राइफल से गोली मार दी। शव का बुधवार को अंतिम संस्कार होगा। वारदात आशियाना कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-एल की है। मृतक मानवेंद्र सिंह पैथोलॉजी लैब के अलावा शराब कारोबार से भी जुड़े थे।

# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



### चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे।

### ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई। यहां बता दें कि कमल हासन और अमिताभ बच्चन दोनों 'कल्कि 2898 ईडी' का हिस्सा रहे हैं। फिल्म में कमल हासन मुख्य विलन सुप्रीम यास्किन की भूमिका निभाई है। फिल्म में वो 'कॉम्प्लेक्स' नामक शहर के एक बीमार, बुजुर्ग और तानाशाह राजा हैं जो अमर और जवान बनने के लिए लड़कियों के भ्रूण का इस्तेमाल टेक्नोलॉजी की मदद से

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
COMPLETE SOLAR SOTUTIONS
Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
HERRY UP!
BEST OFFER
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF WAAREE adani Solar ECE INDIA
Sirf ₹72,000 Mein!
3.3 kW Solar Lagaye
Bachat ka Naya Tareeka!
Contact us 99932-41867, 73549-99281
Aura Mall, Bhopal, 462010
228, Dwarkadhish Colony Indore (M.P.) 452005

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर

संपर्क 9755600569, 9755600827
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
आफिस: आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

आवश्यकता
अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस सांई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (RO 39987)
BSP- 18 to 26/02/2026

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6149



**बाएँ से दाए-**
1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -6148 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6159

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6158 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

### अब तमिलनाडु से रायपुर में होगा मुकाबला

# संजय पाण्डेय की कोचिंग में छत्तीसगढ़ की टीम सीके नायडू ट्रॉफी के सेमीफाइनल में





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसबीआई में कार्यरत रणजी क्रिकेटर संजय पाण्डेय की कोचिंग में छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराकर कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमी में छत्तीसगढ़ का मुकाबला तमिलनाडु से रायपुर में 1-4 मार्च तक होगा। छत्तीसगढ़ टीम पहली बार सीके नायडू ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंची है।

### 1 से 4 मार्च के बीच खेला जाएगा मैच

### मप्र वनडे टीम के कप्तान भी रहे हैं संजय

*बता दें कि बतौर तेज गेंदबाज संजय पाण्डेय ने मप्र के लिए 14 वर्ष फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेला है। संजय मप्र वन डे टीम के कप्तान भी रहे हैं। वे पूर्व में मप्र की अंडर 19 व अंडर 23 और पुड्डीचेरी की अंडर 23 टीम के कोच रहे हैं। उनकी कोचिंग में मप्र टीम कूच बेहार और सीके नायडू ट्रॉफी का फाइनल खेला है।*

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी योगा गेम्स में कैवल्य धाम संस्थान को किया रिप्रजेंट

# भोपाल की प्रिया ने योग में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की प्रिया आर्य ने नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी आंध्रप्रदेश में 15 से 17 फरवरी तक आयोजित आल इंडिया यूनिवर्सिटी योगा गेम्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। प्रिया ने कैवल्य धाम संस्थान लोनावाल पुणे को रिप्रजेंट करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की है। राजधानी के मॉडल स्कूल इस पूर्व छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के लिए भी पदक जीते हैं। मप्र योगा एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा व प्रशिक्षक टीएस वावन ने प्रिया को सदा प्रोत्साहित किया है। प्रिया के भाई अभिषेक ने भी हाल में ही राजधानी के छोटे तालाब पर आयोजित राष्ट्रीय कयाकिंग एवं कैनोइंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते थे। उनकी इस सफलता पर खेल संचालक अंशुमान यादव, जेडी बीएस यादव, डीएसओ प्रदीप अष्टेया और डॉ. क्षिप्रा श्रीवास्तव ने बधाई दी है।



# यूआईटी-आरजीपीवी में तीन दिवसीय खेल महोत्सव 'प्रतिस्पर्धा 2026' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



यूआईटी-आरजीपीवी, भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव 'प्रतिस्पर्धा 2026' का शुभारंभ मंगलवार प्रातः 10:30 बजे यूआईटी क्रिकेट ग्राउंड में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस. सी. चौबे एवं निदेशक यूआईटी प्रो सुधीर सिंह भदौरिया द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह उत्साह एवं उमंग के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खेल प्रभारी प्रो. विजय कुमार गुप्ता, खेल समन्वयक डॉ सुनील दोहरे विभिन्न खेलों के प्रभारी प्राध्यापक, समन्वयकगण, सभी छात्र समन्वयक तथा बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने खेल प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। संस्थान परिसर में आयोजित इस खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज तथा टग ऑफ वार सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिल रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो एस सी चौबे एवं यूआईटी आरजीपीवी निदेशक प्रो सुधीर सिंह भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों के माध्यम से टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा प्रतिस्पर्धात्मक सोच का विकास होता है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

# एमपीएल 2026: भोपाल लेपड्र्स ने अरशद खान पर जताया भरोसा, तीसरे सीजन में भी सौंपी कप्तानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




डिफेंडिंग चैंपियन भोपाल ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) सिंधिया कप 2026 के लिए मोहम्मद अरशद खान को एक बार फिर टीम का कप्तान बनाए रखा है। यह एमपीएल का तीसरा संस्करण होगा, जिसका आयोजन जून 2026 में इंदौर में किया जाएगा। मौजूदा समय में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस का हिस्सा अरशद खान, भोपाल लेपड्र्स के साथ तीन साल के करार में बंधे हैं। टीम प्रबंधन का मानना है कि नेतृत्व में निरंतरता और स्थिरता बनाए रखने के लिए यह फैसला अहम है। पिछले सीज़न में खिताब जीतने वाली भोपाल लेपड्र्स, एमपी लीग की सबसे अनुशासित और पेशेवर फ्रेंचाइज़ियों में गिनी जाती है। अरशद की कप्तानी में टीम ने न सिर्फ दबाव में बेहतर प्रदर्शन किया, बल्कि रणनीतिक समझ और विजयी मानसिकता का भी परिचय दिया। टीम के मालिक अभिषेक मोहन गुप्ता ने कहा कि अरशद खान टीम के मूल्यों और सोच का सही प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके अनुसार, कप्तानी में निरंतरता टीम को एक मजबूत और स्थायी पहचान देने में मदद करेगी।

### मेरे लिए यह सम्मान की बात

*अरशद खान ने कहा कि भोपाल लेपड्र्स का नेतृत्व करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने भरोसा जताया कि टीम आगामी सीज़न में भी निरंतरता बनाए रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी। भोपाल लेपड्र्स की 2026 सीज़न की पूरी टीम की घोषणा मार्च के अंतिम सप्ताह में की जाएगी।*

### मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# खिलाड़ी सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें: डेहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल टूर्नामेंट 2025-26 की मेजबानी की गई, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं के महत्वपूर्ण मंच के रूप में स्थापित हुआ। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन 23 फरवरी को किया गया। 27 फरवरी तक चलने वाली इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 45 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष, मप्र निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग प्रो. खेमसिंह डेहरिया थे। उन्होंने कहा कि खेल शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन को सुदृढ़ करने का कार्य करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रो कुलाधिपति डॉ. अजीत सिंह पटेल, कार्यकारी निदेशक ईशान पटेल, ईशा पटेल तथा कुलपति डॉ. राजेश कुमार राय की उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर वुडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष डॉ. प्रवीण मनवतकर, महासचिव अजय सोनटके, सीईओ सुदीप मनवतकर तथा तकनीकी अध्यक्ष गोविंद झा की विशेष उपस्थिति रही।

# बीयू की 100 से अधिक बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 20 से 23 फरवरी के बीच सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम (गर्ल्स) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि की 100 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो एस.के. जैन कुलगुरु रहे। अध्यक्षता डॉ. एसबी सिंह, कुलसचिव ने की। विशिष्ट अतिथियों में एसके श्रीवास्तव पीएमयू हेड, सेडमैप एवं प्रो विपिन व्यास हेड, पीएम-उषा, बीयू, अरुण गुप्ता, प्रो मोना पुरोहित, डॉ रेखा खंडिया, रविंद्र कौशिक, डॉ सरिता सिंह कुशवाहा डा चंद्रभान, सुमित पटेल, मुकेश शर्मा रहे। कार्यक्रम में शिक्षक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रायोजक एवं संयोजक डॉ. आलोक मिश्रा संचालक, शारीरिक शिक्षा रहे। मुख्य प्रशिक्षक सुप्रिया जाटव विक्रम अवार्ड, स्वर्ण पदक विजेता-कॉमनवेल्थ गेम्स, यूएस ओपन; पुलिस/ डिफेंस आत्मरक्षा प्रशिक्षक ने प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर डॉ पूनम सिंह ने आभार माना।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत-2, तहसील हुज़ूर जिला भोपाल**

प्रकरण कमांक 8403/अ-6/2025-26
दिनांक 12/02/2026
ग्राम डोबरा जागीर प.ह.न. 40

// ईश्तहार //

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री उवेद उर रहमान आ. मुजम्मिल उर रहमान सिद्दीकी निवासी म.नं.-46 गली नं-01 मुफती हाउस पीरगेट मोती मस्जिद रोड भोपाल म.प्र., ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109-110 के तहत पुस्तुत कर इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम डोबरा जागीर प०ह०न० 40 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा कमांक 14/1, 12/1, 13/1, 46, 47/1 रकबा कमशः 1.06, 0.026, 0.09, 0.81, 0.53 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड मे नवेद उर रहमान सिद्दीकी आ. मुजम्मिल उर रहमान सिद्दीकी के नाम दर्ज है, स्व. नवेद उर रहमान सिद्दीकी आ. मुजम्मिल उर रहमान सिद्दीकी की मृत्यु दिनांक 22/06/2025 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उक्त भूमि का वसीयत के आधार पर फौती नामान्तरण उनके वारीसान द्वारा फौती नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन किया है। आवेदक ने अपने पक्ष अनुसमर्थन मे मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, खसर बी-1 की नकल की छायाप्रति प्रस्तुत की है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति / सस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 27/02/2026 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 12/02/2026 को जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील हुज़ूर भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक बी/9 मण्डल द्वारा श्रीमती सल्तनत फातमा पत्नी स्व. श्री सैय्यद जाफर रजा के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 02/05/1986 को किया गया है। श्रीमती सल्तनत फातमा का स्वर्गवारा दिनांक 20/03/2020 को एवं उनके पति श्री जाफर रजा का स्वर्गवास दिनांक 22/06/2014 को हो गया है। आवेदक आवंटी के 2 पौते (1) श्री मोहम्मद रजा आबदी आत्मज श्री हाकिम रजा आबदी (2) श्री सफीरे हुसैन, आयु 15 वर्ष (नाबालिग) द्वारा संरक्षक माताजी श्रीमती नुसरत फातिमा पत्नी श्री रजा आबदी द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयाबधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**आम सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, शिशिर सक्सेना (अधिवक्ता), अपने पक्षकारान
1. श्री उमाकांत गुंदेचा पुत्र श्री चांदमल गुंदेचा
3. श्री अनंत गुंदेचा पुत्र स्व. श्री रमाकांत गुंदेचा
2. श्री अखिलेश गुंदेचा पुत्र श्री चांदमल गुंदेचा
4. श्रीमती रेणु गुंदेचा पत्नी स्व. श्री रमाकांत गुंदेचा

निवासीगणः 'सुंदरम', 15, लेकसाइड, प्रोफेसर कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) की ओर से एवं उनके निर्देशानुसार यहआम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ:

मेरे उपरोक्त पक्षकारान की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित की जाती है कि: 1. एक भूखंड (Plot) जिसका क्रमांक SP-38 है, जो 'लेक पर्ल स्प्रिंग' (Lake Pearl Spring) योजना में स्थित है, और जिसका कुल क्षेत्रफल 100.80 वर्ग मीटर (आकार 7.20 मी. x 14.00 मी.) है। यह संपत्ति ग्राम गोंदरमऊ, पटवारी हल्का नं. 04, तहसील बैरागढ़ (हुजूर), जिला भोपाल (म.प्र.) की नगर निगम भोपाल कि सीमा में स्थित है। 2. उक्त संपत्ति का क्रय मेरे पक्षकारान (फर्म गुंदेचा बंधु' के भागीदारान श्री उमाकांत गुंदेचा, श्री अखिलेश गुंदेचा एवं तत्कालीन भागीदार स्व. श्री रमाकांत गुंदेचा) द्वारा विक्रेता मैसर्स लेक लैंड बिल्डर्स एंड डेवलपर्स (भागीदार वासिक हुसैन) से, पंजीकृत विक्रय पत्र (Registered Sale Deed) के माध्यम से दिसंबर 2009 में किया गया था। 3. दुखद विषय है कि मूल क्रेता भागीदारों में से एक श्री रमाकांत गुंदेचा (पुत्र श्री चांदमल गुंदेचा) का स्वर्गवास हो चुका है, अतः उनके वैधानिक वारिस (पुत्र श्री अनंत गुंदेचा एवं पत्नी श्रीमती रेणु गुंदेचा) भी इस सूचना में शामिल हैं। 4. उक्त संपत्ति का मूल पंजीकृत विक्रय पत्र (Original Registered Sale Deed) मेरे पक्षकारान के पास से कहीं आते-जाते समय अपरिहार्य कारणों (unavoidable circumstances) से गुम/खो गया है। काफी तलाश करने के बावजूद उक्त मूल दस्तावेज नहीं मिल पा रहा है। 5. अतः इस सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि यदि उक्त मूल विक्रय पत्र किसी व्यक्ति को मिला हो, या किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक का उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई अधिकार, स्वत्व, या हित (जैसे-रहन, दान, विक्रय इकरार, बैंक ऋण आदि) हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में निम्न पते पर संपर्क करें या लिखित आपत्ति दर्ज कराएं। 6. नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में, यह मान लिया जावेगा कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य का कोई दावा नहीं है और मेरे पक्षकारान उक्त मूल दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि (Certified Copy) के आधार पर संपत्ति का व्यवहार करने हेतु स्वतंत्र होंगे। बाद में किया गया कोई भी दावा मेरे पक्षकारान पर बंधनकारी नहीं होगा।

**अधिवक्ता शिशिर सक्सेना (9039080078)**
बिजनस आई फिनलीगल
एफ 21 हरेकृष्णा मार्केट 10 न. अरेरा कॉलोनी भोपाल मध्यप्रदेश

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-104 मण्डल द्वारा श्री रामस्वरूप रैकवार आत्मज स्व. श्री मूलचंद रैकवार के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 30/06/2003 को किया गया है। श्री रामस्वरूप रैकवार का स्वर्गवास दिनांक 29/09/2009 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नी श्रीमती सत्यवती रैकवार पत्नी स्व. श्री रामस्वरूप रैकवार द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है. उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में गय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

परिशिष्ट B संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमएसीसी/1474/2025
रामस्वरूप गुप्ता बनाम दिनेश कुमार बेलिया
NEXT DATE: 01-04-2026

प्रेषिती-
दिनेश कुमार बेलिया
बलीराम बेलिया, पता- द्वारा बलीराम बेलिया, 100/1, टीलाजमालपुरा, भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी रामस्वरुप गुप्ता ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/1474/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजाल हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 10-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश (अतुल सक्सेना)**
**मैक ट्रिब्यूनल, तेहरवें अति. मो. दुर्घटना दावा अधिकरण भोपाल (म.प्र.)**

**।। जाहिर सूचना ।।**
**प्लाट क्रमांक-582, "शिव सिटी कालोनी" ग्राम-अर्हेडी, तहसील हुजूर जिला भोपाल**

**मै अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार (1) श्री सूर्यकांत धाकड़ पुत्र श्री जगदीश धाकड़ आयु वयस्क, निवासी-म.नं.-148, नागदेव मंदिर के पास, अंधरिया बैतूल (म.प्र.) एवं (2) श्री प्रकाश चौहान पुत्र श्री नाथू चौहान आयु वयस्क, निवासी-इंद्रा कालोनी, माध्वी, बैतूल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य व मालिकाना हक का एक किता आवासीय प्लाटक्रमांक-582 है, जो खसरा क्रमांक-314/1/2 का अंश भाग है, जो की स्थित "शिव सिटी कालोनी" ग्राम-अर्हेडी (मुख्य मार्ग से अंदर) नगर निगम सीमा के बाहर, प.ह.नं.-20, रा.नि.मं.-02, विकास खंड फंदा, तहसील हुजुर जिला भोपाल (म.प्र) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 20X40=800 वर्गफीट अर्थात 74.34 वर्गमीटर है। जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध कर टोकन राशि अदा कर दिया है। उक्त वर्णित संपत्ति/प्लाट के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग फाइनेंस संस्था, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति/प्लाट कही, अनुबंध विक्रय पत्र, दान, बंधक, गिरवी, वसीयतनामा, पावर आफ अटार्नी, हस्तांतरण, अंतरण इत्यादि हो तो वह व्यक्ति संस्था, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय आदि की जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, मेरे पक्षकारगण द्वारा वर्णित संपत्ति प्लाट का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेंगे है, ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।**

**संजय कुमार सेन** अधिवक्ता सीनियर मेंबर (DBA)
**भूपेन्द्र सेन/सुष्मिता सेन** एडवोकेट
कार्या. 214-215, 2nd फ्लोर, DBA लायर्स चेंबर जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल
9827381331, 7509366230

**मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड**
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा)
2x45 मेगावॉट रानी अवन्तीबाई सागर जल विद्युत गृह बरगी नगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056, Web. : mppgcl.mp.gov.in, ई-मेल : seoandmbargi@gmail.com
CIN : U40109MP2001SGC014882
क्र.अय/संचा-संधा/बरगी/अप्रेंटिस/1446 बरगीनगर, दिनांक :16.02.2026

**अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अन्तर्गत आई.टी.आई. अप्रेंटिस बैकलॉग भर्ती के आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन**

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड, जो म.प्र. के राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी है जिसका मुख्यालय रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी नगर, जबलपुर में स्थित है, के कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा) म.प्र.पा.ज.कं.लि., बरगी नगर जिला-जबलपुर द्वारा म.प्र. के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिए जिन्होंने आई.टी.आई. (एन.सी.व्ही.टी/एस.सी.व्ही.टी) ट्रेड :- इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक के अन्तर्गत बैकलॉग भर्ती कुल 05 रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

नोट:-
01. आई.टी.आई. उत्तीर्ण उम्मीदवार के आवेदन शासन की वेबसाइट www.apprenticeshipindia.gov.in के माध्यम से दिनांक 16.03.2026 की मध्यरात्रि (23:59) तक ऑनलाइन पद्धति से स्वीकार किये जावेंगे।
02. शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष तक रहेगी, जिसमें नियमानुसार स्टाईफंड देय होगा।
03. आवेदन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु दिनांक 01.02.2026 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए एवं एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./ई.डब्लू.एस./दिव्यांग को आयु में छूट शिक्षुता नियम (संशोधन) एवं राज्य शासन के नियमानुसार रहेगा।
04. उक्त रिक्तियों की संख्या परिवर्तनशील है तथा कंपनी को रिक्तियाँ भरने या ना भरने का अधिकार रहेगा।
05. एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./ई.डब्लू.एस. वर्ग हेतु आरक्षण शिक्षुता नियम (संशोधित) एवं राज्य शासन के नियमानुसार रहेगा।
06. उम्मीदवार विज्ञापन का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mppgcl.mp.gov.in/career.html पर देख सकते हैं अथवा कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा) म.प्र.पा.ज.कं.लि. बरगी नगर जिला-जबलपुर में कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124600/2026 "बिजली की बचत करें" अति. मुख्य अभि. (संचा/संधा)

**कार्यालय नगर निगम, भोपाल**
यांत्रिक विभाग जोन क्र. 09 महावीर चांदबड़
निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र
क्र. 60/यां.वि./जोन 09/2026 भोपाल, दिनांक- 23.02.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आंमत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484268_1 | Construction of C C ROAD AND DRAIN At A sceter, Panjabi bag, Lala Lajpat rai colony Sethi Nagar Old Ashoka Garden Ward 69 Zone 09 (2025206463) | 1689795/- | 12673/- | 2000/- | MPUADD Road and Bridges, 2025 and MPUADD Building Works 2021 | 03 month |

1- निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptebders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
2- किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

नि.क्र.-3212/025/026
सहायक यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

**कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल संभाग भोपाल**

क्रमांक / संभाग / स्टोर/26/992 // निविदा प्रकाशन // भोपाल, दिनांक 18/02/2026

कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाये भोपाल संभाग भोपाल लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एन.एच.एम. के अंतर्गत स्थानीय कार्यालय एवं राष्ट्रीय कार्य (मो के प्रशिक्षण / समीक्षा बैठक आदि कराने हेतु ठहरने, लंच, डिनर, ब्रेकफास्ट, कॉन्फ्रेन्स हॉल इत्यादि हेतु आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 के लिये होटल का ई-टेण्डर के माध्यम से होटल नियुक्त की जाना है, इस हेतु ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में संबंधित संपूर्ण जानकारी विभागीय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर से निर्धारित राशि रुपए 1000/- ऑनलाईन जमा कर डाउनलोड की जा सकती है। निविदा संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

| No | Particular | Dated |
|---|---|---|
| 01 | Date of Publication | 18-02-2026 |
| 02 | Online Purchase of Tender Start Date | 24-02-2026 |
| 03 | Online Bid Submission Start Date | 24-02-2026 |
| 04 | Online Bid Sale End Date | 23-03-2026 |
| 05 | Online Bid submission End Date | 23-03-2026 |
| 06 | Technical Bid Opening Date | 24-03-2026 |
| 07 | Financial Bid Open Date | After Technical Evulation |

नोट :- 1. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जा सकेंगे। 2. निविदा फार्म की कीमत 1000/- शासकीय नियमानुसार जी.एस.टी. अतिरिक्त देय होगा जिसका भुगतान ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पर किया जायेगा। 3. निविदा से संबंधित समस्त नियम एवं शर्तें https://mptenders.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

G-26335/25 " स्वच्छता ही सेवा "
क्षेत्रीय संचालक
स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल संभाग, भोपाल

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra** भारत सरकार का उद्यम एक परिवार एक बैंक
अंचल कार्यालय : 1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन: 9098030663, E-mail : cmmarc_bho@mahabank.co.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV क)**
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार अर्थात बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित तालिका में वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **30 मार्च 2026** को बेचा जाएगा। अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण एवं उस पर भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बिड वृद्धि राशि निम्नानुसार है:-

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | दिनांक 23.02.2026 को बकाया राशि (लाख में) | अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण/भार का विवरण एवं कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः<br>**1. श्री संत कुमार उइके पुत्र श्री कृपा राम हरलाल उइके**<br>**2. श्रीमती प्रियंका उइके पत्नी श्री संत कुमार उइके** | LB-₹ 55.22<br>UAI+PC- ₹ 01.95<br>Total- ₹ 57.17 | संपत्ति का समस्त भू भाग प्लाट एवं उस पर निर्माण स्थित प्लॉट संख्या 33, निर्मित डुप्लेक्स मकान के साथ, जिसका प्लॉट क्षेत्रफल 7.00 मीटर X 13.72 मीटर = 96.04 वर्गमीटर है, जिसमें भूतल का निर्मित क्षेत्रफल 63.40 वर्गमीटर और प्रथम तल का निर्मित क्षेत्रफल 52.37 वर्गमीटर, रेवेन्यु सर्वे नं. 418/2, 430/1, 431/2, 431/1, 429/1, 430/2, 428, 429/2 का भाग 'पृथ्वी कोर्टयार्ड', ग्राम समरधा कलियासोत, मुख्य सड़क के अंदर, वार्ड संख्या 85, तहसील हुजूर (वर्तमान में कोलार) जिला-भोपाल (म.प्र.), **चर्तुसीमाएं:** पूर्व में:- प्लॉट संख्या 74, पश्चिम में:- कॉलोनी रोड, उत्तर में:- प्लॉट संख्या 32, दक्षिण में:- प्लॉट संख्या 34<br>संपत्ति मालिक- श्री संत कुमार उइके पुत्र श्री कृपा राम हरलाल उइके और श्रीमती प्रियंका उइके पत्नी श्री संत कुमार उइके **सांकेतिक कब्जा**<br>**Cersai ID:- 200061720756**<br>**भार-ज्ञात नहीं** | ₹ 55.44 लाख<br>₹ 05.54 लाख<br>₹ 10,000/- |
| ऋणी-<br>**मेसर्स आयुष ट्रेडर्स**<br>**प्रोपराइटर-श्री आयुष मालवीय पुत्र श्री राजेंद्र कुमार मालवीय**<br>जमानतदार-<br>**2. श्री राजेंद्र कुमार मालवीय पुत्र श्री किशनलाल** | LB-₹ 95.87<br>UAI+PC- ₹ 16.52<br>Total- ₹ 112.39 | संपत्ति का समस्त भू भाग प्लाट एवं उस पर निर्माण ग्राम- खड़ी, पी.एच.नं. 53 रा.नि. वृत 02, अवंतिपुर बड़ोदिया तह. पोलायकला जिला- शाजापुर म.प्र. जिसकी भू अधिकार पुस्तिका क्रमांक LK649692, भूमि सर्वे नं. 2057/8/1/22, क्षेत्रफल 0.261 हेक्टेयर में से 11250 वर्गफीट या 1045.539 वर्गमीटर, भूमि की **चर्तुसीमाएं-** पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर- श्री बाबूलाल जी की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि<br>संपत्ति मालिक- **श्री राजेंद्र कुमार मालवीय पुत्र श्री किशनलाल**<br>**Cersai Asset ID- 20007404508** **सांकेतिक कब्जा**<br>**भार-ज्ञात नहीं** | ₹ 121.00 लाख<br>₹ 12.10 लाख<br>₹ 10,000/- |
| ऋणी- **मेसर्स शिवाय एंटरप्राइजेज** (पार्टनरशिप फर्म)<br>**पार्टनर्सः-**<br>**अ) श्री अमित नरखेड़े पुत्र श्री कमलाकर नाथू नरखेड़े**<br>**ब) श्री प्रसाद अनाओकर पुत्र श्री आर. आर. अनाओकर**<br>जमानतदार-<br>**2. श्रीमती अपेक्षा बेलसारे पत्नी श्री प्रसाद अनाओकर**<br>**3. श्री देवाशीष बेलसरे पुत्र श्री सतीश बेलसरे**<br>**4. श्रीमती मेघा नरखेड़े पत्नी श्री अमित नरखेड़े** | LB-₹ 152.49<br>UAI+PC- ₹ 32.51<br>Total- ₹ 185.00 | संपत्ति का समस्त भू भाग लीजहोल्ड भूमि एवं उस पर निर्माण स्थित प्लाट नं. 12/1, औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम पीपलखिरिया, पटवारी हल्का क्रमांक 12, तहसील एवं जिला रायसेन क्षेत्रफल 24,963 वर्गफीट<br>**चर्तुसीमाएं:** उत्तर- प्लॉट क्रमांक 11, दक्षिण- प्लॉट क्रमांक 12/2, पूर्व- वन भूमि, पश्चिम- सड़क<br>**संपत्ति मालिक- मेसर्स शिवाय एंटरप्राइजेज (पार्टनरशिप फर्म) द्वारा पार्टनर- श्री अमित नरखेड़े पुत्र श्री कमलाकर नाथू नरखेड़े और श्री प्रसाद अनावकर पुत्र श्री आर. आर. अनावकर**<br>**Cersai Asset ID – 200088769519**<br>**भार-ज्ञात नहीं**<br>***मशीनरी के विक्रय के पश्चात भौतिक कब्जा दिया जायेगा।**<br>**सांकेतिक कब्जा** | ₹ 101.00 लाख<br>₹ 10.10 लाख<br>₹ 10,000/- |
| ऋणी :<br>**1. मेसर्स अविनाश ट्रेडर्स**<br>**प्रोप.-श्री अविनाश मेहरा पुत्र श्री के.एस. मेहरा**<br>**2. श्री अविनाश मेहरा पुत्र श्री के.एस. मेहरा** | LB-₹ 85.91<br>UAI+PC- ₹ 06.00<br>Total- ₹ 91.91 | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित रिहायशी फ्लैट नं. जे-3/403 (चतुर्थ तल) मुख्य सड़क से दूर स्थित, जिनका निर्मित क्षेत्रफल 1,047 वर्गफीट (एक हजार सैंतालीस वर्गफीट) अर्थात 97.30 वर्गमीटर, खसरा संख्या 150/2, 177/2, 178, 179 और 180 का भाग, जिसका क्षेत्रफल क्रमशः 1.57 हेक्टेयर, 0.72 हेक्टेयर, 0.40 हेक्टेयर, 0.10 हेक्टेयर और 0.10 हेक्टेयर है, कुल 2.89 हेक्टेयर। यह इकाई बहुमंजिला इमारत 'कैनाल किनशिप' ब्लॉक जे-3 का भाग, ग्राम सलैया, पटवारी हल्का नंबर 30, राजस्व निरीक्षक सर्किल-3, विकास खंड फंदा, तहसील कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.) नगर निगम वार्ड क्रमांक 83 के अंतर्गत स्थित है। चर्तुसीमाएं- पूर्व में: सड़क, पश्चिम में: गलियारा, उत्तर में: फ्लैट नंबर 402, दक्षिण में: फ्लैट नंबर 404<br>**संपत्ति मालिक- श्री अविनाश मेहरा पुत्र श्री के.एस. मेहरा के पास है।**<br>**Cersai Asset ID -200080056134** **सांकेतिक कब्जा**<br>**भार-ज्ञात नहीं** | ₹ 33.50 लाख<br>₹ 03.35 लाख<br>₹ 10,000/- |
| ऋणी:<br>**1. श्रीमती कृपा राठौड़** पत्नि श्री गोपीकिशन राठौड़<br>**2. श्री गोपीकिशन राठौड़** पुत्र श्री धन्नेलाल राठौड़ | LB-₹ 36.44<br>UAI+PC- ₹ 02.91<br>Total- ₹ 39.35 | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित एक किता दो मंजिला पक्का आर.सी.सी. छत वाला मकान/ डुप्लेक्स बंगला, प्लॉट क्रमांक 83-बी जिसका कुल क्षेत्रफल-1048 वर्गफीट (प्लॉट क्रमांक 83 का भाग) खसरा नं. 24/2/2/1/1 का भाग, खनूजा एन्क्लेव, ग्राम- बावड़ियाकलां, (मुख्य सड़क के अंदर) पटवारी हल्का नं. 42, राजस्व निरीक्षक वृत्त-4, वार्ड क्रमांक 52, नगर निगम, विकासखंड- फंदा, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल, म.प्र. की सीमा के अन्तर्गत,<br>**चर्तुसीमाएं-** पूर्व- रोड, पश्चिमः प्लॉट नं. 84 पर निर्मित मकान, उत्तरः प्लॉट नं. 83/ए पर निर्मित मकान, दक्षिणः रोड<br>**संपत्ति मालिक- श्रीमती कृपा राठौर, पत्नी श्री गोपीकिशन राठौर और श्री गोपीकिशन राठौर, पुत्र श्री धन्नेलाल राठौर** **सांकेतिक कब्जा**<br>**Cersai Asset ID - 200016600477**<br>**भार-ज्ञात नहीं** | ₹ 59.00 लाख<br>₹ 05.90 लाख<br>₹ 10,000/- |

| ई-नीलामी दिनांक एवं समय | धरोहर राशि सहित बिड जमा करने की अंतिम तिथि | निरीक्षण दिनांक एवं समय (पूर्व अनुमति से) |
|---|---|---|
| **30.03.2026 एवं दोपहर 13.00 बजे से 17.00 बजे तक** (5 मिनट के असीमित विस्तार पर यदि बोली अंतिम 5 मिनट के भीतर लगाई जाती है) | **29.03.2026 रात्रि 11:59 से पूर्व** | **09.03.2026 से 13.03.2026 एवं सुबह 11:00 बजे से सायं 16:00 बजे तक** |

**बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट https://bankofmaharashtra.in/asset-for-sales-search provided in the Bank's website and also on Bank Asset Auction Network (BAANKNET) portal -https://baanknet.com (erstwhile E-bikray) portal देखें।**
**दिनांक: 25.02.2026**
**स्थान: भोपाल**
संजीव सज्जन
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
अंचल कार्यालय, भोपाल

## चिंतन

# बच्चों और युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय

बच्चों, किशोरों और युवाओं में लगातार बढ़ रही आक्रामकता और हिंसा की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। लखनऊ, हरियाणा, गाजियाबाद समेत कई शहरों में हिंसक मामले सामने आए हैं। गाजियाबाद में तीन लड़कियों ने कथित गेम की लत के कारण आत्महत्या कर ली थी। वहीं, हरियाणा में भी एक दोस्त ने अपने साथी फाइनल इयर के छात्र की हत्या कर शव को जोहड़ में फेक दिया था। अब लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अक्षत ने अपनी बहन के सामने ही घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। आरोपी का कहना है कि उसके पापा उसे डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन उसे लखनऊ में होटल खोलना था। इसी से नाराज होकर उसने पिता की हत्या कर दी। बता दें कि समाज का भविष्य बच्चे और युवा ही होते हैं। यदि इन्हीं के मन में आक्रोश, हिंसा और संवेदनहीनता घर करने लगे, तो यह केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है। बड़े शहरों में सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। ये घटनाएं अपवाद भर नहीं रहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर संकेत कर रही हैं। युवा मन ऊर्जा से भरा होता है। यदि इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा न मिले, तो वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले सकती है। आज के दौर में डिजिटल दुनिया बच्चों और किशोरों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। हिंसक वीडियो गेम, वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही आक्रामक सामग्री धीरे-धीरे संवेदनशील मन पर प्रभाव डालती है। जब बच्चे बार-बार आभासी दुनिया में हिंसा को 'सामान्य' रूप में देखते हैं, तो उनके भीतर हिंसा के प्रति संवेदनशीलता कम होने लगती है। वे समस्या का समाधान संवाद के बजाय टकराव में खोजने लगते हैं। हालांकि हिंसा की जड़ केवल डिजिटल माध्यमों में तलाशना पर्याप्त नहीं होगा। पारिवारिक माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण कारक है। यदि घर में तनाव, कलह, नशे की प्रवृत्ति या कठोर अनुशासन का वातावरण हो, तो बच्चा असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करता है। माता-पिता की अत्यधिक अपेक्षाएं भी कई बार बच्चों के मन में दबाव और कुंठा पैदा करती हैं। करियर को लेकर थोपे गए निर्णय, तुलना की संस्कृति और असफलता का डर उन्हें भीतर से तोड़ देता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो आक्रोश विस्फोटक रूप ले सकता है। स्कूल और सामाजिक परिवेश भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। हालांकि इसके समाधान की शुरुआत भी परिवार से ही होती है। बच्चों को अनुशासन सिखाना आवश्यक है, खुला संवाद सबसे प्रभावी उपाय है। माता-पिता यदि बच्चों की बात धैर्य से सुनें, उनके मित्र बनें और उनकी भावनाओं को स्वीकार करें, तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो सकती है। मीडिया और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर संतुलित निगरानी भी जरूरी है। पूर्ण प्रतिबंध समाधान नहीं है, लेकिन समय और सामग्री पर नियंत्रण आवश्यक है। बच्चों को वैकल्पिक गतिविधियों-खेल, कला, संगीत, पठन की ओर प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनकी ऊर्जा रचनात्मक दिशा में प्रवाहित हो। स्कूलों में भी काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे मानसिक दबाव को समय रहते साझा कर सकें।

# भारत की स्थायी सदस्यता से किसे लाभ



यूएनओ
अखिलेश आर्येन्दु

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहूलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर भी रोक लग सकेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। पिछले दिनों ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अपने पुराने पैटर्न पर कायम रहते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के तुरंत सुधार की बात कही। उन्होंने सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति ने जी4 यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान समूह की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जी4 समूह संघ और परिषद में सुधार की वकालत करता है और एक-दूसरे की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि 20 से अधिक वर्षों से भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी ने जी4 नामक समूह बनाया है, जहां हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते हैं। ब्राजील प्रमुख का कहना था कि आज दुनिया-भर में जो हम देख रहे हैं, उनमें हस्तक्षेप करने के लिए यूएनओ के पास अधिक शक्ति और सामर्थ्य की जरूरत है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्यादा प्रतिनिधि वाला बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जिसमें दुनिया के और अधिक देश शामिल किए जाएं और भारत व ब्राजील को यूएनओ में स्थायी सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में स्थान मिले। अस्थायी और स्थायी सदस्यता की श्रेणियों को बढ़ाने से वैश्विक शासन की वैधता और प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने दोनों देशों के व्यापार और मैत्री को बढ़ाने के लिए जिस तरह की ठोस पहल की है, उससे दोनों देशों के बीच स्थायी मैत्री विकसित हुई है। भारत के मित्र देशों में ब्राजील और भारत की मैत्री दशकों से है लेकिन पिछले एक दशक में ब्राजील और भारत के बीच जिस तरह की आपसी विश्वासनीयता बढ़ी है, उससे दोनों देश कई क्षेत्रों में निकट आए हैं, जिससे विकास और प्रगति का पहिया तेजी से आगे बढ़ा है। देशों के बीच विश्वासनीयता का आधार आपसी सहमति और निकटता को लगातार गति देना रहता है। भारत और ब्राजील ने ऐसा करके दिखा दिया है। दोनों देश अलग-अलग संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बावजूद सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपसी सहमति और विश्वसनीयता बढ़ी है। यह इसलिए भी है कि दोनों देश बहुपक्षवाद और शांति के समर्थक हैं। इतना ही नहीं, समावेशी और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को भारत ने अपनी नीतियों के साथ आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दुहराई। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों देश स्थायी सदस्यता के हकदार हैं। दोनों एक लोकतांत्रिक देश हैं और बहुत तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ब्राजील भारत के लिए यूएनओ में स्थायी सदस्यता का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है और ब्राजील के लिए भी ऐसा ही भारत करता और कहता आया है। इसके पहले ब्राजील 2005 में जी4 प्रस्ताव के



पहले और बाद में यूएनजीए के सत्रों में यह मुद्दा उठाया था। ब्राजील इस मुद्दे पर मानता आया है कि भारत एक प्रमुख शक्ति के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा है इसलिए भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होने का प्रबल दावेदार और हकदार है। ब्राजील को भारत की जरूरत है तो भारत को ब्राजील की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों स्थायी सदस्यता इसलिए चाहते हैं कि कई वैश्विक मुद्दों पर, खासकर आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, साइबर अपराध और तमाम जटिल वैश्विक समस्याओं से दोनों देश बराबर पीड़ित रहे हैं। दुनिया के तमाम देश कई विकट समस्याओं-खासकर आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों देशों का यूएनओ का सदस्य बन जाने से कई जटिलताएं दूर हो सकती हैं। आज आतंकवाद सबसे जटिल वैश्विक मुद्दा है और पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा कारखाना है।

चीन पाकिस्तान का साथ देने के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित होने से बचा लेता है। भारत और ब्राजील यदि स्थायी सदस्यता हासिल कर लेंगे तो चीन की मनमानी नहीं चलेगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तान का साथ देने की चीन की मंशा पर रोक तभी लग सकती है जब भारत और ब्राजील को भी वीटो करने या वीटो को रद्द करने का पूरा अधिकार मिल जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में जब लैटिन अमेरिकी देशों, कैरेबियन, एशिया और अफ्रीकी क्षेत्रों से विकासशील देशों को भी अधिक प्रतिनिधित्व होगा, तब अमेरिका की भी मनमानी करने से रोका जा सकेगा। भारत का इजराइल जितना ही विश्वसनीय देश ब्राजील भी है।

सुरक्षा परिषद का विस्तार होने पर इजराइल को भी यदि इसका स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप, लैटिन अमेरिका, अफ्रीकी देशों और अरब देशों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। भारत की स्थायी सदस्यता का मतलब दुनिया को आतंकवाद जैसी सबसे गम्भीर समस्या से निजात मिल सकेगी, क्योंकि उन देशों पर लगाम लगाने में सहुलियत होगी, जो आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण और पोषण देने का कार्य करते हैं। तत्काल ब्राजील चाहता है कि भारत 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया जाए। कुछ वर्षों से दुनिया में अशांति और कहीं-कहीं युद्ध के हालात बने हैं। इससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। ऐसे में जरूरी है कि बहुपक्षवाद को मजबूती मिले और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अन्य तंत्रों को तत्काल पुनर्जीवित किया जाए। भारत का अतीत बताता है कि इसने हमेशा दुनिया में शांति प्रयासों और आपसी मैत्रीपूर्ण नीति का समर्थन किया। यही कारण है कि भारत ने रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को शांतिपूर्ण नीतियों से हल करने या अमेरिकी दादागीरी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इससे दुनिया को यह संदेश गया कि भारत आज जिस स्थिति में है, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता मिलनी ही चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि अमेरिकी दखल की वजह से विश्व मैत्री को बढ़ावा देने वाली इस संस्था की प्रासंगिकता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। भारत की सदस्यता इसका सबसे बेहतर उपचार है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर उन देशों पर रोक लगेगी, जो भारत विरोधी देशों के समर्थन में देखे जाते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## तकनीक

आशुतोष कुमार सिंह



# टेक्नोलॉजी से पोषण तक: बदल रही राशन वितरण की व्यवस्था

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत लागू पोषण ट्रैकर आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित पोषण निगरानी प्रणालियों में शामिल है। यह आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पोषण ट्रैकर सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि ऐसा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने पहली बार महिलाओं और बच्चों से जुड़ी पोषण जानकारी को वास्तविक समय में दर्ज और समझना संभव बनाया है। आज यह 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ता है और छोटे बच्चों की लम्बाई, वजन, कुपोषण के संकेत, साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट करता है। कई राज्यों में यह किशोरियों की पहचान और उनके लिए दी जा रही सेवाओं को भी ट्रैक करता है। इससे 8 करोड़ से अधिक बच्चों, माताओं और किशोरियों का एक स्पष्ट पोषण प्रोफ़ाइल तैयार हो पाया है- खास तौर पर उन समूहों का, जिनमें कुपोषण की संभावना सबसे ज़्यादा हो सकती है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं की डिलीवरी को भी अधिक पारदर्शी बनाया है। पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी-भरकम रजिस्टरों में डेटा भरना पड़ता था, जिसे न समय पर देखा जा सकता था और न ही निर्णय-निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। अब वही जानकारी मोबाइल पर आसानी से दर्ज हो जाती है और तुरंत उपयोग के लिए उपलब्ध रहती है। इससे ब्लॉक, ज़िला, राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी समझ पाते हैं कि किस क्षेत्र में कुपोषण अधिक है, कहां सेवाएं कमजोर हैं और किन स्थानों पर तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।




यह एक सतत सुधार वाली प्रणाली है, जिसने स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं की पहचान और समय पर पहुंच के कई नए अवसर खोले हैं, क्योंकि टेक-होम राशन सीधे लाभार्थी तक पहुंचने वाली सेवा है, इसलिए इसे पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ई- केवाईसी और एफआरएस जैसी प्रक्रियाएं लाई गई हैं। इसका मूल उद्देश्य यही है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक टेक-होम राशन सही मात्रा में और समय पर पहुंचे, साथ ही व्यवस्था में मौजूद संभावित लीकेज, मनमानी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों को कम किया जा सके। ई-केवाईसी वह प्रक्रिया है जिसमें आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से पहचान सत्यापित होती है। यह एक बार की प्रक्रिया है, हर महीने इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं। एक बार हुए ई-केवाईसी से लाभार्थी का आजीवन डिजिटल पहचान रिकॉर्ड बन जाता है, जिससे सेवाएं निर्बाध मिलती हैं। दूसरी ओर, एफआरएस यह दर्ज करता है कि "कब–कहां–किसे" राशन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐप में लाभार्थी को चुनती हैं, लाइव फोटो लेती हैं, और सिस्टम उसे पहले से मौजूद तस्वीर से मिलाकर वितरण की पुष्टि करती है। यह प्रक्रिया ऑफ़लाइन मोड में भी चलती है, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों में भी वितरण की जांच आसानी से हो जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात किसी भी बच्चों की फोटो नहीं ली जाती; उनके अभिभावक की पहचान ही पर्याप्त मानी जाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि 31 दिसम्बर 2025 तक 4.73 करोड़ पात्र राशन लाभार्थियों में से 4.51 करोड़ का ई- केवाईसी और आधार आधारित चेहरा मिलान पूरा हो चुका है। यह लगभग 95.4% कवरेज है, जो स्पष्ट दिखाता है कि वास्तविक लाभार्थी न तो ई- केवाईसी से परेशान हैं और न ही एफआरएस से। कम नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए फैस मैचिंग को ऑफ़लाइन मोड में भी एक्टिवेट किया गया है। इस पहल को केवल तकनीकी सुधार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा वितरण में विश्वास बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पोषण ट्रैकर की सफलता ऐप या एल्गोरिद्म की नहीं, बल्कि विश्वास की कहानी है- एक ऐसी प्रणाली जहां लाभार्थी बिना भटकाव के अपना हक़ पाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम सरल हो और सरकार का हर संसाधन पारदर्शी रूप से सही व्यक्ति तक पहुंचे। पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है और भारत इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य और पोषण जैसी जीवन-निर्भर सेवाओं का डिजिटल होना स्वाभाविक और आवश्यक है। इसलिए, यदि आप लाभार्थी हैं, तो इन पहलों को अपनाएं, दूसरों को भी जागरूक करें, और सुनिश्चित करें कि आपका अधिकार आपको बिना किसी बाधा के मिले। तकनीक तभी सार्थक है, जब वह अधिकारों को सुरक्षित और सुलभ बनाए, और पोषण ट्रैकर इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

(लेखक स्वस्थ भारत, पंजी, न्यास के चेयरमैन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## किसानों की आय में बढ़ोतरी तब, जब वे उच्च मांग वाली फसलें उगाते हैं

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए एमएसपी से आगे सोचने की ज़रूरत



एसबीपी पट्टाभि रामाराव
एमडी, गॉरमेट पॉपकॉर्निका प्राइवेट लिमिटेड, विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश)

भारत में दशकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कृषि नीति का केंद्रीय आधार रहा है। इसने किसानों को मूल्य सुरक्षा दी है और खाद्य सुरक्षा को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि अन्न उगाने वाले किसानों को संरक्षण मिलना चाहिए। लेकिन अगर हमारा उद्देश्य किसानों की आय में वास्तविक और टिकाऊ वृद्धि है, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि केवल एमएसपी के सहारे यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। एमएसपी मूलतः एक सुरक्षा कवच है। यह गिरती कीमतों से बचाता है, लेकिन आय बढ़ाने का इंजन नहीं बन सकता। इसकी पहुंच कुछ चुनिंदा फसलों, विशेषकर गेहूं और धान, तथा सीमित राज्यों तक सिमटी हुई है। देश के बड़े हिस्से में किसान मोटे अनाज, बागवानी और विशेष फसलें उगाते हैं, जो इस व्यवस्था से बाहर रह जाती हैं। एमएसपी किसानों को संकट से बचाता ज़रूर है, लेकिन यह उन्हें विविधता, गुणवत्ता सुधार या नवाचार की ओर प्रेरित नहीं करता। जबकि आय में बढ़ोतरी तब होती है जब किसान उच्च मांग वाली फसलें उगाते हैं, आधुनिक तकनीक अपनाते हैं और ऐसे संगठित बाज़ारों से जुड़ते हैं जहां गुणवत्ता और निरंतरता का मूल्य मिलता है।

उच्च प्रोटीन अनाज, विशेष किस्म की मक्का, प्रोसेस्ड खाद्य उत्पाद, हेल्थ स्नैक्स और ट्रेसेबल कृषि सामग्री की मांग बढ़ रही है। किसान अक्सर वही फसल उगाते हैं जो परंपरागत रूप से उगाई जाती रही है, क्योंकि वह परिचित है, सब्सिडी से जुड़ी है या अपेक्षाकृत 'सुरक्षित' मानी जाती है। बाज़ार से जुड़ाव का अर्थ है बुवाई से पहले कुछ बुनियादी सवालों के स्पष्ट जवाब होना। इस फसल को खरीदेगा कौन, किस गुणवत्ता मानक के साथ और किस मूल्य सीमा पर? जब किसान इन सवालों को ध्यान में रखकर उत्पादन करते हैं, तो उनकी आय में उल्लेखनीय सुधार संभव होता है। पॉपकॉर्न मक्का इसका एक व्यावहारिक उदाहरण है। यह एमएसपी के दायरे में नहीं आती, बल्कि गुणवत्ता-आधारित विशेष फसल है। निजी उद्यमों को अनुबंध आधारित खेती, बाय-बैक मॉडल, तकनीकी सहयोग और प्रसंस्करण क्षमता में निवेश करना होगा। किसानों को यह सवाल पूछने में सक्षम होना चाहिए कि मुझे क्या उगाना चाहिए? न कि केवल यह कि क्या समर्थित है? जब किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि मूल्य श्रृंखला के साझेदार बनते हैं, तब कृषि न सिर्फ़ अधिक लाभकारी बनती है, बल्कि अगली पीढ़ी के लिए भी एक आकर्षक पेशा बनकर उभरती है।

## सटाका




## आज की पाती

### अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं, रणनीति की जरूरत

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### ब्रह्मांड के विशाल तारे में विस्फोट होने की आशंका

ब्रह्मांड के सबसे बड़े ज्ञात तारों में से एक डब्ल्यूओएच जी64 में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया और नए शोध के अनुसार इसमें विस्फोट होने की आशंका है। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के गोंजालो मुन्योस-सांचेज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि यह तारा अपनी लाल विशाल अवस्था से दुर्लभ पीली अतिविशाल अवस्था में प्रवेश कर चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बदलाव तारे के जीवन के अंतिम चरण का संकेत हो सकता है। अति-विशाल अवस्था में पहुंचने के बाद तारे का जीवन आमतौर पर महाविस्फोट के साथ समाप्त होता है। यह अध्ययन 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है। डब्ल्यूओएच जी64 की खोज 1970 के दशक में 'लार्ज मैनेलैनिक क्लाउड' में हुई थी, जो हमारी आकाशगंगा के निकट स्थित एक बौनी आकाशगंगा है। यह तारा अत्यंत चमकीला और असाधारण रूप से विशाल है, जिसका आकार सूर्य की त्रिज्या से लगभग 1,500 गुना अधिक आंका गया है। वर्ष 2024 में अत्यंत विशाल दूरदर्शी 'इंटरफेरोमीटर' की मदद से इसकी विस्तृत तस्वीर ली गई, जिसमें इसके चारों ओर धूल का घना आवरण दिखाई दिया। इससे संकेत मिला कि यह तारा उम्र बढ़ने के साथ अपना द्रव्यमान तेजी से खो रहा है।



## ऑफ बीट

### आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित

कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका पफ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स (जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। अस्थमा से पीड़ित वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। संतृप्त वसा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे बिस्कुट, सॉसेज, पेस्ट्री और चॉकलेट और फास्ट फूड में पाए जाते हैं। संतृप्त वसा, साथ ही चीनी और लाल मांस से भरपूर आहार किसी के अस्थमा के लक्षणों को बिगाड़ सकता है।



## ट्रेंड

### दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि



रांची से दिल्ली की ओर जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार मिला है। विमान में सवार सभी सात लोगों के निधन की पुष्टि हुई है। इस असामयिक दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अमेरिकी डील रद्द करें



मोदी जी, खुली चुनौती है - भारत-अमेरिका व्यापार सौदा रद्द करें। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के फैसले को रद्द कर दिया, सभी देशों ने अपने फैसले पर फिर से बातचीत की,आप क्यों शामिल हैं? सारा देश जानता है कि आप ये नहीं कर सकते - क्योंकि आप अमेरिकी पकड़ में सरेंडर कर चुके हैं।
- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### जन-आकांक्षाओं का बजट



झारखंड की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाया गया यह अबुआ दिशोम बजट 2026-27 है। वर्ष 2050 तक युवा झारखंड का समृद्ध बनने का सफर सुगम एवं तीव्रता से भरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं।
- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

### निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण



बीजेपी और आरएसएस की मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनाओं की व्याख्या में करुणा की बजाय नफरत झलकती है। एक ज़रूरतमंद महिला को कंबल देने से वंचित करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।
- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



52वें अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह के पांचवें दिन कथक, ओडिसी एवं मोहिनीअट्टम नृत्य की प्रस्तुति

# प्राचीन मंदिरों में ताल, लय और अभिव्यक्ति के त्रिवेणी संगम में भारतीय सांस्कृतिक विविधता की गहन अनुभूति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व विख्यात 52वें अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह के पांचवें दिन मंगलवार को सायंकाल में तीन नृत्य प्रस्तुतियां हुईं। इस दौरान उत्तर भारत के कथक, पूर्वी भारत के ओडिसी एवं दक्षिण भारत के मोहिनीअट्टम नृत्य की परम्पराओं से दर्शकों का साक्षात्कार हुआ। प्राचीन मंदिरों की दिव्य आभा में जब घुंघरुओं की झंकार गूंजी तो सम्पूर्ण परिसर मानो जीवंत हो उठा। ताल, लय और अभिव्यक्ति के इस त्रिवेणी संगम ने दर्शकों को भारतीय सांस्कृतिक विविधता की गहन अनुभूति कराई।



### सौंदर्यपरक अभिव्यक्ति और सूक्ष्म भाव

पांचवें दिन की पहली प्रस्तुति कथक नृत्यांगना शिंजनी कुलकर्णी की कथक नृत्य की थी। उन्होंने ताल धमार की प्रस्तुति से प्रारंभ किया। इसकी रचना और संगीतरचना पंडित बिरजू महाराज ने की है।



### नृत्य में गंगा की दिव्यता एवं भव्यता का प्रदर्शन

अगली प्रस्तुति इटली मूल की भारतीय कलाकार पद्मश्री इलियाना चितारीस्ती की ओडिसी नृत्य की थी। गुरु केलुचरण महापात्रा की शिष्या इलियाना ने पश्चिम और पूर्व के बीच पुल बनाया है, जहां पश्चिमी विचारों को भारतीय शैली में प्रस्तुत किया गया।



नृत्य प्रस्तुत करती इलियाना चितारीस्ती।



आनंद विहार कॉलेज में वार्षिकोत्सव उजास 2026 का तीसरा दिन

# दुल्हन के रंग में सज गया रैंप ब्राइडल वॉक पर ठहरी निगाहें



दुल्हन के परिधान में ब्राइडल वॉक करतीं आनंद विहार कॉलेज की छात्राएं, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने निहारा और सराहा भी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बंगाली, रजवाड़ी, पंजाबी, गुजराती ब्राइड्स के रूप में सजी धजी छात्राएं, किसी ने अपनी अदाओं से दर्शकों का दिल जीता तो किसी ने दिलकश नखरों से..... यह नजारा देखने को मिला आनंद विहार कॉलेज के वार्षिकोत्सव उजास 2026 के तीसरा दिन, ब्राइडल फैशन शो में। इस ब्राइडल रैंप वॉक में फैशन, परंपरा और आत्मविश्वास का खूबसूरत मेल देखने को मिला।

### ट्रेडिशनल ज्वैलरी के साथ हैवी एंब्रायडरी ड्रेसेस

रंग-बिरंगे लहंगों, बनारसी साड़ियों और इंडो-वेस्टर्न ब्राइडल कलेक्शन में सजी मॉडलों ने रैंप पर अपने अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया। हर कदम पर झलकती शालीनता और आकर्षक स्टाइल ने माहौल को तालियों की गूंज से भर दिया। हैवी एम्ब्रॉयडरी, जरी वर्क और ट्रेडिशनल ज्वेलरी के साथ मॉडलों की एंट्री ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।



प्रतियोगिता की विजेता आरती और पुष्पा ।



इन छात्राओं ने सज-धजकर प्रदर्शन किया।

### यह रहीं विजेता

इस प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल ब्राइड के रूप में पुष्पा गौर प्रथम रहीं तो क्रिश्चियन ब्राइड के रूप में आरती दूसरे स्थान पर रहीं।

राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन

# कथाकार मृदुला गर्ग, अलका सरावगी सहित सात रचनाकार सम्मानित



साहित्यकारों को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रतिष्ठित कथाकार, शिक्षाविद् तथा विचारक जगन्नाथ प्रसाद चौबे 'वनमाली' के रचनात्मक योगदान और स्मृति को समर्पित संस्थान 'वनमाली सृजन पीठ' के प्रतिष्ठा आयोजन 'राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मान समारोह-2026 का भव्य शुभारंभ 24 फरवरी को स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के मुक्ताकाश मंच पर लोकगायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपाणिया के कबीर गायन से किया गया। यह सम्मान समारोह ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ उड़िया कथाकार प्रतिभा राय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में 'वनमाली कथाशीर्ष सम्मान' से सुप्रसिद्ध वरिष्ठ रचनाकार मृदुला गर्ग को एवं ' राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मान' से वरिष्ठ कथाकार अलका सरावगी को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 'वनमाली कथा आलोचना सम्मान' महेश दर्पण को, 'वनमाली कथा मध्यप्रदेश सम्मान' वरिष्ठ कथाकार उर्मिला शिरीष (भोपाल) को, 'वनमाली युवा कथा सम्मान' युवा कथाकार कुणाल सिंह को, वनमाली कथेतर सम्मान' अयोध्या के यतीन्द्र मिश्र को प्रदान किए गए।

### निर्गुण भक्ति की सशक्त प्रस्तुति ने मोहा मन



सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते प्रसिद्ध कबीर गायक प्रह्लाद सिंह टिपाणिया एवं उनके साथी।

वनमाली कथा सम्मान के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध कबीर गायक प्रह्लाद सिंह टिपाणिया एवं उनके साथियों ने निर्गुण भक्ति की सशक्त प्रस्तुति देकर श्रोताओं को आध्यात्मिक भाव से सराबोर कर दिया। कबीर के दोहों और पदों से सजी इस प्रस्तुति ने सभागार में एक आत्मीय और ध्यानमग्न वातावरण निर्मित किया, जहां संगीत और दर्शन का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### गुरुजी के चरणों में रहना भाई संतो

प्रस्तुति के दौरान प्रह्लाद सिंह टिपाणिया ने अपनी विशिष्ट लोक शैली में जग में मांगण हारा, गुरु सम दाता कोई नहीं, तन राम का मंदिर, काया राम का मंदिर, गुरुजी के चरणों में रहना भाई संतो, तथा जरा धीरे गाड़ी हांकों मेरे राम गाड़ी वाले जैसे भजनों की प्रस्तुति दी।

ग्रीन मोबिलिटी के लिया उठाया कदम

# मैनिट भोपाल ने ई-साइकिल को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन और ग्रीन कैंपस को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (मैनिट) ने मंगलवार को अपनी नई ई-साइकिल पहल को ऑफिशियली लॉन्च किया। फ्लैग-ऑफ सेरेमनी में चीफ गेस्ट के तौर पर भोपाल स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सीईओ, आईएएस अंजु अरुण कुमार और मैनिट के डायरेक्टर प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला मौजूद थे।

### इलेक्ट्रॉनिक बैटरी मैकेनिकल साइकिलों को किया प्रदर्शित

इस इवेंट में इलेक्ट्रॉनिक बैटरी के साथ-साथ मैकेनिकली चलने वाली साइकिलों (ई-साइकिलों) के एक फ्लीट को पेश किया गया, जिन्हें बड़े हरे-भरे मैनिट कैंपस में स्टूडेंट्स, फैकल्टी और स्टाफ के लिए ट्रांसपोर्ट का एक इको-फ्रेंडली, कुशल और सुविधाजनक तरीका देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह पहल ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और शहरी और इंस्टीट्यूशनल जगहों में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के नेशनल विज़न से जुड़ी है।



प्रदर्शन के लिए रखीं ई बाइक।

# इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल की इंस्टॉलेशन सेरेमनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल सूत्रधार का इंस्टॉलेशन सेरेमनी समारोह मंगलवार को संपन्न हुआ। अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष प्रीति खरे एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह ने की। सभी सदस्यों ने निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम में उत्साह, एकजुटता और सेवा भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। समारोह का समापन सामूहिक संकल्प से हुआ।

शहर में सालभर में हो रहे 200 से ज्यादा कराओके प्रोग्राम, हाउस पार्टी में भी कराओके जुड़ा

# ऑफिस स्ट्रेस हो या रिटायरमेंट की बोरियत, संगीत के शौकीन लोगों का नया साथी बना कराओके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑफिसस का तनाव, घर के काम की थकान और रिटायरमेंट के बाद की खालीपन को दूर करने के लिए कराओके सिंगिंग शहरवासियों की नई पसंद बन गई है। पहले जहां ऑर्केस्ट्रा वाले म्यूजिक प्रोग्राम ही ज्यादा होते थे, वहीं अब कराओके इवेंट्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। शहर में हर दूसरे दिन कोई न कोई ग्रुप कराओके नाइट का आयोजन कर रहा है। महीने में 15-20 कराओके प्रोग्राम तक हो रहे हैं, यानी सालभर में 200 से अधिक कार्यक्रम सिर्फ कराओके पर आधारित हैं। इन कार्यक्रमों में शौकिया गायक-गायिकाएं मंच पर अपने पसंदीदा गाने गाकर अपने अधूरे सपनों को पूरा कर रहे हैं।

### ट्रायपॉड भी है, ताकि गाना शूट कर सोशल मीडिया पर अपलोड करूं

हेल्पेज इंडिया के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर वेणु पिल्लई बताते हैं, गाने का शौक मुझे क्लास 10 से है, लेकिन कराओके का ट्रेंड बीते कुछ सालों में बढ़ा है। मैंने घर पर पूरा सिस्टम रेडी किया है। इसमें पावर्ड स्पीकर, मिक्सर, माइक सेट हैं। ट्रायपॉड भी है ताकि मोबाइल, लैपटॉप की मदद से गाना शूट कर के सोशल मीडिया पर डाल सकूं। वेणु बताते हैं, मेरे स्कूल, कॉलेज के कुछ दोस्त हैं, जिन्हें गाना गाने और सुनने का शौक है। हम एक-दो महीने में मिलते हैं। सभी अपने-अपने घरों से डिशेज बनाकर लाते हैं। साथ खाते हैं, साथ में गाने एन्जॉय करते हैं। बहुत अच्छा टाइम स्पेंड हो जाता है। कई बार ऑफिस में ज्यादा काम हो जाए तो मैं घर आकर एक-दो गाने गा लेता हूं, स्ट्रेस रिलीज हो जाता है। इसके साथ ही मैं वीकली क्लासेस लेता हूं। जो लोग शौकिया गाना पसंद करते हैं, उनके लिए वर्कशॉप लेता हूं।



वेणु पिल्लई



### सिविल सर्वेंट, डॉक्टर्स और राजनेताओं को सालों से सिखा रहा संगीत

प्रसिद्ध सिंगर कैलाश यादव ने कहा कि गाने से जहां दिल को सुकून मिलता है, वहीं दिनभर की थकान मानों कोसों दूर हो जाती है। उन्होंने कहा कि मैं तो कई सालों से सिविल सर्वेंट और डॉक्टर्स, राजनेताओं को गाना सिखा रहा हूं और यह सभी बड़ी हस्तियां साल में दो बार रवींद्र भवन में प्रस्तुति भी देते हैं। कई बार यह लोग कराओके पर गाते हैं तो कई बार म्यूजिशियन के साथ परफॉर्म करते हैं। यह लोग सप्ताह में तीन बार मेरे पास संगीत सीखने या प्रेक्टिस करने भी आते हैं। ऐसे में जहां मुझे संगीत के साथ सुकून मिलता है तो इन लोगों को काम का तनाव गाने से कम हो जाता है।

### कैलाश यादव ने बताए कराओके सिंगिंग के फायदे

**तुरंत तनाव कम करता है :** एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन रिलीज होते हैं, जो खुशी बढ़ाते हैं और स्ट्रेस घटाते हैं।

**आत्मविश्वास बढ़ाता है :** स्टेज पर या दोस्तों के बीच गाने से शायनेस कम होती है और कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

3. **सोशल कनेक्शन मजबूत करता है :** कराओके नाइट्स में नए दोस्तों से मिलते हैं, परिवार भी साथ समय बिताता है।

### कोविड के खाली वक्त में गीत बने सहारा

गानों का शौक तो बचपन से था, लेकिन जब कोविड में ढेर सारा खाली वक्त मिला तो गानों ने ही दिल बहलाया। तब से मैं गाने थोड़ा गंभीरता से गाने लगा। कुछ ग्रुप्स के लोगों ने सुना और उन्हें अच्छा लगा तो उन्होंने मुझे भी गाने के लिए इनवाइट किया। इस तरह कराओके सिंगिंग से मैं जुड़ गया। यह कहना है जनगणना कार्य निदेशालय में वरिष्ठ आरेखन सहायक के पद पर कार्यरत कुमार राजेन्द्र गुमडेलवार का। वे बताते हैं, मैंने घर पर कराओके सिंगिंग का पूरा सैटअप बना रखा है।



राजेंद्र गुमडेलवार

स्पीकर, मिक्सर, एम्प्लीफायर, माइक सब हैं। मैं गानों के वीडियो शूट कर सोशल मीडिया पर डालता हूं। मेरे लिए कराओगे सिंगिंग एक थेरेपी जैसी है। किसी प्रोग्राम में गाना हो तो उसका एक्साइटमेंट, गाने सलेक्ट करने की प्रोसेस, फिर प्रैक्टिस, फाइनल परफॉर्मेंस डे... जैसी बातों में दिन कब गुजर जाता है, पता नहीं चलता। ये सब चीजें तनाव दूर भगाती हैं, अच्छा फील होता है। राजेंद्र कहते हैं, इस शौक की वजह से बीते कुछ सालों में कई जाने माने सिंगर्स एवं संगीत के गुरुओं से भी परिचय हुआ। संगीत के इस अथाह महासागर से एक बूंद भी अगर मिल जाए तो जीवन धन्य हो जाएगा, ऐसा मुझे लगता है।

### संगीत का शौक जोड़ता है एक-दूसरे से

मोबाइल, इंटरनेट, वेबसीरीज के जमाने में परिवार के सदस्यों के पास भी एक-दूसरे के लिए समय नहीं होता। ऐसे में संगीत का शौक हमें एक-दूसरे से जोड़ता है। यह कहना है सोशल वर्कर सारिका सप्रे का। वे बताती हैं, कोविड के दौरान जब हर तरफ तनाव था, तो म्यूजिक ने हमें सकारात्मक ऊर्जा से भरा। वे बताती हैं, मेरे हसबैंड संजय सप्रे और बेटे रिद्विक सप्रे को भी गाने का शौक है। हमने घर पर कराओके सैटअप बना रखा है। शनिवार-रविवार का दिन हमारे लिए खास होता है। कुछ दोस्त भी आ जाते हैं, जिन्हें गाने का शौक है। सभी बारी-बारी से गाने गाते हैं। इस तरह फैमिली गेट-टू-गेदर हो जाता है। अच्छा फील होता है।



सारिका सप्रे

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन पर भड़के पूर्व नौकरशाह

# 270 पूर्व जजों और अधिकारियों ने लिखा पत्र, लोकतांत्रिक विरोध राष्ट्र के सार्वजनिक अपमान का लाइसेंस नहीं, देश की छवि को धूमिल किया



दिल्ली में प्रदर्शन करती यूथ कांग्रेस

**भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतार कर प्रदर्शन किया था। यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन की चहुंओर आलोचना की जा रही है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर सियासी संग्राम छिड़ा है। भाजपा सहित कई राजनीतिक दलों ने कांग्रेस के इस प्रदर्शन की आलोचना की है। अब 270 पूर्व जज और अधिकारियों ने भी चिट्ठी लिखकर यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन की आलोचना की है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसएन ढींगरा और पूर्व पुलिस महानिदेशक बीएल वोहरा भी थे। भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष के साथ-साथ एआई की दुनिया में काम करने वाले कई बड़े एक्सपर्ट शामिल हुए थे। इस समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतार कर प्रदर्शन किया था। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के इस प्रदर्शन की आलोचना हो रही है।

### भारत मंडपम में राष्ट्रीय कलंक शीर्षक रखा



बीएल वोहरा



एसएन ढींगरा

### इसे राष्ट्रीय गरिमा का विश्वासघात बताया

भारत मंडपम में राष्ट्रीय कलंक शीर्षक से लिखे एक कड़े बयान में, दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसएन ढिंगरा और पूर्व पुलिस महानिदेशक बीएल वोहरा ने यूथ कांग्रेस के शर्टलेस प्रोटेस्ट की निंदा की। अधिकारियों ने इसे राष्ट्रीय गरिमा का विश्वासघात बताया।

### अतिथि सत्कार का मजाक उड़ाया

न्यायमूर्ति ढिंगरा और वोहरा ने तर्क दिया कि इस विरोध-प्रदर्शन ने भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाया है। बयान में कहा गया है, किसी भी राजनीतिक दल द्वारा इंटरनेशनल समिट में कपड़े उतारकर हंगामा करना दुनिया को यह बताता है कि भारत एक वैश्विक शक्ति के बजाय अराजकता का देश है। ऐसी घटनाओं से निवेशकों का विश्वास कमजोर हो सकता है। खासकर तब जब शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारत की तकनीकी प्रगति को उजागर करना था। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ नागरिकों के आतिथ्य सत्कार का मजाक उड़ाता है।

### इनका सामूहिक रूप से विरोध करना चाहिए

भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन को लेकर पूर्व न्यायाधीशों और पूर्व नौकरशाहों ने संयुक्त पत्र लिखकर निंदा की। पूर्व न्यायाधीशों और पूर्व नौकरशाहों ने भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों द्वारा भारत मंडपम में किए गए हालिया विरोध प्रदर्शन की निंदा करते हुए कहा कि यह आंतरिक राजनीतिक विवादों से परे है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां सरकार को नुकसान नहीं पहुंचातीं, बल्कि राष्ट्र की छवि को धूमिल करती हैं और इनका सामूहिक रूप से विरोध किया जाना चाहिए।

**बुद्धिहीन राजनीति का दयनीय प्रदर्शन किया**

अधिकारियों ने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को बुद्धिहीन राजनीति का दयनीय प्रदर्शन बताया। अधिकारियों का मानना है कि इस विरोध ने किसी विशेष सरकार के बजाय देश को नुकसान पहुंचाया है। कहा गया कि ऐसे कार्यों से किसी सरकार को नहीं, बल्कि राष्ट्र को चोट पहुंची है। बयान में राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों को पक्षपातपूर्ण नाटक से मुक्त रखें।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र भाजपा में कृष्णराज 'युवा अध्यक्ष'

**मुंबई।** भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने मंगलवार को नए पदाधिकारियों की सूची जारी की। इसमें कृष्णराज महाडिक को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त कर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इन नियुक्तियों की घोषणा की। मुख्य प्रवक्ता, महासचिव, सचिव, उपाध्यक्ष का ऐलान किया है।



### भुवनेश्वर में आग से कई दुकानें खाक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर के धौली इलाके में को एक बाजार परिसर में आग लगी। इसमें कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधितारियों ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे लगी आग के कारण किसी के घायल होने या मौत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। परिसर में प्लाईवुड और प्लास्टिक सहित ज्वलनशील पदार्थ का भंडार था।



### गोली मारी और चाकू से काटा गला, सरेराह हत्या

**ग्रेटर नोएडा।** यहां के गांव लुक्सर में मंगलवार को रंजिश के चलते एक युवक की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। मृतक युवक की पहचान नितिन निवासी गांव लुक्सर के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



### ऑर्केस्ट्रा की आड़ में डांस बार, लाइसेंस रद्द होंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को अवैध डांस बार चलाने के लिए ऑर्केस्ट्रा बार लाइसेंस के दुरुपयोग के खिलाफ सख्ती बरतने की बात कही। सीएम फडणवीस ने कहा कि सरकार ऐसे बारों के लाइसेंस को स्थायी रूप से रद्द करने का प्रावधान प्रस्तावित करेगी, जो कार्रवाई के बावजूद संचालन जारी रखते हैं और नियमों का उल्लंघन करते हैं।



### कांतारा विवाद पर रणवीर को लगी फटकार

**मुंबई।** रणवीर सिंह का महीनों पुराना विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। नवंबर 2025 में सिंह ने गोवा में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हंसी मजाक में कुछ ऐसा कर दिया जो उन्हें भारी पड़ गया। एक्टर ने स्टेज पर ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1' में दैवी को महिला भूत बताते हुए फिल्म के आइकॉनिक सीन की मिमिक्री की थी। इसी पर अदालत ने फटकार लगाई है।



## केंद्रीय कैबिनेट: रेलवे की कई तीसरी और चौथी लाइनों का भी किया जाएगा विस्तार

# 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स से रेलवे यातायात होगा सुगम, किसानों की भी होगी बल्ले-बल्ले

### श्रीनगर और अहमदाबाद भी होंगे मालामाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए पीएम कार्यालय सेवा तीर्थ में हुई पहली कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी। बुनियादी ढांचे को मजबूती देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 12,236 करोड़ के विभिन्न विकास प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।

इस बड़े निवेश का मुख्य हिस्सा रेलवे और शहरी परिवहन के विस्तार पर केंद्रित है,रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए पुनरख-किऊल की तीसरी और चौथी लाइन के लिए 2,668 करोड़ तथा गम्हरिया-चांडिल की तीसरी व चौथी लाइन के लिए 1,168 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। विमानन और शहरी यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से श्रीनगर में 1,667 करोड़ की लागत से एक नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 28 के विस्तार (1,067 करोड़ ) को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई कार्य संस्कृति और महत्वाकांक्षी फैसलों के साथ 140 करोड़ लोगों के हित को सर्वोपरि रखते हुए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए हैं।

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में फैसलों की जानकारी दी**



### 2026-27 सीजन के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य

पीएम मोदी की अध्यक्षता में गठित आर्थिक कार्य मंत्रिमंडलीय समिति ने मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। 2026-27 सीजन के लिए कच्चे जूट (टीडी-3 ग्रेड) का एमएसपी 5,925 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इससे जूट के अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ सुनिश्चित होगा। मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट का यह घोषित एमएसपी बजट 2018-19 में सरकार के घोषित अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना एमएसपी निर्धारित करने के सिद्धांत के अनुरूप है। मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट का एमएसपी पिछले मार्केटिंग सीजन2025-26 की तुलना में 275 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है।

### चार राज्यों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को चार राज्यों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं पर कुल 9,072 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। चार राज्यों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को दी गई मंजूरी इन परियोजनाओं में गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, पुनारख-किउल तीसरी और चौथी लाइन तथा गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं।

**लाइन क्षमता बढ़ने से आवाजाही में होगा सुधार**

लाइन क्षमता बढ़ने से आवाजाही में सुधार होगा और भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता तथा सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं संचालन को सुगम बनाएंगी और भीड़भाड़ कम करेंगी।

**ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत**

ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों से परामर्श के माध्यम से मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। ये लोगों, सामान और सेवाओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करेंगी।

### कैबिनेट की बैठक के अहम फैसले

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 140 करोड़ लोगों के हित में सभी निर्णय लेने का संकल्प लेते हुए प्रस्ताव पारित किया
- वैष्णव के अनुसार, नए पीएमओ भवन में आयोजित मंत्रिमंडल की पहली बैठक में 140 करोड़ लोगों के हित में सभी निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया गया।
- मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों में तीन रेल 'मल्टी-ट्रैकिंग' परियोजनाओं को मंजूरी दी

### श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ के सिविल एन्क्लेव विकास होंगे

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने मंगलवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रस्तावित 1,677 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से सिविल एन्क्लेव के विकास को मंजूरी दे दी है। यह कश्मीर घाटी में एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।आपको बता दें, परियोजना के दायरे में सुरक्षा कर्मियों के लिए बैरकों का निर्माण भी शामिल है। वायु सेना के बडगाम एयरबेस के तहत यह हवाई अड्डा श्रीनगर शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित है।

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर पर विवाद

# ओडिशा- झारखंड के अफसर की तैनाती करें,ईसी देगा खर्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सबसे जरूरी है। समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है।

- सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट को आदेश

इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, एसआईआर प्रक्रिया में लगा सकते हैं। यदि इसके बाद भी मानव संसाधन की कमी हो तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा है।



**294 जिला और अतिरिक्त जिला जज लगाए गए**

बताया गया कि अब तक 294 जिला और अतिरिक्त जिला जज एसआईआर के अंतिम चरण में तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद यह संख्या पर्याप्त नहीं मानी गई। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि यदि एक जज रोज 250 मामलों की सुनवाई करे तो भी पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 80 दिन लग सकते हैं। जबकि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होनी है। इसलिए समय की भारी कमी है।

### ईसीआई ने किया चुनाव आयुक्तों संग मंथन

चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी, विश्वसनीय और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ईसीआई ने मंगलवार को भारत मंडपम में राज्य निर्वाचन आयुक्तों के साथ राष्ट्रीय राउंड टेबल सम्मेलन-2026 का आयोजन किया। 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस सम्मेलन में चुनावी प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने और शुद्ध मतदाता सूचियां तैयार करने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद रहे। ज्ञानेश ने कहा कि आयोग और राज्य निर्वाचन आयोगों के बीच संस्थागत समन्वय को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने मतदाता सूची प्रबंधन, प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग और श्रेष्ठ पद्धतियों के आदान-प्रदान पर जोर दिया।

## 13,14 एवं 15 मार्च को होने वाली बैठक में संघ प्रमुख भागवत भी रहेंगे मौजूद

**बैठक में राष्ट्रीय परिदृश्य के साथ ही अहम विषयों पर प्रस्ताव पारित होंगे**

# संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा हरियाणा के समालखा में होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस वर्ष समालखा, (हरियाणा) में 13,14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित हो रही है। संघ की दृष्टि से यह सर्वोच्च निर्णायक इकाई की बैठक होती है।



प्रतिवर्ष होने वाली बैठक का आयोजन इस वर्ष ग्रामविकास एवं सेवा साधना केन्द्र, पट्टीकल्याणा, समालखा, (हरियाणा) में हो रहा है। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी सह सरकार्यवाह एवं अन्य पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचित प्रतिनिधि, प्रांत व क्षेत्र स्तर के प्रमुख पदाधिकारी सहित कुल 1489 कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में संघ प्रेरित विविध 32 संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन मंत्री भी मौजूद रहेंगे। यह वर्ष संघ शताब्दी का होने के नाते शताब्दी निमित्त आयोजित विजयादशमी उत्सव, गृहसंपर्क, हिन्दू सम्मेलन, युवा सम्मेलन, प्रमुख नागरिक गोष्ठी, सामाजिक सद्भाव बैठकें आदि कार्यक्रमों तथा अभियानों के वृत्तांत के साथ-साथ अनुभवों पर बैठक में विशेष चर्चा रहेगी।

### कार्यों की समीक्षा होगी

*प्रतिनिधि सभा में गत वर्ष 2025-26 के संघ कार्य की समीक्षा तथा प्रांतों में हुए विशेष कार्यों का निवेदन होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के अनुसार बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य पर चर्चा के साथ ही कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव भी पारित किए जाएँगे। संघ शाखाओं द्वारा अपेक्षित सामाजिक परिवर्तन के कार्यों सहित विशेष रूप से पंच परिवर्तन के प्रयासों की चर्चा अपेक्षित है। संघ शिक्षा वर्ग तथा कार्यकर्ता विकास वर्ग सहित अन्य प्रशिक्षण वर्गों की योजनाओं पर विचार-विमर्श तथा आगामी वर्ष की संघ कार्य योजना का निर्धारण किया जाएगा।*

## शिवराज की 11 राज्यों के कृषि मंत्रियों से चर्चा

# योजनाओं का उद्देश्य बजटीय व्यय नहीं, किसानों की आय भी बढ़े

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर 11 राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल माध्यम से विस्तृत समीक्षा बैठक की।

इस दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) एवं कृषि उन्नति योजना (केवाई) के अंतर्गत राज्यों में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा इन दोनों योजनाओं में जारी धनराशि के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध उपयोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल बजटीय व्यय करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर किसानों की आय में ठोस वृद्धि सुनिश्चित करना है। चौहान ने राज्यों से आग्रह किया कि उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग 31 मार्च 2026 तक पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।



## लकड़ी की ट्राम दौड़ी




**कोलकाता।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान निर्मित लकड़ी की ट्राम संख्या 498 'गीतांजलि' की विशेष विरासत यात्रा को कोलकाता में मंगलवार को कलकत्ता ट्राम सेवा की 153वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## चुनावों में नोटा का विकल्प लाने से नेताओं में सुधार पर संदेह

# पढ़े-लिखे और अमीर कम तो कमजोर तबका कर रहा ज्यादा वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर संदेह जताया है कि चुनावों में नन ऑफ द एबव यानी नोटा का विकल्प लाने से देश में चुने हुए नेताओं में कोई सुधार हुआ है या नहीं।

सभी चुनावों में नोटा ऑप्शन को जरूरी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि भारत में पढ़े-लिखे और अमीर लोगों में वोटिंग में हिस्सा लेना, आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों के मुकाबले बहुत कम है। याचिका में उन सीटों को भी शामिल किया गया है जहां सिर्फ एक ही उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा है।

**सिस्टम जरूरी हो लेकिन सख्त नहीं होना चाहिए**

### नेताओं की क्वालिटी में आया सुधार?



जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि क्या नोटा से चुने हुए नेताओं की क्वालिटी बेहतर हुई है? क्योंकि इससे हमें पता चलता है कि पढ़े-लिखे, अमीर लोग कम वोट करते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर लोग ज्यादा वोट करते हैं। सीजेआई ने कहा कि कभी-कभी हमें लगता है कि हमें कोई ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए जो जरूरी हो, लेकिन सख्त न हो, ताकि लोग जाकर वोट दें।

**हल्द्वानी बनभूलपुरा केस में अहम फैसला**

### रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटेगा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी बनभूलपुरा रेलवे जमीन अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना अहम फैसला दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण को लेकर फैसला देते हुए कहा है कि रेलवे की करीब 29 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे को हटाया जाएकोर्ट ने साफ कह दिया है कि 19 मार्च के बाद सर्वे शुरू किया जाए, जिसमें देखा जाए कि करीब 4500 से ज्यादा घरों में से किसके पास पीएम आवास योजना के तहत घर पाने की एलिजिबिलिटी है या नहीं।

### केरल हाईकोर्ट के फैसले पर रोक, नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट नेकेरल की एलडीएफ सरकार को राहत देते हुए, हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें 'नव केरल सिटीजन रिस्पॉन्स प्रोग्राम' के लिए 20 करोड़ देने के आदेश को रद्द कर दिया गया था। नवा केरल सिटिजन रिस्पॉन्स प्रोग्राम के तहत सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा और लोगों से योजनाओं को लेकर फीडबैक भी लिया जाएगा।

**इस आधार पर रोका हाईकोर्ट का आदेश**

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य की स्पेशल लीव याचिका पर अंतरिम आदेश जारी किया। पीठ ने हाईकोर्ट में सरकार की योजना के खिलाफ याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को भी नोटिस जारी किया है।

## एयर एंबुलेंस हादसा

# जान बचाने के फेर में गई 7 की जान, उधार लिए थे 7.5 लाख

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची से दिल्ली के लिए रवाना की गई एक एयर एम्बुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 7 लोगों की मौत हो गई। यह विमान एक गंभीर रूप से झुलसे झारखंड के होटल व्यवसायी को इलाज के लिए राष्ट्रीय राजधानी ले जा रहा था।

परिवार ने इस उड़ान और दिल्ली के एक बड़े निजी अस्पताल में इलाज के खर्च के लिए लाखों रुपए उधार लिए थे, लेकिन जीवन बचाने की यह कोशिश दर्दनाक हादसे में बदल गई। मृतकों में संजय कुमार शॉ, उनकी पत्नी अर्चना , रिश्तेदार ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, नर्स सचिन कुमार मिश्रा और पायलट कैप्टन विवेक विकास भगत तथा कैप्टन सवराजदीप सिंह शामिल हैं।



### उड़ान भरने के कुछ देर बाद टूटा संपर्क

*बीचक्राफ्ट सी90 एयर एम्बुलेंस, जिसे रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड संचालित कर रही थी, ने शाम 7 बजकर 11 मिनट पर रांची से उड़ान भरी। लगभग 20 मिनट बाद विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया। इसके बाद विमान चतरा जिले के एक वन क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।*



एंटी-सबमरीन वॉरफेयर 'अंजदीप'

# भारतीय नौसेना में शामिल होगा स्वदेशी एएसडब्ल्यू क्राफ्ट 'अंजदीप'

## तटीय सुरक्षा और एंटी-सबमरीन क्षमता होगी मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2047 तक आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य की दिशा में भारतीय नौसेना लगातार स्वदेशी प्लेटफॉर्म शामिल कर रही है। इसी क्रम में 27 फरवरी को स्वदेशी एंटी-सबमरीन वॉरफेयर (एएसडब्ल्यू) शैलो वॉटर क्राफ्ट 'अंजदीप' को आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल किया जाएगा।

एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की मौजूदगी में चेन्नई पोर्ट पर इसका कमीशनिंग समारोह आयोजित होगा। क्षेत्रीय समुद्री चुनौतियों को देखते हुए भारतीय नौसेना ने एंटी-सबमरीन वॉरफेयर क्षमता को मजबूत किया है। इस परियोजना के तहत पहले ही आईएनएस अर्णाला, आईएनएस अंद्रोत्त और आईएनएस माहे नौसेना में शामिल किए जा चुके हैं। 'अंजदीप' इस श्रृंखला का अगला उन्नत प्लेटफॉर्म है।

**रॉकेट लॉन्चर, टॉरपीडो, नेवल गन से लैस**

**3000 किमी की दूरी तय करने में सक्षम**

### आधुनिक हथियार से लैस

'अंजदीप' एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो, 30 मिमी नेवल गन, एएसडब्ल्यू कॉम्बैट सूट, हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार से सुसज्जित है। यह लगभग 25 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और एक बार में करीब 3,300 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है।

### स्वदेशी निर्माण से बढ़ी रक्षा क्षमता

साल 2019 में 16 एएसडब्ल्यू शैलो वॉटर क्राफ्ट के निर्माण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इनमें से 8 पोत कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड और 8 गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता में बनाए जा रहे हैं।

### तटीय सुरक्षा की रक्षा में अहम भूमिका

यह युद्धपोत तट से 100 से 150 नॉटिकल मील तक दुश्मन की सबमरीन का पता लगाने में सक्षम है। 30 से 40 मीटर की गहराई वाले क्षेत्रों में यह सबमरीन को डिटेक्ट, ट्रैक और नष्ट कर सकता है। साथ ही यह नौसैनिक बंदरगाहों से निकलने वाले बड़े युद्धपोतों के लिए समुद्री मार्ग को सुरक्षित और क्लियर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### पवन हंस हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर जा रहे पवन हंस हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग बीच समंदर में कराई गई। घटना में हेलीकॉप्टर में सवार 2 क्रू मेंबर और 3 पैसेंजर सुरक्षित हैं। हेलीकॉप्टर को पानी से निकालने की कोशिश की जा रही है। पवन हंस भारत की सबसे बड़ी सरकारी हेलीकॉप्टर कंपनी है। इसे आसमान की बस सेवा समझ सकते हैं, जो उन जगहों पर जाती है, जहां ट्रेन या बड़े हवाई जहाज नहीं पहुंच पाते।

### अमेजन का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस



**बेंगलुरु।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने बेंगलुरु के बाहरी इलाके कट्टिगेनाहल्ली में एशिया का अपना दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस खोला है। 11 लाख स्क्वेयर फीट में फैला यह 12 मंजिला कैंपस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। ऑफिस में ई-कॉमर्स, ऑपरेशंस, पेमेंट्स, टेक्नोलॉजी और सेलर सर्विसेज जैसे विभागों के 7,000 से ज्यादा कर्मचारी एक साथ काम कर सकेंगे। नया कैंपस करीब 5 एकड़ जमीन पर बना है।

---

## ट्रंप की चेतावनी पर ईरानी कमांडर हातामी का बड़ा बयान

# हमारा देश युद्ध के लिए तैयार, वियतनाम और अफगानिस्तान की पराजय याद रखे अमेरिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान पर हमले की बयानबाजी के बीच ईरानी सेना के प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है तो हम इसके लिए तैयार हैं। हतामी ने आगे कहा कि अमेरिका को वियतनाम और अफगानिस्तान की लड़ाई का हश्र देख लेना चाहिए। जहां उसे पराजय मिली। सेना प्रमुख हातामी ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरानी राष्ट्र के खिलाफ बयानबाजी को एक खतरा मानता है और इसका जवाब दिए बिना नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आज ईरान के सशस्त्र बलों की तैयारी युद्ध से पहले की तुलना में कहीं अधिक है।

हातामी ने कहा कि यदि अमेरिका कोई गलती करता है, तो उसे और भी निर्णायक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा, और हम किसी भी आक्रमणकारी का पुरजोर तरीके से मुकाबला करेंगे। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी दी कि ट्रंप की धमकी के जवाब में किसी भी हमले का भयंकर जवाब दिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के खिलाफ हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ईरान में संभावित सैन्य हमले के लिए खाड़ी देशों में अपनी सैन्य उपस्थिति भी बढ़ा दी है। पूर्व सीआईए अधिकारी जान किरियाकोऊ दावा कर चुके हैं कि अमेरिका जल्द ही ईरान पर हमला कर सकता है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर विचार कर रहे हैं, हालांकि दोनों देशों के बीच गुरुवार (26 फरवरी 2026) को जिनेवा में अगली वार्ता होने वाली है।

**अमेरिका-ईरान के बीच अगली बैठक 26 फरवरी को जिनेवा में**

**पूर्व सीआईए अधिकारी का दावा, ईरान पर हमला होगा**

### ईरानी नागरिकों को फोन पर मिले अलर्ट



यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



ईरानी सेना प्रमुख अमीर हातामी

ईरान में हजारों लोगों के फोन पर आए धमकी वाले मैसेज ने जंग को लेकर और हलचल मचा दी है। दरअसल, सोमवार को हजारों ईरानी नागरिकों के फोन पर एक रहस्यमयी फारसी मैसेज आया। मैसेज में लिखा था, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप एक बड़ा एक्शन लेने वाले आदमी हैं। देखते रहिए।'

**ईरान को चीन देगा युद्धपोत डुबो देनी वाली मिसाइल**

*अमेरिकी हमले के अंदेशे का सामना कर रहे ईरान ने चीन के साथ मिसाल खरीद की डील की है। ईरानी सेना चीन से सुपरसोनिक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल खरीद रही है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार चीन में बनी सीएम-302 मिसाइलों की डील पूरी हो चुकी है। चीन से अगले कुछ दिनों में इन मिसाइलों के ईरान पहुंचने की संभावना जताई गई है।*

### जनरल केन ईरान के साथ युद्ध के पक्ष में: ट्रंप



डेनियल केन

ट्रंप ने उन दावों को खारिज कर दिया, जिसमें बताया जा रहा था कि अमेरिका के टॉप मिलिट्री कमांडर जनरल डेनियल केन ने ईरान के साथ संभावित युद्ध के खिलाफ हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल बताया कि फेक न्यूज मीडिया में कई कहानियां चल रही हैं जिनमें कहा गया है कि जनरल डेनियल केन, जिन्हें रजिन के नाम से भी जाना जाता है, ईरान के साथ हमारे युद्ध के खिलाफ हैं। यह कहानी 100% गलत है। ट्रंप ने कहा कि हम सब की तरह जनरल केन भी जंग नहीं देखना चाहते, लेकिन उनकी राय है कि यह युद्ध आसानी से जीता जा सकता है।

### ईरान का सैन्य हेलीकॉप्टर क्रैश, 4 की मौत

ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मध्य ईरान के एक प्रमुख फल एवं सब्जी बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इस हादसे में जिसमें पायलट, को-पायलट समेत 4 लोगों की मौत हो गई कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किलोमीटर दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

### ईरान को घेरने के लिए नेतन्याहू को चाहिए भारत का साथ

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने एक अलग गठबंधन का बनाने का प्रस्ताव दिया है। इजराइल का कहना है



कि इस गठबंधन में भारत, ग्रीस, साइप्रस, अरब के कुछ देश, अफ्रीका के कुछ देश और एशियाई देश शामिल होंगे। हालांकि, उन्होंने अरब और अफ्रीका के देशों का नाम नहीं बताया। वहीं, दूसरी ओर अभी तक किसी भी देश ने इस गठबंधन को अपना समर्थन नहीं दिया है। पीएम मोदी के इजराइली दौरे से पहले नेतन्याहू ने इस गठबंधन का ऐलान किया है, जिसका नाम रखा है, 'हेक्सागन ऑफ एलायंस'। नेतन्याहू ने ईरान का मुकाबला करने के मकसद से पीएम मोदी के 25-26 फरवरी के इजराइल दौरे से पहले गठबंधन की रूपरेखा तैयार की है। इजराइल यह गठबंधन ईरान के नेतृत्व वाले 'कट्टरपंथी शिया ग्रुप' और एक 'उभरते कट्टरपंथी सुन्नी ग्रुप' का मुकाबला करने के लिए बनाना चाहता है।

---

## रणनीतिक साझेदारी की करेंगे समीक्षा

# आज से इजराइल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका और ईरान के बीच गहराती युद्ध की आशंका के चुनौतीपूर्ण दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से इजराइल की दो दिवसीय (25 से 26 फरवरी तक) राजकीय यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बताया कि यात्रा के दौरान पीएम अपने समकक्ष और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी में हुई सराहनीय प्रगति की व्यापक रूप से समीक्षा करेंगे।

इसके अलावा उनकी वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। सहयोग के अन्य क्षेत्रों जैसे रक्षा और सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कृषि, जल प्रबंधन और आम-जन के बीच बने हुए संबंधों में भावी संभावनाओं के मामले भी दोनों नेताओं की बातचीत में शामिल किए जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि पीएम की ये दूसरी इजराइल यात्रा है।

### प्रगाढ़ होगी साझेदारी

*पीएम मोदी पीएम नेतन्याहू के अलावा इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से शिष्टाचार भेंट करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा भारत और इजराइल के बीच स्थापित दीर्घावधि रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराती है। साथ ही दोनों शीर्ष नेताओं को समान चुनौतियों के मसले की समीक्षा करने का भी मौका मिलेगा। जिससे भारत और इजराइल दोनों के लचीले लोकतंत्रों द्वारा निधारिंत संयुक्त विजन को प्राप्त करने की दिशा में प्रयासों को बल मिलेगा।*

### गहरे जुड़ाव का प्रतीक है यह यात्रा

*पीएम मोदी ने एक्स पर की गई एक पोस्ट में पीएम नेतन्याहू को धन्यवाद देते हुए कहा था कि मैं, भारत, इजराइल के बीच गहरे जुड़ाव और हमारे द्विपक्षीय संबंधों के बहुआयामी स्वरूप को लेकर आपके शब्दों से पूरी तरह से सहमत हूं। हम इजराइल के साथ अपनी मजबूत और स्थायी मित्रता को बहुत महत्व देते हैं। जिसकी नींव आपसी विश्वास, शांति और प्रगति की साझा आकांक्षा पर आधारित है। मुझे इजराइल की अपनी आगामी यात्रा के दौरान आपसे बातचीत और मुलाकात की उम्मीद है। नेतन्याहू ने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध दो ऐसी शक्तियों का गहरा रणनीतिक गठबंधन है। जो साझा दृष्टिकोण रखती हैं। हम सब मिलकर भावी पीढ़ियों के लिए अपनी मजबूती और भविष्य सुनिश्चित करते हैं।*

---

**टॉयलेट के बाहर लगी 45 मिनट की लंबी लाइन**

# युद्धपोत में छिड़े 'टॉयलेट युद्ध' से अमेरिका के नौसैनिकों में हाहाकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिका का हमला जब होगा तब होगा। लेकिन उससे ठीक पहले अमेरिका के विशालकाय विमानवाहक युद्धपोत 'यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड' पर एक बड़ी समस्या आ गई है। इस पर तैनात कुल करीब 5 हजार सैनिकों को खाड़ी देश ने नहीं बल्कि पोत के अपने ही बंद पड़े टॉयलेट ने नाक में दम कर दिया है। पोत पर 13 अरब डॉलर की लागत से पानी की बचत के लिए डिजाइन किया गया वैक्यूम वाला सीवेज सिस्टम लगाया गया था। युद्धपोत में नौसैनिकों के भारी-भरकम आंकड़े को देखते हुए कुल 650 टॉयलेट भी लगाए गए हैं। लेकिन इस बार इसकी लंबी तैनाती की वजह से सीवेज सिस्टम पूरी तरह से गड़बड़ा गया है।

### लंबी तैनाती से प्रभावित होती मरम्मत



युद्धपोत यूएसएस जेराल्ड

शांतिकाल में यूएसएस जेराल्ड की समुद्री तैनाती की औसतन अवधि लगभग 6 महीने की होती है। इस बार जनवरी के पूर्व में वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी प्रकरण में समुद्र में अपनी दमदार तैनाती के साथ निभाई गई भूमिका के बाद ईरानी समुद्र में इसे आठ महीने का वक्त हो चुका है। जिससे पोत में मौजूद टॉयलेट के अलावा अन्य जरूरी सिस्टम की मरम्मत का काम भी प्रभावित हो रहा है। समुद्र में लंबी अवधि के दौरान पोत के सिस्टम गड़बड़ाने लगते हैं और उन्हें तुरंत मरम्मत की जरूरत पड़ती है।

### बंद पड़े टॉयलेट खोलने में इंजीनियर्स असफल

पोत पर ज्यादातर टॉयलेट बंद हैं। जिसकी वजह से कुछ में अमेरिकी नौसैनिकों को अपनी नित्य क्रिया के लिए 45 मिनट की लंबी लाइन लगाकर इंतजार करना पड़ रहा है। तो वहीं, कुछ में समस्या का समाधान न मिलने की वजह से बेहद नाराज नौसैनिक टॉयलेट के इस्तेमाल को लेकर आपस में एक-दूसरे से ही भिड़ रहे हैं। जबकि दूसरी ओर टॉयलेट की मरम्मत का काम देखने वाले इंजीनियर्स को बंद पड़े टॉयलेट खोलने में दिन-रात एक करने पड़ रहे हैं। इसके बाद भी कोई सफलता हाथ नहीं लग रही है।

---

## कनाडा सरकार ने उठाया सख्त कदम

# गलत जानकारी के आधार पर राणा की नागरिकता रद्द करने की तैयारी



तहव्वुर राणा

एजेंसी ▶▶ ओटावा

भारत दौरे से पहले कनाडा सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान मूल के कारोबारी तहव्वुर राणा की कनाडाई नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राणा पर 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है, जब कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की भारत यात्रा प्रस्तावित है। राणा 64 वर्ष का है और 1997 में कनाडा गया था। उसने 2001 में कनाडाई नागरिकता हासिल की थी। वह 26/11 हमले के मुख्य साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी माना जाता है। अप्रैल 2025 में उसे अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली पहुंचते ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। कनाडा के आव्रजन विभाग ने साफ किया है कि राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, बल्कि गलत जानकारी देने के आधार पर रद्द की जा रही है। विभाग के मुताबिक, राणा ने अपने आवेदन में झूठ बोला था।

---

## अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी पर भारतीय परचम




**नई दिल्ली।** नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम), उत्तरकाशी और जवाहर पर्वतारोहण और शीतकालीन खेल संस्थान (जेआईएम एंड डब्ल्यूएस), पहलगाम के छह सदस्यीय दल ने भारतीय पर्वतारोहण के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस संयुक्त दल ने दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे शिखर और एशिया के बाहर दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट एकांकागुआ पर 22 फरवरी 2026 को दोपहर 2:10 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नल हेम चंद्र सिंह के नेतृत्व में इस दल को 5 फरवरी 2026 को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह दल 8 फरवरी 2026 को अर्जेंटीना पहुंचा और वहां से अपनी चढ़ाई शुरू की थी।

---

## वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में आधुनिक हथियारों का समन्वित उपयोग किया

# रेगिस्तान में सेना का हाई-टेक युद्धाभ्यास 'अग्नि वर्षा' शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने मंगलवार से 'अग्नि वर्षा' नामक व्यापक सैन्य युद्धाभ्यास शुरू किया है। यह युद्धाभ्याय राजस्थान के बीकानेर जिले के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में किया जा रहा है। इस अभ्यास में आधुनिक टैंक, तोप, ड्रोन, रोबोट, मिसाइल, हेलिकॉप्टर और हवाई शक्ति का समन्वित उपयोग किया जाएगा। 'अग्नि वर्षा' भारतीय सेना का एक बड़ा युद्धाभ्यास है, जिसे वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में अंजाम दिया जा रहा है। दक्षिणी कमान के तत्वावधान में रेगिस्तानी क्षेत्र में यह महत्त्वपूर्ण सैन्य अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। इस व्यापक युद्धाभ्यास का उद्देश्य सेना की ऑपरेशनल तैयारी, संयुक्त युद्धक क्षमता और आधुनिक युद्ध प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण करना है। रेगिस्तान की कठिन परिस्थितियों में सेना की विभिन्न शाखाएं इसमें भाग ले रही हैं। इनमें पैदल सेना, बख्तरबंद कोर, तोपखाना, वायु रक्षा और संचार इकाइयां शामिल हैं। सभी इकाइयां एकीकृत रूप से युद्धाभ्यास में भाग लेंगी।

### समन्वित हथियार के प्रयोग पर जोर



खरगा कॉर्प्स ने भीष्म टैंक का प्रदर्शन किया

अभ्यास का मुख्य फोकस सभी हथियार प्रणालियों के समन्वित उपयोग पर है। इसमें लंबी दूरी की सटीक मारक क्षमता का परीक्षण किया जाएगा और नेटवर्क आधारित कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम को परखा जाएगा। रेगिस्तानी इलाके की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तेज और निर्णायक कार्रवाई की रणनीति विकसित की जाएगी। इसके माध्यम से आधुनिक तकनीक और स्वदेशी हथियार प्रणालियों की प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन होगा।

**पारदर्शिता का संदेश**

इस युद्धाभ्यास को 25 देशों के अंतरराष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञ प्रत्यक्ष रूप से देखेंगे। इससे भारत की सैन्य क्षमता का वैश्विक प्रदर्शन होगा और रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता व विश्वास निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। यह अभ्यास आधुनिक तकनीक के समावेश, स्वदेशीकरण और युद्धक क्षमता के निरंतर विकास की नीति को भी दर्शाता है।

### भविष्य के लिए रणनीतिक तैयारी

सेना का उद्देश्य है कि भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों के अनुरूप उसकी रणनीति, संसाधन और प्रणालियां पूरी तरह सक्षम और अद्यतन रहें। यह अभ्यास राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के प्रति सेना की तत्परता का स्पष्ट संदेश देता है। आवश्यकता पड़ने पर त्वरित, सटीक और निर्णायक कार्रवाई की क्षमता सेना के पास मौजूद है। 'अग्नि वर्षा' केवल एक सैन्य अभ्यास नहीं, बल्कि तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर भारतीय सेना की शक्ति, तैयारी और संकल्प का व्यापक प्रदर्शन भी है।

---

## अमेरिका में 'बम चक्रवात' का कहर

# 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द, रेल सेवा निलंबित, बिजली गुल, स्कूल बंद किए

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



न्यूयॉर्क में सड़कों पर जमी बर्फ

अमेरिका के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक शक्तिशाली बर्फीले तूफान ने कहर बरपाया है। मैरीलैंड से लेकर मेन तक के इलाके भारी बर्फ की चादर में ढक गए हैं। इस भीषण मौसम के कारण शनिवार से मंगलवार के बीच 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अकेले सोमवार को 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और मंगलवार के लिए 1,300 से अधिक उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं, जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं। न्यूयॉर्क के जेएफके, लागुआर्डिया और बोस्टन के लोगान एयरपोर्ट सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने इसे एक दशक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया है, जिसे 'बम चक्रवात' कहा जा रहा है। बम चक्रवात तब होता है जब 24 घंटे की अवधि में तूफान का दबाव एक निश्चित मात्रा में गिर जाता है। न्यूयॉर्क शहर में छह साल में पहली बार बर्फबारी के कारण स्कूल बंद किए गए। पूर्वी तट पर 5,70,000 से ज्यादा घरों और व्यवसायों की बिजली गुल हो गई है। बिजली बहाल करने में कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### रीबॉक ने मनु भाकर को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** रीबॉक ने भारत में ओलंपिक निशानेबाज मनु भाकर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की। यह साझेदारी रीबॉक की 'ट्रेनिंग-फर्स्ट' सोच को देश की सबसे एकाग्र और जुनूनी एथलीट्स में से एक के साथ जोड़ती है। दोनों का मानना है कि असली प्रदर्शन प्रतियोगिता के दिन नहीं, बल्कि उससे महीनों पहले की गई कड़ी तैयारी से तय होता है।




### स्ट्राइडर्स इम्पेक्स का आईपीओ 26 को खुलेगा

**मुंबई।** स्ट्राइडर्स इम्पेक्स लिमिटेड ने आईपीओ 26 फरवरी 2026 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य 36.28 करोड़ जुटाने का है और इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग मुख्य भूमि यूएई में प्रस्तावित नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की स्थापना एवं निवेश, ऋणों की अदायगी, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा। एंकर निवेशकों के लिए निर्गम बुधवार 25 फरवरी को खुलेगा, जबकि सार्वजनिक निर्गम सोमवार 2 मार्च 2026 को बंद होगा।

### मोरेपेन को 825 करोड़ का वैश्विक सौदा प्राप्त हुआ

**गुरुग्राम।** मोरेपेन लेबोरेटरीज लिमिटेड ने एक अग्रणी वैश्विक फार्मा कंपनी से लगभग 825 करोड़ रुपए का बहुवर्षीय कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गनाइजेशन ऑर्डर हासिल किया है। इस ऑर्डर के तहत सप्लाई अगले 4-5 महीनों के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। यह सीडीएमओ ऑर्डर कंपनी के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण अकेला सीडीएमओ ऑर्डर है। सुशील सूरी, चेयरमैन ने कहाकि यह ऑर्डर मोरेपेन के मैन्युफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट का प्रतिनिधिमंडल आज रखेगा अवर सचिव से समक्ष अपना पक्ष

# मप्र सहित देशभर के ट्रांसपोर्टरों ने किया यात्री बसों में माल, पार्सल परिवहन को वैध करने वाली राजपत्र अधिसूचना का कड़ा विरोध

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल, इंदौर सहित समूचे मध्यप्रदेश के साथ देशभर के ट्रांसपोर्टरों ने यात्री बसों में माल और पार्सल परिवहन को वैध बनाने वाली राजपत्र अधिसूचना का कड़ा विरोध किया है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग का यह निर्णय न केवल यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह माल परिवहन व्यवसाय को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा और इससे बसों में अधिक भीड़भाड़ की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे समर्पित कूरियर और ट्रक ऑपरेटरों का व्यवसाय प्रभावित होगा। ट्रांसपोर्टर चाहते हैं कि यह नीति वापस ली जाए या इसे कड़े नियमों के अधीन किया जाए।

गौरतलब है कि संदर्भित विषय और जारी राजपत्र अधिसूचना पर आपत्ति जताने के बुधवार को ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट का एक प्रतिनिधि मंडल मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के अवर सचिव सुश्री आयुषी जैन से भेंट करेंगा। आरटीओ एड ट्रैफिक कमेटी चेयरमेन सीएल मुकाती ने बताया कि मध्यप्रदेश सहित देशभर के संगठन प्रतिनिधि बुधवार कोवल्लभ भवन भोपाल पहुंचेंगे और अवर सचिव परिवहन विभाग से भेंट कर इस नई परिवहन नीति पर आपत्ति दर्ज कराएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिश सभरवाल, आरटीओ एंड ट्रैफिक कमेटी चेयरमैन सीएल मुकाती, पूर्व एआईएमटीसी वेस्ट जोन उपाध्यक्ष विजय कालरा, चेयरमैन राजेंद्र त्रैहान, इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष अमरजीत सिंह बग्गा, हरीश डाबर मैनेजिंग कमेटी मेंबर एआईएमटीसी आदि मौजूद होंगे।



### परिवहन विभाग ने 24 दिसंबर 2025 को जारी किया राजपत्र

सीएल मुकाती ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा जारी राजपत्र सूचना क्रमांक 1/2/1/0002/2025-Sec-1-08 (टीआरपी ) 24 दिसंबर 2025 को यात्री बसों में माल/पार्सल परिवहन को वैध किए जाने का प्रस्ताव प्रकाशित किया गया है। उक्त प्रस्ताव के संबंध में हमारी संस्था द्वारा पूर्व में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत की जा चुकी है, जिस पर हमें अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि यात्री बसों का मूल उद्देश्य यात्रियों का सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक परिवहन सुनिश्चित करना है।

### प्रदेश में सुरक्षित, सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग

संगठन के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश शासन-प्रशासन से मांग की है कि जनहित में यात्री सुरक्षा तथा परिवहन व्यवस्था की समग्र संरचना को दृष्टिगत रखते हुए उक्त प्रस्ताव पर पुनर्विचार करें और जारी अधिसूचना को निरस्त करें। साथ ही इस विषय में सभी संबंधित परिवहन संगठनों से व्यापक चर्चा कर एक संतुलित, सुरक्षित एवं न्यायसंगत निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहाकि कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रदेश में सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमवद्ध परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### यदि बसों में माल, पार्सल परिवहन को वैध किया गया तो गंभीर समस्याएं होंगी उत्पन्न

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के प्रतिनिधियों ने कहाकि यदि यात्री बसों में माल, पार्सल परिवन को वैध किया तो यात्रियों की सुरक्षा एवं उनके यात्रा आराम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बसों में माल/पार्सल लादे जाने से ओवरलोडिंग एवं वजन नियंत्रण से संबंधित गंभीर समस्याएं उत्पन्न होंगी। ट्रक एवं मालवाहक परिवहन व्यवसाय पर प्रतिकूल आर्थिक प्रभाव पड़ेगा, जिससे संगठित परिवहन व्यवस्था प्रभावित होगी। अवैध एवं असंगठित व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यात्री बसों में व्यावसायिक माल का परिवहन नियम विरुद्ध है, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न करता है। यात्री बसों की बॉडी संरचना माल परिवहन के अनुरूप नहीं होती, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों को मिलने वाले बीमा सुरक्षा कवरेज में गंभीर व्यावहारिक एवं कानूनी समस्याएं उत्पन्न होंगी। यात्री बसों के माध्यम से माल, पार्सल परिवहन की अनुमति दिए जाने पर जीएसटी ई-वे बिल की जांच एवं कर अनुपालन की प्रभावी निगरानी अत्यंत कठिन हो जाएगी। इससे बिना वैध ई-वे बिल माल परिवहन, गलत घोषणाएं एवं कर चोरी की संभावनाएं बढ़ेंगी, जिसके परिणामस्वरूप राज्य एवं केंद्र सरकार को राजस्व की प्रत्यक्ष हानि होगी।

## छापामार कार्रवाई में नकली 'सांची' घी फैक्ट्री का भंडाफोड़

# धड़ल्ले से हो रही भोपाल सहित आसपास के अंचलों में नकली 'सांची' घी की बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मध्यप्रदेश का अग्रणी डेयरी ब्रांड है, जो किसानों के कल्याण और उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है, लेकिन कतिपय मुनाफाखोर, मिलावटी और नकलची लोग शुद्ध और गुणवत्तायुक्त सांची घी के ब्रांड पर बट्टा लगाने बाजार में नकली सांची घी की सप्लाई कर रहे हैं। जो भोपाल सहित आसपास के अंचलों में धड़ल्ले बिक रहा है। बाजार सूत्रों के अनुसार राजधानी भोपाल के बैरागढ़, जुमेराती, कटाराहिल्स, बागमुगालिया सहित अन्य क्षेत्रों में सांची ब्रांड का नकली घी बिक रहा है। ज्ञात हो जिस नकली सांची घी का बीते दिन आष्टा एसडीएम नितिन कुमार टाले के निर्देश पर जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा के द्वारा ग्राम डोडी में टीम के साथ छापामार कार्रवाई कर नकली 'सांची' घी बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है।




### फर्जी रैपर, पैकिंग सामग्री जब्त

जानकारी के अनुसार नकली सांची घी फैक्ट्री डोडी निवासी मानसिंह सेंधव के मकान में किराए पर यह अवैध से संचालित हो रही थी और कल्याणपुरा (तहसील जावर) निवासी गौरव वर्मा द्वारा यहां से नकली 'सांची' घी तैयार कर भोपाल सहित आसपास के अंचलों के बाजार में सप्लाई किया जा रहा था। मौके से 792 किलो नकली घी, 'सांची' कंपनी के फर्जी रैपर, पैकिंग सामग्री तथा वनस्पति घी के टीन (डिब्बे) जब्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा की गई छापामार कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी गौरव वर्मा मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश में प्रशासन जुटा हुआ है।

### टीम मैदान में, सांची ब्रांड का नकली घी बेचने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई



नकली सांची घी फैक्ट्री का भंडाफोड़ के बाद 'सांची दुग्ध संघ' भोपाल संभाग में बड़ी मुस्तैदी से अलर्ट हो गया है। टीम नकली सांची घी की जब्ती करने मैदान में उतर गई है। टीम को निर्देशित किया गया है कि जहां भी जिस दुकान में सांची ब्रांड का नकली घी मिले पूरा माल जब्त कर उस दुकानदार के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराएं। साथ ही यह भी जांच किया जा रहा है अवैध रुप से नकली घी की सप्लाई कहां - कहां हुई।

**प्रीतेश जोशी**
सीईओ, भोपाल दुग्ध संघ

## चेंबर कार्यकारिणी की पहली बैठक में सदस्यता अभियान के साथ हुई कई मुद्दों पर चर्चा

# व्यापारिक हितों के साथ सामाजिक कार्यों में भी आगे रहें चेंबर के सदस्य : गोयल

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



राजधानी की शीर्ष व्यापारिक संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शहर के सभी व्यापारिक संगठनों को जोड़ते हुए व्यापक सदस्यता अभियान शुरू करने की घोषणा हुई है। यह घोषणा संस्था के अध्यक्ष गोविंद गोयल की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की पहली बैठक में की गई है। चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल ने कहा कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स राजधानी के व्यापारियों का एक परिवार है और इस परिवार में सभी को जोड़कर व्यापारिक संगठन और संस्थाओं के हित के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्ययोजना बनाकर अपना कार्य करेगी। संस्था के महामंत्री ललित तातेड ने एजेंडा के सभी प्रमुख पॉइंट रखें। इसके साथ ही आगामी समय में "होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम" समन्वय और सहयोग के साथ मनाया जाएगा।

बैठक में अध्यक्ष गोविंद गोयल ने कहा कि भोपाल में जितने भी व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन है उनके अध्यक्षों एवं महासचिव को भोपाल चेंबर के साथ जोड़ने का कार्य करेंगे एवं अधिक से अधिक नए सदस्य बनाएंगे।

जिससे शासन- प्रशासन के समक्ष भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज की स्थिति मजबूत बने। इसके साथ ही व्यापारिक हित के साथ सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी आगे रहे, ताकि व्यापारिक एवं औद्योगिक समुदाय की आवाज बनाकर उनका प्रतिनिधित्व कर सकें। बैठक में चेंबर के सदस्यों ने राजधानी में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स संस्था को विस्तृत रूप में कार्य करने और सभी को जोड़ने के लिए अपने-अपने विचारों द्वारा अवगत कराया। इसके साथ ही पुराने सम्मानित सदस्यों को जो गतिविधि शुल्क जमा न कर पाने की वजह से पीछे रह गए हैं। उन्हे पुनः भोपाल चेंबर में समाहित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष आकाश गोयल , उपाध्यक्ष, महामंत्री ललित तांतेड़, मंत्री सुनील जैनाविन, संजीव जैन गेहूं, कोषाध्यक्ष सह-कोषाध्यक्ष, अतिरिक्त-कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्य आदि मौजूद रहे।

## बिजनेस न्यूज

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने भोपाल में खोली 263वीं शाखा



**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने राजधानी भोपाल में अपनी 263वीं शाखा का शुभारंभ कर राज्य में अपनी उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया है । नई शाखा के खुलने से राज्य में बैंक की भागीदारी और अधिक समृद्ध होगी, जिससे बैंकिंग परिचालनों को सुदृढ़ता मिलेगी तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। भोपाल अंचल की इस नई शाखा मिनाल रेसिडेंसी का उद्घाटन शैलेष कुमार पारख, महाप्रबंधक एवं अचल प्रमुख, बैंक ऑफ बडौदा, भोपाल अंचल के कर-कमलों द्वारा किया गया । इस अवसर पर भोपाल क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधकदीपेश कुमार एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख राजेश बैरागी सहित विभिन्न स्टाफ सदस्यों ने प्रतिभागिता की । नई शाखा के उद्घाटन के साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा की मध्य प्रदेश में कुल शाखाओं की संख्या 263 हो गई है । बैंक का उद्देश्य स्थानीय समुदायों की विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है तथा व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों के लिए अनुकूलित उत्पादों और सेवाओं की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराना है। यह विस्तार बैंक की सुदृढ़ विकास कार्यनीति और देशभर में अपनी उपस्थिति को और अधिक मजबूत करने के दृष्टिकोण के अनुरुप है।

### इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में स्नातक समारोह का आयोजन... छात्रों को मिली नई उड़ान



**भोपाल।** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के ब्लूमिंग बड्स में आयोजित भव्य स्नातक दिवस समारोह में कक्षा केजी द्वितीय के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह समारोह छात्रों की सफलता का उत्सव मनाने के लिए आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अशोक नंदा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।इस अवसर पर प्रधानाचार्या दीप्ति सिंह ने विद्यार्थियों के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें जीवन में ईमानदारी व मेहनत के पथ पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया।छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य और गीतों ने समारोह को जीवंत बना दिया। इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की चिनार गुलमोहर एवं शक्तिनगर फ्यूचर किड्स की शाखाओं ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज की। समारोह का समापन शाला की कॉर्डिनेटर हिमांगी श्रीखंडे के धन्यवाद दिया। जिसमें शाला की प्राचार्या, सभी शिक्षकों, अभिभावकों और स्टाफ के सहयोग को सराहा गया। यह आयोजन सभी के लिए एक यादगार और प्रेरक दिन रहा, जो छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक का 'इंस्टैंट एनएफस-बेस्ड' बैलेंस अपडेट लांच



**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने रूपे एनसीएमसी ऑन-द-गो कार्ड्स पर इंस्टैंट एनएफसी-बेस्ड बैलेंस अपडेट फीचर पेश किया। अब ग्राहक अपने कार्ड का बैलेंस एनएफसी पॉवर्ड एन्ड्रॉयड स्मार्टफोन पर कार्ड को टैप करके तुरंत चेक और अपडेट कर सकते हैं, जिससे मेट्रो स्टेशन के कियोस्क जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और एक सहज, पूरी तरह से डिजिटल यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा। यूजर्स का पॉजिटिव फीडबैक मिलने के बाद अब बैंक इसे अपने रूपे ऑन-द-गो कार्ड्स के सभी यूज़र्स के लिए लांच कर रहा है। इस सुविधा के साथ, यात्री एयरटेल थैंक्स एप पर अपने बैंक खाते या वॉलेट में लॉग इन करने के बाद, अपने लिंक किए गए एनएफसी- इनेबल्ड एंड्रॉइड स्मार्टफोन पर कार्ड टैप करके अपने कार्ड बैलेंस को रियल टाइम में अपडेट या चेक कर सकते हैं। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर बिजनेस ऑपरेशंस,गणेश अनंतनारायणन ने कहाकि एयरटेल पेमेंट्स बैंक में हम निरंतर ऐसे इनोवेशन करने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं।

### एचडीएफसी बैंक ने किया नई टेक और डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ



**गुवाहाटी।** एचडीएफसी बैंक ने गुवाहाटी में अपनी नई टेक और डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ किया। यह सुविधा असम में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, इनोवेशन और टैलेंट इनक्यूबेशन के लिए एक सेंटर के तौर पर काम करेगी, जिससे स्टेट में एआई डिजिटल और साइबर सिक्योरिटी टैलेंट पूल को मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह सुविधा बैंक की असम में पहली और देशभर में चौथी है। बैंक की अभी मुंबई, बेंगलुरु और गुरुग्राम में टेक और डिजिटल फैक्ट्रियां हैं। इस सुविधा का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री, डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा, बैंक के चीफ इन्फॉर्मेशन ऑफिसर रमेश लक्ष्मीनारायण असम सरकार के गणमान्य लोगों और एचडीएफसी बैंक के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किया। एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहाकि हमें गुवाहाटी में अपनी नई टेक और डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि एचडीएफसी बैंक और असम सरकार ने फरवरी 2025 में "एडवांटेज असम 2.0"में एक एमओयू साइन किया था और हमें एक साल के अंदर इस सुविधा को सेट अप करके खुशी हो रही है। यह असम सरकार के मज़बूत सहयोग से मुमकिन हुआ।

### एआई डेटा सेंटर, स्टील प्लांट्स और शहरीकरण से भारत की ऊर्जा मांग बढ़ेगी




**पुणे।** भारत में मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित डिजिटल प्रणालियों का विस्तार तेजी से हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप अगले दो दशकों में देश की बिजली मांग लगभग दोगुनी होने की संभावना है। हालांकि, केवल बिजली उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन (प्रदूषण) को नियंत्रित करना वास्तविक चुनौती होगी, ऐसा मत उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने व्यक्त किया। यह महत्वपूर्ण संदेश पुणे स्थित एमआईटी वर्ल्ड प्लेस यूनिवर्सिटी में आयोजित 29वें 'एनुअल इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट इंटरएक्शन प्रोग्राम' के दौरान दिया गया। एमआईटी स्टूडेंट चैप्टर द्वारा आयोजित इस विशेष सत्र में विश्व की अग्रणी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से बीपी, एक्सॉनमोबिल, बेकर ह्यूजेस, शेवरॉन और क्वोरम सॉफ्टवेयर के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर "रिस्किल. रिवायर, रीइग्नाइटः कम कार्बन उत्सर्जन के लिए कुशल इंजीनियर" विषय पर एक विशेष पैनल चर्चा आयोजित की गई। भारत वर्तमान में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है।

### सैमसंग ने एआई स्मार्टफोन को 'प्री-रिजर्व' के लिए विशेष लाभों की घोषणा की

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256जीबी से 512जीबी तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपए की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा सैमसंग.कॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेजन इन,फ्लिपकार्ट.कॉम और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

## अब रोजमर्रा की डिजिटल बैंकिंग में मिलेगा सिबिल स्कोर और रिपोर्ट का एक्सेस

# एसबीआई और ट्रांसयूनियन सिबिल ने साझेदारी में की 'योनो एप' की घोषणा

एजेंसी ⏭ मुंबई

ट्रांसयूनियन सिबिल ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के यू ओनली नीड वन (योनो) एप में उपभोक्ताओं के लिए सिबिल स्कोर और सिबिल रिपोर्ट को एकीकृत करने की घोषणा की है। इस सहज एकीकरण के जरिए बैंक के ग्राहक एप का इस्तेमाल करते समय सुरक्षित रूप से अपना सिबिल स्कोर और विस्तृत क्रेडिट जानकारी देख और ट्रैक कर सकेंगे।

योनो एप पर सिबिल स्कोर और संबंधित सुविधाओं का यह एकीकरण क्रेडिट जागरूकता को रोजमर्रा की बैंकिंग के केंद्र में लाता है और उपभोक्ताओं को आसान क्रेडिट जानकारी के माध्यम से अधिक सूचित वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। दिसंबर 2025 में लांच किया गया योनो का अपडेटेड संस्करण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एकीकृत डिजिटल बैंकिंग "ऑल-इन-वन सुपर एप" है, जो बैंकिंग, खरीदारी, बीमा, निवेश, बुकिंग और रोजमर्रा की सेवाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है। यह विभिन्न उपकरणों पर सहज रूप से काम करता है और व्यक्तिगत अनुभव तथा खर्च विश्लेषण प्रदान करता है, जिससे ग्राहक सुरक्षित, स्मार्ट और सहज डिजिटल अनुभव के माध्यम से अपनी वित्तीय और जीवनशैली संबंधी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। ट्रांसयूनियन सिबिल और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच यह सहयोग भारत के वित्तीय इकोसिस्टम में अहम भूमिका निभाने वाली दो संस्थाओं को एक साथ लाता है। देश के सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले डिजिटल बैंकिंग मंच जिस पर लाखों सक्रिय ग्राहक भरोसा करते हैं में सिबिल स्कोर और अन्य सुविधाओं को शामिल करके, यह पहल उपभोक्ता जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के ट्रांसयूनियन सिबिल के प्रयासों को दर्शाती है।



## यूनियन बैंक ने ईएसजी प्रमाणन कार्यक्रम नामक 'एक उद्योग-अग्रणी प्रमाणन' शुरू किया

एजेंसी ⏭ मुंबई

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने मुंबई क्लाईमेट वीक (एमसीडब्ल्यू) 2026 में सहभागिता की है, जो जलवायु कार्रवाई में तेजी लाने के लिए ग्लोबल साउथ सिटी-नेतृत्व वाला मंच है, जिसका आयोजन जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी, मुंबई में किया गया। बैंक ने भारतीय उद्योग के लिए महत्वाकांक्षा को निवेश योग्य कार्रवाई में बदलने में मदद करने के लिए प्रमुख थिंक टैंक (विचारकों) के साथ संयुक्त रूप से विकसित तीन लीडरशिप दस्तावेजों का भी अनावरण किया। बैंक ने क्षमता निर्माण के लिए भारतीय बैंकों के लिए ईएसजी प्रमाणन कार्यक्रम नामक एक उद्योग-अग्रणी प्रमाणन शुरू किया है, जिसे बैंक ने सीपीआई (जलवायु नीति पहल) के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया है। बैंक ने कम कार्बन उत्सर्जन वाले क्षेत्रों के परिवर्तन पर श्यूनियन बैंक जलवायु संवादश का आयोजन किया, जिसमें उद्योग प्रतिनिधियों, थिंक टैंक (विचारकों), विनियामकों, वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, रेटिंग एजेंसियों और अन्य हितधारकों ने सहभागिता की है।संवाद के दौराम कम कार्बन तकनीकों, उपलब्ध डेटा से संबंधित चुनौतियों, नीतिगत अपेक्षाओं, विनियामक विकास, मांग पक्षीय दबाव और परिवर्तन के लिए उपलब्ध वित्तीय साधनों पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सारनी (म.प्र.)

Phone& fax No. 07146-256400, Email - cmosarni@mpurban.gov.in

क्रमांक/लोनिवि/ई टेण्डर/2026/1919 :: निविदा सूचना :: सारणी दिनांक 11/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_482118_1 11.02.2026 | 1) Fly ash brick work with (1:6) cement Mortar (CUM), 2) Cement Plaster 12 mm thick (1:4) cement Mortar (SUM) 3) Sod Excavation work (CUM) 4) M-15 (1:2:4) Concrete (CUM), 5) Profile sheet Gl Sheet) 0.45 mm thick with providing & fixing complete (SOM) 6) Structural steel work riveted, bolted or welded in build up sections, trusses and framed work, including cutting, hoisting, fixing in position and applying a priming coat of approved steel primer all complete As per direction of Engineer-in-charge. (KG) | 1. वर्ष में आवश्यकतानुसार<br>2. 25.00 लाख | 1. 5000.00<br>2. 18750.00 | 17.03.2026 |

टीपः निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सारनी



## भारत-ऑस्ट्रेलिया पहला वनडे : हरमनप्रीत और स्मृति की फिफ्टी गई बेकार

# ऑस्ट्रेलिया ने 70 गेंद पहले हासिल किया 214 का लक्ष्य, भारतीय टीम को 6 विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड चैंपियन भारत को पहले वनडे मुकाबले में छह विकेट से पीट दिया। ब्रिस्बेन में खेले गए मुकाबले में उसे जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य मिला था। बेथ मूनी (76) और एलिसा हीली (50) के अर्धशतकों से 70 गेंद पहले ही जीत हासिल कर ली। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 214 रन का स्कोर बनाया था। भारत की तरफ से हरमनप्रीत कौर (53) और स्मृति मांधना (58) ने फिफ्टी बनाई थी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया को जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। महिला वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल के बाद यह भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच पहला वनडे मुकाबला था। साथ ही यह एलिसा हीली की आखिरी इंटरनेशनल सीरीज भी है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने जबरदस्त अंदाज में खेल दिखाया।

### भारत ने जीता टॉस, चुनी बैटिंग

टॉस का सिक्का भारत के पक्ष में गिरा और उन्होंने बैटिंग करना चुना। यह फैसला गलत साबित हुआ। चार महीने बाद वापसी कर रही प्रतिका रावल दो गेंद खेल सकी और बिना खाता खोले मेगन शूट का शिकार हो गई। उनकी वापसी के चलते शेफाली वर्मा को नंबर तीन पर बैटिंग के लिए आना पड़ा और वह भी नाकाम रही। 17 गेंद में चार रन बनाने के बाद उन्हें डार्सी ब्राउन ने आउट किया। जेमिमा रॉड्रिग्स आठ रन बनाकर एश्ले गार्डनर का शिकार बनी। 52 पर तीन विकेट गिरने के बाद मांधना और हरमनप्रीत साथ आईं। इन्होंने चौथे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की।

### बेथ और एनाबेल ने की शानदार बैटिंग



### सदरलैंड ने लगाया जीत का छक्का

आखिरी इंटरनेशनल सीरीज खेल रही हीली 70 गेंद में चार चौकों से 50 रन बनाने के बाद क्रांति गोड की गेंद पर आउट हुई। यहां से मूनी और एनाबेल सदरलैंड ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 85 रन की पार्टनरशिप हुई। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत के करीब पहुंच गई। जब लक्ष्य 11 रन दूर था तब मूनी को दीप्ति ने आउट कर दिया। लेकिन सदरलैंड ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह 44 गेंद में 48 रन बनाकर नाबाद रही।

### चोट के कारण हरमनप्रीत ने नहीं की फील्डिंग

कप्तान हरमनप्रीत कौर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे के दौरान चोट लग गई। उन्हें बैटिंग के दौरान घुटने में चोट लगी। इसकी वजह से हरमनप्रीत कौर फील्डिंग के नहीं उतरी। उनकी जगह स्मृति मांधना ने टीम का नेतृत्व किया। बीसीसीआई ने बताया कि हरमनप्रीत मेडिकल टीम की निगरानी में है। महिला वर्ल्ड कप 2025 जीतने के बाद भारतीय महिला टीम का यह पहला वनडे मुकाबला है। हरमनप्रीत कौर को कब और कैसे चोट लगी यह साफ नहीं हो पाया। हालांकि भारतीय पारी के 38वें ओवर में उन्होंने फिजियो की मदद ली थी। भारतीय कप्तान ने पांचवें नंबर पर आकर 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। भारत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया को भी चोटों के मोर्चे पर जूझना पड़ रहा है।

### हरमनप्रीत-काश्वी ने कराया 200 पार

मांधना ने 68 गेंद का सामना किया और सात चौकों से 58 रन की पारी खेली। उन्हें ताहलिया मैक्ग्रा ने रवाना किया। दीप्ति शर्मा (2) और ऋचा घोष (23) भी लंबी पारी नहीं खेल पाई। छह विकेट पर 140 रन के स्कोर से हरमनप्रीत और काश्वी गौतम (43) ने टीम को उबारा। दोनों के बीच 53 रन की साझेदारी हुई।



### ऑस्ट्रेलिया के ओपनर्स का आतिशी खेल

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान हीली और फीबी लिचफील्ड ने शानदार शुरुआत दी। दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी हुई। श्री चरणी ने लिचफील्ड को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज छह चौकों से 32 रन बनाकर आउट हुई।

## पाकिस्तान के लिए बेहद कठिन हुई राह

# ब्रूक की कप्तानी पारी से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी इंग्लैंड




एजेंसी ▶▶| पल्लेकल

इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप के बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हराया। इंग्लैंड के लिए कप्तान हैरी ब्रूक ने शतक लगाया, जिससे टीम लक्ष्य का पीछा सफलतापूर्वक कर सकी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

इंग्लैंड के लिए ब्रूक ने सर्वाधिक 100 रन बनाए जिससे टीम ने सुपर आठ में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस तरह सेमीफाइनल में जगह बना ली है, जबकि पाकिस्तान के लिए आगे की राह बेहद कठिन हो गई है। पाकिस्तान का पिछला मुकाबला बारिश में धुल गया था और अब उसका एक मैच शेष है। अगर पाकिस्तान की टीम ये मुकाबला जीत भी लेती है तो उसके तीन ही अंक होंगे। वहीं, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के पास पाकिस्तान को पीछे छोड़ने का मौका होगा। इंग्लैंड के लिए ब्रूक के अलावा कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। इंग्लैंड की सर्वाधिक बार लगातार टी20 विश्व कप के पहुंचने सेमीफाइनल वाली टीम बन गई है। इंग्लैंड ने लगातार पांचवीं बार ऐसा किया है। उसने इस मामले में पाकिस्तान और श्रीलंका को पीछे छोड़ा। पाकिस्तान और श्रीलंका ने लगातार चार बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इंग्लैंड की टीम 2016, 2021, 2022, 2024 और 2026 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है।

इंग्लैंड के लिए इस मैच में ब्रूक के अलावा अन्य सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे। इंग्लैंड के लिए सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। ब्रूक के अलावा विल जैक्स और सैम करन ही दहाई अंक का आंकड़ा पार कर सके। विल जैक्स ने 23 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 28 रन और करन ने 15 गेंदों पर एक चौका की मदद से 16 रन बनाए।

## खबर संक्षेप




### हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी: सैमन्स

**मुंबई।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी। सैमन्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' उन्होंने कहा, ' इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।'

### हेटमायर की प्रतिभा बेकार जा रही थी : होप




**मुंबई।** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा कि शिमरोन हेटमायर मौजूदा टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं और इस बात पर अफसोस जताया कि पहले बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने पर इस बिग हिटर का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था। होप ने कहा, 'वह (हेटमायर) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है उसको देखकर मुझे लगता है की बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से उनकी प्रतिभा कुछ हद तक बेकार गई। वह इतना अच्छा बल्लेबाज है कि किसी भी तरह की स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है फिर चाहे वह स्पिन हो या तेज गेंदबाजी।' उन्होंने कहा, 'वह तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं। वह इस नंबर पर पूरी तरह स्वच्छंद होकर खेलते हैं और हम उनसे यही चाहते हैं। इस टूर्नामेंट में वह हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं।

# कराटे के प्रबंधन के लिए गठित हो समिति : खेल मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से देश में कराटे के संचालन के लिए एक तदर्थ (एड-हॉक) समिति गठित करने को कहा है क्योंकि कई संगठन इस खेल का राष्ट्रीय महासंघ होने का दावा कर रहे हैं, जिससे /"व्यवस्थित प्रशासन/" प्रभावित हो रहा है और खिलाड़ियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा कि कराटे इस वर्ष एशियाई खेलों की सूची में शामिल है, इसलिए इसके सुशासन की संरचना सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस स्पर्धा में कुल 56 पदक दांव पर हैं। कराटे हालांकि 2024 ओलंपिक का हिस्सा नहीं था। मंत्रालय ने पत्र में कहा, ' मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से अनुरोध करता है कि संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघ से परामर्श कर एक अंतरिम या तदर्थ समिति गठित की जाए, जो कराटे खेल के कार्यों की देखरेख और प्रबंधन करे।




# जम्मू कश्मीर की मजबूत पकड़, पुंडीर का शतक

## रणजी ट्रॉफी फाइनल : पहले दिन जम्मू कश्मीर ने बनाए 2 विकेट पर 284 रन

एजेंसी ▶▶| हुबली

जम्मू-कश्मीर ने केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर जारी रणजी ट्रॉफी एलीट के फाइनल मुकाबले में पहले दिन के खेल तक अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। मंगलवार को दिन की समाप्ति तक इस टीम ने 2 विकेट खोकर 284 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू-कश्मीर की शुरुआत निराशाजनक रही। टीम ने 18 के स्कोर पर कामरान इकबाल का विकेट खो दिया था। इकबाल टीम के खाते में सिर्फ 6 रन ही जुटा सके। इसके बाद यावर हसन ने शुभम पुंडीर के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन जुटाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### प्रसिद्ध एकमात्र सफल गेंदबाज

हसन ने 150 गेंदों का सामना करते हुए 13 चौकों की मदद से 88 रन बनाए। यहां से शुभम पुंडीर ने कप्तान पारस डोगरा के साथ 22 रन की साझेदारी की। कप्तान पुंडीर 9 के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे, जहां से पुंडीर ने अब्दुल समद के साथ मोर्चा संभाला। दिन की समाप्ति तक दोनों बल्लेबाजों ने 144 गेंदों में 105 रन की साझेदारी कर ली है। पहले दिन के खेल तक शुभम पुंडीर 221 गेंदों में 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ नाबाद 117 रन बना चुके थे, जबकि अब्दुल समद ने 67 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 52 रन अपने खाते में जोड़ लिए हैं। कर्नाटक की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा एकमात्र सफल गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने 16 ओवरों में 36 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

### ये हैं प्लेइंग इलेवन

**जम्मू-कश्मीर:** कामरन इकबाल, यावर हसन, शुभम पुंडीर, पारस डोगरा (कप्तान), अब्दुल समद, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), आबिद मुश्ताक, औकिब नबी डार, युद्धवीर सिंह चरक, साहिल लोत्रा और सुनील कुमार।

**कर्नाटक :** केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल (कप्तान), करुण नायर, स्मरण रविचंद्रन, श्रेयस गोपाल, कृतिक कृष्णा (विकेटकीपर), विद्याधर पाटिल, विजयकुमार वैशाक, शिखर शेट्टी और प्रसिद्ध कृष्णा।

# दिल्ली में शुरू हुई पैरा तैराकी कार्यशाला

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से तीन दिवसीय पैरा तैराकी कोचिंग कार्यशाला शुरू हुई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैराकी परिसर में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ और कोच भारत में पैरा तैराकी को बेहतर बनाने पर चर्चा करेंगे।



ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में भी तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने उद्घाटन समारोह के दौरान ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन को शॉल भेंट की। ग्रीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पैरा खेलों में अपनी विशेषज्ञता भारत के साथ साझा करने के लिए तैयार है। ग्रीन ने कहा, 'पैरा तैराकी को बढ़ावा देने के लिए भारत में विशेषज्ञता लाने से हम बेहद खुश हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत का संबंध मुख्य रूप से क्रिकेट से जुड़ा रहा है, लेकिन जैसे-जैसे भारत वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर रहा है उसे देखते हुए ऑस्ट्रेलिया उसके साथ एक भागीदार के रूप में बने रहना चाहता है।'

# प्राग शतरंज महोत्सव : साल की पहली सफलता पर डी. गुकेश की निगाह

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं।



गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानंदा खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं। गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है, जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं।

## मैक्सिकन ओपन

# किप्सन ने किया बड़ा उलटफेर, दो बार के चैंपियन मिनौर को हराया



एजेंसी ▶▶| अकापुल्को

अमेरिका के पैट्रिक किप्सन ने मैक्सिकन ओपन के पहले राउंड में बड़ा उलटफेर किया है। उन्होंने छठी सीड और दो बार के चैंपियन एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ 6-1, (4)6-7, 7-6(4) से जीत दर्ज की। यह साल 2024 में इंडियन वेल्स के बाद उनकी पहली टूर-लेवल जीत थी। यह मैक्सिकन टूर्नामेंट में किप्सन का पहला मैच था, इत्तेफाक से उसी हफ्ते उन्होंने अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग हासिल की थी। दूसरी ओर, डी मिनौर दो हफ्ते पहले रॉटरडैम में खिताब जीतने के बाद अपना पहला इवेंट खेल रहे थे। किप्सन ने एलेक्स डी मिनौर की सर्विस तोड़कर मैच का पासा पलट दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आखिरी सेट में 5-4 से जीत हासिल की, और फिर दो घंटे 39 मिनट में एक मुश्किल मुकाबला खत्म किया।

### पैट्रिक ने तीन ब्रेक चांस को पाइंट में बदला

एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, अमेरिकन खिलाड़ी ने अपनी पहली सर्व के बाद शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें से 71 प्रतिशत प्वाइंट्स (68 में से 48) हासिल किए, और अपने मौकों का पूरा फायदा उठाते हुए पांच में से तीन ब्रेक चांस को गोल में बदला। मैच के बाद किप्सन ने कहा, मुकाबला जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। सब कुछ जरूरी था। मुझे अच्छी सर्व करनी थी। मुझे अच्छा रिटर्न करना था। मैंने अपना फोरहैंड बहुत जोरदार मारा। किस्मत से, मैं ये चीजें काफी लंबे समय तक कर पाया। किप्सन इस हफ्ते अपने करियर में वर्ल्ड नंबर 103 हैं। वह एटीपी लाइव रैंकिंग में सात पायदान चढ़कर 93वें नंबर पर आ गए हैं। 26 वर्षीय किप्सन 2025 में सर्वाधिक 4 एटीपी चैलेंजर टाइटल जीतने वाले छह खिलाड़ियों में शामिल थे। दूसरे राउंड में, उनका मुकाबला ब्रैंडन नाकाशिमा से होगा, जिन्होंने इलियास यमर को 6-3, 6-4 से मात दी थी।

## मुंबई हाफ मैराथन जीतने के बाद हो गई थीं गायब

# डोप टेस्ट से भागीं पूजा, लगा 3 साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 में मुंबई हाफ मैराथन की फिनिश लाइन पार करते वक्त पूजा आत्माराम के चेहरे पर जीत की चमक थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में तस्वीर बदल गई। स्वर्ण पदक जीतने के बाद जब उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुने जाने की सूचना मिली, तो घटनाक्रम ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया।

रिपोर्ट के अनुसार, एक चैपरोन पूजा आत्माराम को डोपिंग कंट्रोल स्टेशन की ओर ले जा रहा था। भीड़, थकान और तनाव के बीच वह अचानक दिशा बदलकर भीड़ में गायब हो गई। इसके बाद न तो उनका सैंपल लिया जा सका और न ही अधिकारी पूजा से संपर्क कर पाए। एंटी-डोपिंग नियमों के तहत सैंपल देने से इनकार या टेस्ट प्रक्रिया से बचना गंभीर




उल्लंघन माना जाता है। इसके चलते पूजा आत्माराम को तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। हालांकि, आरोप की सूचना मिलने के एक सप्ताह के भीतर पूजा ने गलती मानते हुए माफी मांगी। इसे ध्यान में रखते हुए एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने चार साल के संभावित प्रतिबंध को एक साल घटाकर तीन साल कर दिया।

### लंबी दूरी की धाविका हैं पूजा

प्रतिबंध तीन फरवरी से लागू होगा। एआईयू ने यह भी कहा कि 23 नवंबर 2025 और उसके बाद के पूजा आत्माराम के नतीजे डिसक्वालिफाई माने जाएंगे। 30 वर्षीय पूजा आत्माराम मुख्य रूप से 5000 मीटर और 10 हजार मीटर स्पर्धाओं में हिस्सा लेती हैं। साल 2024 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए वह इंडियन ग्रैंड प्रिक्स 2 में तीसरे स्थान पर रही थीं, जो अब तक का उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन है।

### टेस्ट से बचने भीड़ में गायब

एआईयू के विस्तृत फैसले में कहा गया कि रेस समाप्त होते ही एक डोपिंग कंट्रोल ऑफिसर और लीड ने उन्हें टेस्टिंग के लिए चुने जाने की जानकारी दी थी। इसके बावजूद पूजा आत्माराम ने डोपिंग कंट्रोल फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसके बाद चैपरोन के साथ डीसीएस की ओर जाते समय वह अचानक विपरीत दिशा में दौड़ पड़ीं और भीड़ में ओझल हो गईं।

### कौन होता है चैपरोन?

खेल में चैपरोन को एथलीट सहायक या पर्यवेक्षक भी कहते हैं। चैपरोन वह अधिकृत व्यक्ति है जो एथलीट्स के साथ रहता है, उनकी देखरेख करता है और उनकी सुरक्षा, भलाई और सही व्यवहार की तस्दीक करता है। रेस डायरेक्टर और लीड डीसीओ ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार उनका सैंपल एकत्र नहीं किया जा सका। इस मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई इस साल तीन फरवरी को शुरू हुई। बाद में अपराध स्वीकारने के आधार प्रतिबंध में एक वर्ष की कमी दी गई।




### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिया विधानसभा सत्र के दौरान सदन में संबोधन

# मालवांचल के भगोरिया लोकोत्सव को सरकार ने राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का लिया निर्णय



**सीएम ने कहा, हम भी शामिल होंगे, वहीं कृषि कैबिनेट करेंगे**

**सीएम, विस अध्यक्ष तोमर ने दी सभी को पर्व की बधाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि मालवांचल के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में फाग पर्व के रूप में मशहूर भगोरिया लोकोत्सव को सरकार ने राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय बहुल बड़वानी, धार और झाबुआ दो सेक्टर्स में सरकार कृषि कैबिनेट आयोजित करने की तैयारी कर रही है।

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि उन्होंने कहा कि हम भगोरिया पर्व में भी शामिल होंगे और यहीं पर कृषि कैबिनेट भी करेंगे, जिससे सामाजिक उत्सवों के प्रोत्साहन के साथ इस अंचल और यहां के निवासियों के विकास में मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता भी दिखाई दे। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार की ओर से तथा विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने पूरे सदन की तरफ से प्रदेश के सभी जनजातीय बन्धुओं को 24 फरवरी से प्रारंभ हो रहे भगौरिया लोकपर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। सदन में इससे पहले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी भगौरिया पर्व की जानकारी देते हुए सभी को आमंत्रित किया।

## राहुल गांधी रार, हुड़दंग और लफंगई का बन गए हैं मिश्रणः सारंग

राजधानी भोपाल में किसान चौपाल में शामिल होने आए राहुल गांधी के दौरे पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश की राजनीति में अराजकता, भ्रम और अस्थिरता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। सारंग ने कहा कि राहुल गांधी स्वयं को मोहब्बत की दुकान चलाने वाला बताते हैं, लेकिन उनके बयान और कृत्य देश के खिलाफ वातावरण बनाने वाले और राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आने वाले होते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता की भूमिका निभा रहे हैं। सारंग ने कहा कि राहुल के नाम की मीमांसा की जाए तो 'रा' का मतलब रार, 'हु' का मतलब हुड़दंग और 'ल' का मतलब लफंगई है। राहुल गांधी रार, हुड़दंग और लफंगई का मिश्रण बन गए हैं, जो देश की गरिमा और राजनीतिक मयार्दा को लगातार ठेस पहुंचाने का काम करते है। सारंग ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन के माध्यम से चीन से चंदा लेने से जुड़े मामलों पर भी कांग्रेस को देश के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास करते रहे है।



## भोपाल मास्टर प्लान में देरी पर सदन में घमासान, जयवर्धन सिंह के आरोपों पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दी सफाई

मध्य प्रदेश विधानसभा में नगरीय विकास विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान राजधानी भोपाल के मास्टर प्लान को लेकर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने आ गए। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने मास्टर प्लान जारी होने में हो रही देरी पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका खामियाजा शहर के हर नागरिक और व्यापारी को भुगतना पड़ रहा है।

जयवर्धन सिंह ने कहा कि भोपाल का मास्टर प्लान लगभग 20 वर्षों से लंबित है। समय पर मास्टर प्लान जारी न होने से शहर का विकास अव्यवस्थित तरीके से हो रहा है, जिससे यातायात, आवास, व्यावसायिक गतिविधियों और बुनियादी ढांचे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही और कथित मिलीभगत के कारण 22 करोड़ रुपए का टेंडर बढ़कर 72 करोड़ तक पहुंच गया, जो गंभीर वित्तीय अनियमितता की ओर इशारा करता है। स्वच्छता के मुद्दे पर भी जयवर्धन ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि इंदौर स्वच्छता अभियान में देश में अग्रणी है, लेकिन प्रदेश के कई जिलों में स्वच्छता के लिए आवंटित राशि खर्च नहीं हो पा रही। उन्होंने पूरे प्रदेश में 'इंदौर मॉडल' लागू करने की मांग करते हुए कहा कि विकेंद्रीकरण, घर-घर कचरा संग्रहण और वैज्ञानिक निष्पादन की व्यवस्था से सभी शहरों को साफ-सुथरा बनाया जा सकता है। जयवर्धन ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के साथ साझेदारी कर मॉडल सिटी की अवधारणा पर काम करने का सुझाव भी दिया।





### मेट्रो की सफलता का बताया मंत्री ने राज

मेट्रो परियोजना पर उन्होंने कहा कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो तभी सफल होगी, जब उसे अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाएगा। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नया मास्टर प्लान डेढ़ वर्ष पहले ही तैयार कर लिया गया है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसे शीघ्र जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि शहरों के विकास के लिए तकनीक आधारित और दीर्घकालिक योजनाओं पर काम किया जा रहा है।

### जीआईएस मैपिंग के जरिए हो रहा सर्वे

विजयवर्गीय ने बताया कि भोपाल और इंदौर में टीडीआर प्रणाली लागू की जा रही है, जिससे सुनियोजित विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड टाउनशिप की अवधारणा पर भी काम चल रहा है, ताकि अमेरिका और इंग्लैंड की तर्ज पर आधुनिक शहरी ढांचा विकसित किया जा सके।

### निकायों को मिलेगा 750 करोड़ का विशेष फंड

उन्होंने नगर निगमों को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जो निकाय बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उन्हें 750 करोड़ के विशेष फंड से प्रोत्साहन दिया जाएगा। मंत्री ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा 952 ईवी बसें उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी।

### हंगामे के बीच स्थगित हुई विधानसभा की कार्रवाई

चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। अंततः अध्यक्ष ने दिनभर की कार्यवाही स्थगित करते हुए सदन को अगले दिन सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### यात्री के जूते कुतरे, रेल मंत्री को बताई समस्या

## रेवांचल के एसी कोच में चूहों की धमाचौकड़ी से उड़ी यात्रियों की नींद पूरे सफर में परेशान होते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल यात्री सफर के दौरान अभी तक गंदगी को अधिक शिकायत करते रहे हैं, लेकिन भोपाल रेल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्री चूहों से परेशान हैं। इसको लेकर लगातार शिकायतें देखने को मिल रही हैं।

ट्रेनों के कोच चूहों का ठिकाना बनने लगे हैं। यात्रियों के बैग, सामान और बर्थ तक चूहों ने काटना शुरू कर दिया है। सोमवार को रीवा से चलकर भोपाल आने वाली रेवांचल एक्सप्रेस के एस-1 कोच में सफर कर रहे विनायक सिंह का कहना है कि कोच में चूहों की धमाचौकड़ी से यात्री परेशान होते रहे। एक यात्री के शूज को कुतर दिया है, तो वहीं कई यात्रियों की इस समस्या के चलते नींद उड़ गई, बच्चों के साथ सफर करे यात्री अपने बच्चों पर नजर रखे रहे, इसके चलते वे सो नहीं पाए।



### चूहों व कॉकरोच के आतंक से यात्री हो रहे परेशान

पिछले एक साल में भोपाल रेल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों में इस तरह की शिकायत देखने को मिली है। तो भोपाल एक्सप्रेस में इस तरह की शिकायत देखने मिली थी। रेलवे सूत्रों के अनुसार चूहों द्वारा नुकसान पहुंचाने संबंधी 75 से ज्यादा शिकायतें हर साल रेलवे बोर्ड तक पहुंचती हैं।

### रेल मंत्री को टैग कर बताई समस्या

विनायक सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 12185 रेवांचल एक्सप्रेस एस-1 कोच में सफर कर रहे थे। ट्रेन के कोच की सीट के ऊपर-नीचे लगातार पहले किसी कीड़े होने का एहसास हो रहा था। इस दौरान एक यात्री की नजर शूज पर पड़ी, तो देखा वह कुतरा हुआ था। यात्रियों ने जब लगातार नजर रखी, तो देखा कि चूहा कोच में चहल कदमी कर रहा है। यात्रियों ने पहले ट्रेन के टीटीई स्टाफ को परेशानी बताई तो उन्होंने दिखवाने की बात कही, लेकिन ट्रेन के कई स्टेशन निकलने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिसके बाद रेल मंत्री और रेलवे सेवा पर समस्या को लेकर टैग किया।

### बड़ा सवाल-कहां खर्च हो रहे 19 करोड़?

सूत्रों के अनुसार, भोपाल रेल मंडल में 103 एसी कोचों पर चूहों और कॉकरोच की समस्या दूर करने पेस्ट कंट्रोल के लिए 19 करोड़ 82 लाख रुपए से ज्यादा खर्च हो रहे हैं। यानी हर कोच पर 19.25 लाख रुपए खर्च हो रहे हैं। इसके बावजूद चूहों और कॉकरोच से यात्री परेशान हैं।

### कर्मचारी परिसंघ करेगा समयमान वेतनमान को लेकर आंदोलन

**भोपाल।** एक वर्ष से उच्च समयमान वेतनमान प्रकरण लंबित रखें जाने के विरोध में शासकीय कर्मचारी परिसंघ आंदोलन करेगा। परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने बताया कि जल संसाधन विभाग में सहायक ग्रेड-3 के उच्च समयमान वेतनमान दिए जाने के प्रकरण को विगत एक वर्ष से लंबित करके रखा गया है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग में आरक्षित वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सवर्ण कर्मचारियों के उच्च समय मान वेतनमान के प्रकरण को विगत एक वर्ष से लंबित रखकर बेवजह परेशान किया जा रहा है। परिसंघ के प्रतिनिधियों द्वारा प्रमुख अभियंता कार्यालय में ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि अगर दो मार्च तक सहायक ग्रेड 3 के कर्मचारियों को उच्च समय मान वेतनमान के प्रकरण का निराकरण करके उच्च वेतनमान का लाभ नहीं दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में शासकीय कर्मचारी परिसंघ द्वारा पांच मार्च से आंदोलन शुरू करेगा।

### फर्जी पतों पर अफगानियों का हो गया पुलिस वेरिफिकेशन

## एटीएस ने पकड़ा फर्जी पासपोर्ट बनवाने वाला गिरोह, अब तक 11 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाले 44 फर्जी पासपोर्ट प्रकरण में एटीएस ने संगठित गिरोह का खुलासा हुआ है। बिना शहर में उपस्थित हुए अस्तित्वहीन पतों पर विदेशी नागरिकों के पासपोर्ट जारी किए गए। एटीएस ने कोलकाता से 5 अफगान नागरिक-जिया उल रहमान, सुल्तान मोहम्मद, रजा खान, सैयद मोहम्मद और जफर खान को गिरफ्तार किया। सभी को जबलपुर की विशेष अदालत में पेश कर 25 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

जांच में 300 मोतीनाला तालाब सदर, 410 उपरैनगंज और 870 छोटी ओमती जैसे पते फर्जी पाए गए, फिर भी पुलिस वेरिफिकेशन पूरा कर चार पासपोर्ट जारी कर दिए गए। आरोपियों ने पोस्टमैन को 3 हजार रुपए रिश्वत देकर पासपोर्ट बीच रास्ते में ले लिए। इस पूरे नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब मुख्य आरोपी सोहबत खान ने सोशल मीडिया पर एके-47 के साथ तस्वीर साझा की। अगस्त 2025 में उसकी गिरफ्तारी के बाद नेटवर्क खुला। वह 2015 में पश्चिम बंगाल के रास्ते भारत आया और जबलपुर की छोटी ओमती में रहा। सोहबत ने सबसे पहले अकबर नाम के व्यक्ति का पासपोर्ट बनवाने के लिए 2 से 2.5 लाख रुपए लिए। इसके फर्जी दस्तावेज तैयार कराने में दिनेश गर्ग, महेंद्र कुमार सुखदान और चंदन सिंह की भूमिका सामने आई। मामले में अब तक 11 गिरफ्तार हो चुके हैं और 10 संदिग्धों की तलाश जारी है। जबलपुर पुलिस ने वेरिफिकेशन की आंतरिक जांच शुरू की है।

ये सभी 2018-19 में काबुल से कोलकाता पहुंचे थे। इनमें सुल्तान मेडिकल वीजा पर, जबकि अन्य 4 अवैध रूप से देश में दाखिल हुए। इनकी मुलाकात जबलपुर के सोहबत खान से हुई, जिसने प्रति व्यक्ति ढाई लाख रुपए में भारतीय पासपोर्ट बनवाने का सौदा किया।



### हत्या का प्रयास के दोषियों को 5 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** छुरी एवं चाकू मारकर तथा पिस्टल से युवक की हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी अजय पंवार, अजय बमनेरे, उमेश बमनेरे , नीलेश उर्फ नीलू बमनेरे, गोलू राठौर एवं सुरेश मेनन को अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 7500 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार थाना टीटी नगर अंतर्गत 21 अगस्त 2019 को शास्त्री नगर में फरियादी सुधीर डेहरिया को पुराने विवाद को में आरोपीगण ने छुरी तथा पिस्टल से घायल कर दिया था। साथियों ने युवक को नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने फरियादी युवकों के बयान दर्ज कर आरोपीगण के विरूद्व हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण विवेचना करने के बाद जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

### कल के बाद बढ़ेगा पारा, 27 को फिर बदल सकता है मौसम

# छिंदवाड़ा और बैतूल में ओले, भोपाल में बादल, सीहोर में हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर के कुछ हिस्सों में अभी मौसम बदला हुआ है। मंगलवार को छिंदवाड़ा और बैतूल के अंचल में कुछ जगह आंधी के साथ हल्की बारिश और ओले गिरे। भोपाल में सुबह धूप रही, दोपहर बाद से बादलों का आना-जाना रहा। इससे दिन के तापमान में 1.2 डिग्री की बढ़त के साथ पारा 32.2 डिग्री रहा। रात का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 15.2 डिग्री रहा। सुबह से शाम 5 बजे के बीच अलावा सिवनी, रतलाम, उज्जैन, बालाघाट, मंडला, खंडवा, सीहोर, रायसेन, इंदौर, अनूपपुर और डिंडोरी जिलों में भी हल्की बारिश हुई। इससे इन जिलों में दिन के पारे में औसतन एक डिग्री की कमी आई, जबकि शेष प्रदेश में पारा बढ़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, अनुपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

### भोपाल में देर शाम बादल गहराएंगे, हल्की बूंदाबांदी के भी आसार



शाम 5.10 बजे रेत घाट से मौसम का नजारा।

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश के कई हिस्सो में बारिश और आंधी का दौर है। सीहोर और रायसेन जिले तक बारिश हुई है, देर शाम भोपाल में बादलों की जमावट बढ़ सकती है। हल्की बूंदावांदी के भी आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में तीन दिन से बना लो प्रेशर एरिया बुधवार तक आगे बढ़कर कमजोर हो जाएगा। इससे जुड़ा साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी कमजोर होगा। इसके अलावा अरब सागर और सौराष्ट्र से लगे हिस्से में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय है। यह एक-दो दिन में आगे बढ़ेगा। इसका ज्यादा असर प्रदेश में नहीं होगा। लेकिन कुछ असर होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930